वर्ष- 11 अंक-174
लखनऊ, रविवार 11 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सुशासन लाने के लिए हुए कई सुधार : मुख्यमंत्री योगी 03

जनजातीय जीवन शैली जलवायु परिवर्तन का समाधान : राष्ट्रपति 12


संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

## रिफॉर्म, परफॉर्म व ट्रांसफॉर्म के रहे पांच वर्ष

▸ सभी के संयुक्त प्रयास से 17वीं लोकसभा में हुआ 97 प्रतिशत काम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन शनिवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रहे। यह बहुत कम होता है कि सुधार हों, काम हों और हम बदलाव को अपनी आंखों के सामने होता हुआ देखें। सत्रहवीं लोकसभा के माध्यम से आज देश अनुभव कर रहा है और मुझे भरोसा है कि देश सत्रहवीं लोकसभा को जरूरत आशीर्वाद देता रहेगा। अध्यक्ष कभी-कभी सुमित्रा हास्य करती थीं, लेकिन आपका चेहरा हमेशा मुस्कराता हुआ रहता है। अनेक परिस्थितियों में आपने संतुलित भाव से इस सदन का मार्गदर्शन और नेतृत्व किया। मैं आपकी प्रशंसा करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, आक्रोश और आरोप के पल आए, लेकिन आपने पूरे धैर्य के साथ पूरी स्थितियों को सूझबूझ के साथ संभाला और सदन को चलाया। इसके लिए भी मैं आपका आभारी हूं। इस पांच वर्ष में इस सदी का सबसे बड़ा संकट पूरी मानव जाति ने झेला। कौन बचेगा, कौन बच पाएगा, कोई किसी को बचा सकता है या नहीं ऐसी वो अवस्था थी। ऐसे में सदन में आना भी संकट का काम था।

देश के काम को आपने रुकने नहीं दिया। सदन की गरिमा भी बनी रहे और देश के आवश्यक कामों को जो गति देनी चाहिए, वो भी बनी रहे, इस काम में सदन की जो भूमिका है, वह पीछे न रहे। इसे आपने कुशलता से संभाला। आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। अपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में तीस विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए।



### कल यूएई जाएंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 13 से 14 फरवरी तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा करेंगे जहां वे अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन करेंगे। वे विश्व सरकार शिखर सम्मेलन 2024 में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लेंगे और शिखर सम्मेलन में एक विशेष मुख्य भाषण देंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को उनकी यात्रा की जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार 2015 के बाद से यह प्रधान मंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात की सातवीं यात्रा और पिछले आठ महीनों में तीसरी यात्रा होगी। यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री मोदी संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा, विस्तारित और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

### अगले 25 साल में हमें भारत को बनाना है विकसित राष्ट्र

बकौल पीएम मोदी, आज मैं देख रहा हूं, बच्चों के मुंह से निकल रहा है कि अगले 25 साल में हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा, 25 साल मेरे देश के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण काल है। मुझे विश्वास है कि हम में से कोई नहीं होगा जो 25 साल में देश का विकास न कर सके। यह लोगों का संकल्प बन रहा है। इन पांच वर्ष में युवाओं के लिए बहुत कानून भी बने हैं। व्यवस्था में पारदर्शिता लाकर युवाओं को कई मौके दिए गए। पेपर लीक जैसी समस्या युवाओं को चिंतित करती थी, हमने बहुत ही कठोर कानून बनाए हैं।

### प्रधानमंत्री ने अनुसंधान की अहमियत भी बताई

ये बात सही है कोई भी मानव जाति अनुसंधान के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। मानव जाति का लाखों साल का इतिहास रहा है, जीवन बढ़ता चला गया है, अनुसंधान चलता रहा है। सदन ने विधिवत रूप से कानून के जरिए अनुसंधान को बढ़ावा देने का काम किया है। नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के जरिए उल्लेखनीय काम हो रहे हैं। इस व्यवस्था के कारण अब भारत दुनिया का रिसर्च हब बन सकता है। हमारे पास बहुत बड़ा टेलेंट हैं। पीएम मोदी ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में शोध और अनुसंधान का लाभ मिलेगा।

### सरकार ने अंग्रेजों के जमाने के कानूनों को बदला

केंद्र सरकार ने 125 साल से अधिक अंग्रेजों के जमाने के पुराने कानून- भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और एविडेंस एक्ट को बदल दिया है। अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून अस्तित्व में हैं। हाल ही में बदले गए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हम 75 वर्षों तक अंग्रेजों की दी गई भारतीय दंड संहिता में ही जीते रहे। हम गर्व से कहेंगे, देश 75 साल दण्ड संहिता में जिया हो लेकिन आने वाली पीढ़ी न्याय संहिता में जिएगी। यही सच्चा लोकतंत्र हैं। नया सदन का प्रारंभ ऐसे काम से हुआ है जो भारत के मूलभूत मान्यताओं को बल देता है, वो है नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण) है।

## जम्मू-कश्मीर में 15 स्थानों पर एनआईए ने की छापेमारी



▸ टीमों ने श्रीनगर में पांच, बडगाम में तीन, कुलगाम में दो, अनंतनाग में एक व जम्मू में चार स्थानों पर विभिन्न संदिग्धों के परिसरों पर की छापेमारी

एजेंसी

**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत गैरकानूनी संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) पर कार्रवाई के तहत शनिवार को जम्मू-कश्मीर में 15 स्थानों पर छापेमारी की। एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि एनआईए की टीमों ने श्रीनगर में पांच, बडगाम में तीन, कुलगाम में दो, अनंतनाग में एक और जम्मू में चार स्थानों पर विभिन्न संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी की।

जम्मू-कश्मीर में जेईआई और उससे संबंधित ट्रस्टों की गतिविधियों से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण व्यापक तलाशी के दौरान जब्त किए गए तथा 20 लाख रुपये से अधिक नकदी भी बरामद हुई। 5 फरवरी 2021 को दर्ज मामले में एनआईए की जांच से अब तक पता चला है कि जेईआई और उसके सदस्यों ने फरवरी 2019 में संगठन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियों को ब?ावा देना जारी रखा। एनआईए ने कहा प्रतिबंधित संगठन के संचालक भारत और विदेशों से दान के माध्यम से धन इकट्ठा कर रहे थे। जेईआई द्वारा जुटाए गए धन को जेईआई कैडरों के संगठित नेटवर्क के माध्यम से अन्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों हिज्ब-उल-मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा आदि को भी भेजा जा रहा था। जेईआई अपनी नापाक और अलगाववादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए जम्मू-कश्मीर में युवाओं को बरगलाकर नये सदस्यों की भर्ती में लगा हुआ था। एनआईए ने पहले इस मामले में चार आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था, जिसमें जांच जारी है।

### तमिलनाडु के 20 स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

कोयंबटूर कार विस्फोट मामला

**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अलग-अलग टीमों ने शनिवार को राज्य के 20 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। आतंकी संगठन आईएसआईएस से संपर्कों के संदेह में तिरुचिरापल्ली, मदुरै, कोयंबटूर जिले में यह कार्रवाई की गई है। एनआईए अधिकारियों ने कोयंबटूर शहर में 11 लोगों के आवासों और ओथकलमंडपम में एक घर पर तलाशी ली। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2022 में कोयंबटूर शहर के कोट्टईमेडु में संगमेश्वर मंदिर के सामने हुए कार विस्फोट के बाद एनआईए अधिकारियों को पता चला कि इस्लामिक क्षेत्रीय अध्ययन केंद्रों का इस्तेमाल भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के लिए किया गया था और पिछले साल मामला दर्ज किया गया था। एनआईए ने 16 सितंबर, 2023 को कोयंबटूर, चेन्नई और हैदराबाद सहित 31 स्थानों पर एक साथ तलाशी ली थी। इस दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप और हार्ड डिस्क जब्त किए गए थे। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की गहनता से जांच में पता चला कि कोयंबटूर के युवाओं के एक वर्ग का आईएसआईएस समर्थकों से संबंध थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आन्ध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में सात की मौत, 15 घायल

**नेल्लोर।** आन्ध्र प्रदेश में नेल्लोर जिले के मुसुनुरु गांव में शनिवार तड़के तीन वाहन आपस में टकराने से सात लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा तब हुआ जब एक बस चेन्नई से हैदराबाद जा रही थी। तभी मुसुनुरु टोल प्लाजा पर एक ट्रक ने दूसरे ट्रक को टक्कर मार दी। उसी दौरान, तेज रफ्तार से आ रही एक निजी ट्रैवल्स बस ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बस में सवार चार यात्रियों, दो ट्रक चालक और निजी बस चालक की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गये। घायलों को कवाली और नेल्लोर के जीजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर ने शनिवार तड़के नेल्लोर जिले के कवाली-मुसुनुरु टोल प्लाजा के पास हुई सड़क दुर्घटना पर दुख और गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। विधायक प्रताप रेड्डी ने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। दुर्घटना के बाद चेन्नई-कोलकाता राजमार्ग के दोनों ओर लगभग तीन किलोमीटर तक वाहन फंसे रहे। पुलिस ने खराब वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। मृतकों की पहचान जारी है।

### बजट पारित होने के साथ ही विस अनिश्चित काल के लिए स्थगित


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा में शनिवार को बजट पारित होने के साथ ही विधान सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गयी है। योगी आदित्यनाथ सरकार का 2024-25 का बजट विधान सभा में शनिवार को बहुमत के साथ पारित हो गया। इससे पहले नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता विरोधी दल अखिलेश यादव समेत अन्य 92 सदस्यों ने भी बजट की चर्चा में अपना वक्तव्य रखे। प्रदेश के विकास पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बजट की चर्चा में शामिल सदस्यों के प्रति आभार जताया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में बजट सत्र स्थगित करने के लिए प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

### निजी बैंक में 2.50 करोड़ के गबन मामले में दो गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित ने बताया, धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।

## सब मिलकर करें हिंदू समाज की चिंता : मोहन भागवत

एजेंसी



**मुरैना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि जैसे शरीर में प्रत्येक अंग की आवश्यकता है। शरीर के हर अंग को सुरक्षित और स्वस्थ रखेंगे, तब ही शरीर स्वस्थ रहेगा। ऐसे ही हम सब मिलकर हिंदू समाज की चिंता करें।

संघ में भले ही सामाजिक सद्भाव कार्य की शुरुआत 2007 से हुई है, लेकिन संघ में जात-पात का भेद प्रारंभ से नहीं है। सामाजिक समरसता के लिए संघ प्रारंभ से कार्य कर रहा है। सरसंघचालक डॉ भागवत शनिवार को मुरैना जिले में आयोजित तीन दिवसीय संघ के प्रांतीय सम्मेलन के अंतिम दिन शनिवार को समाज प्रमुखों से मुलाकात कर उनसे संवाद कर रहे थे। इस दौरान सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत वाल्मीकि समाज के भगवानदास वाल्मीकि, माहौर समाज के नत्थीलाल माहौर, प्रजापति समाज के आशाराम प्रजापति, नागर समाज के राजेंद्र नागर, श्रीवास समाज के मातादीन श्रीवास आदि मौजूद रहे।

## लोस चुनाव से पहले ही लागू होगा सीएए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को 300 से ज्यादा सीट मिलेंगी। जबकि, राजग (एनडीए) 400 से ज्यादा सीट हासिल करेगा। आम चुनाव के नतीजों पर कोई संशय की स्थिति नहीं है। यहां तक कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को भी अहसास हो गया है कि उन्हें फिर से विपक्ष में बैठना होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ये बातें शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहीं।



शाह ने कहा, हमने संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म कर दिया, पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देता था। इसलिए, हमें भरोसा है कि देश के लोग भाजपा को 370 सीटों और एनडीए को 400 से अधिक सीटों का आशीर्वाद देंगे। कार्यक्रम के दौरान उनसे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछा गया। इस पर गृहमंत्री ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) परिवार नियोजन में भरोसा करती है, लेकिन राजनीति में नहीं। शिअद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है।

### विरोधी 'हवन में न डालें हड्डी'

गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को 'नसीहत' दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें और भारत के बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का ख्याल कर इसका स्वागत करें एवं जुड़ें, उसी में देश का भला है। श्री शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुये ये नसीहत दी और कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा की तथा आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है।

### ईडी ने धनशोधन मामले में कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी को भेजा समन

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को समन भेजा है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह मामला लुईस खुर्शीद के नेतृत्व वाले एक ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंगों और उपकरणों के वितरण में सरकारी निधि के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें धन शोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को लखनऊ में ईडी के कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। बरेली में सांसद-विधायक अदालत ने दो दिन पहले इस मामले में लुईस खुर्शीद के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था।

## सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी के लाभ के नियमों में बदलाव

▸ कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया नियमों में बड़ा बदलाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के तहत रिटायरमेंट के बाद भी लाभ पाने के नियमों में बदलाव किया गया है। इससे रिटायरमेंट से पहले वेतन के चलते दायरे से बाहर जाने वालों को भी लाभ मिलेगा। कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 193वीं बैठक नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में बीमा दायरे को विस्तार दिया गया। इसके तहत सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को विस्तारित मानदंडों के साथ चिकित्सा लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा ईएसआईसी उत्तर-पूर्व क्षेत्र और सिक्किम में चिकित्सा सेवाओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ाएगा। अलवर और बिहटा में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में गैर-आईपी के लिए शून्य शुल्क पर रियायतें/सुविधाएं जारी रखेगा। श्रम मंत्रालय के अनुसार कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम 5 वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत आने पर अब इसका लाभ ले पायेंगे।

### कुमाऊं आयुक्त करेंगे हल्द्वानी दंगे की जांच, पांच गिरफ्तार

**नैनीताल।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए बवाल की जांच कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत करेंगे। वह 15 दिन में जांच रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे। शासन ने शनिवार को मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश जारी किये। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के अनुसार कुमाऊं आयुक्त पूरे प्रकरण की जांच कर 15 दिन में रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे। जांच में सभी बिन्दुओं को शामिल किया गया है। दूसरी ओर हल्द्वानी पुलिस की ओर से अभी तक इस मामले में तीन अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएस मीणा के अनुसार सीसीटीवी, वीडियो रिकार्डिंग की जांच कर आरोपियों के चिन्हीकरण की कार्रवाई चल रही है।

## जेएसएससी पेपर लीक मामले में पटना, चेन्नई व रांची से 11 गिरफ्तार

एजेंसी

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल क्वेश्चन लीक मामले में एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने पटना, चेन्नई व रांची में छापेमारी की है, जिसके बाद एसआईटी ने कुल 11 लोगों को हिरासत में लिया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित एसआईटी की ने टीम सभी से पूछताछ की जा रही है। ठोस सबूत सामने आने पर इन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। जिन 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है उनमें से कोई भी जेएसएससी का कर्मचारी नहीं है। इनमें से कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने प्रश्न पत्र को वायरल करने का काम किया था। इस मामले में 6 अन्य संदिग्ध को भी पूछताछ के लिए लाया गया है। वहीं, इस मामले में रांची के जोनल आइजी के आवासीय कार्यालय में 8 फरवरी को जेएसएससी के कनीय पदाधिकारियों से भी पूछताछ की गई थी। इस मामले में जेएसएसी की संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी, उप सचिव संजय कुमार साह, अवर सचिव हरेंद्र किशोर राम और प्रधान आप्त सचिव संतोष कुमार ने मुख्य सचिव को पत्र भेज एसआईटी के पुलिस अफसरों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। साढ़े छह लाख छात्रों ने परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन दिया था। 28 जनवरी को परीक्षा के दौरान ही समान्य ज्ञान का पेपर सोशल मीडिया पर पेपर लीक हो गया था।

### हरियाणा के सात जिलों में कल से तीन दिन बंद रहेंगी इंटरनेट सेवाएं

**चंडीगढ़।** किसानों के दिल्ली कूच व हरियाणा की सीमा में आंदोलन को देखते हुए हरियाणा सरकार ने रविवार से प्रदेश के सात जिलों में तीन दिन के लिए इंटरनेट सेवाओं को बंद करने का फैसला लिया है। यह सभी जिले पंजाब की सीमा से सटे हुए हैं। प्रदेश के गृह सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने शनिवार की शाम जारी आदेशों में कहा कि किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए प्रदेश के अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद व सिरसा जिलों में 11 फरवरी को सुबह छह बजे से 13 फरवरी की रात 12 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। आदेशों के अनुसार इस दौरान सोशल मीडिया पर बल्क मैसेज पूरी तरह से बैन रहेगा।

आवंटन

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू की प्रक्रिया


## यूपीसीडा के 84 इंडस्ट्रीयल प्लॉट्स की ई-नीलामी कराएगी सरकार

▸ विभिन्न कैटेगरी के प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया होगी सुनिश्चित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपान की ओर अग्रसर योगी सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा विभिन्न कैटेगरी के इंडस्ट्रीयल प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए 84 भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

29 दिसंबर 2023 को यूपीसीडा द्वारा 106 औद्योगिक, 13 व्यावसायिक व 16 बिल्ड अप हॉल फ्लैटेड फैक्टरी भूखंडों की प्रक्रिया शुरू की थी। इस प्रक्रिया में शेष रह गए 84 औद्योगिक भूखंडों की ई-निविदा का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इस क्रम में, यूपीसीडा द्वारा जिन भूखंडों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई है उनमें उन्नाव ट्रांस गंगा सिटी, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, झांसी, अयोध्या, आगरा, हरदोई, वाराणसी समेत कई प्रमुख जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंडों का मार्ग प्रशस्त होगा। इस ई-निविदा प्रक्रिया को यूपीसीडा द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के ई-टेंडरिंग पोर्टल के जरिए पूरा किया जाएगा।



### 14 फरवरी है आवेदन की अंतिम दिन

मेगा ई-ऑक्शन के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 फरवरी निर्धारित की गई है। इस ई-निविदा प्रक्रिया को यूपीसीडा द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के सहयोग से पूरा किया जाएगा। एसबीआई के ई-टेंडर पोर्टल के जरिए इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। उसमें यूपीसीडा द्वारा 1.4 लाख करोड़ के बिजनेस इंटेंड्स को धरातल पर उतारने की अंतिम प्रक्रिया को भी पूर्ण करने पर फोकस किया जा रहा है।

### फ्लैटेड फैक्ट्री हॉल के तौर पर होगा भूखंडों का इस्तेमाल

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार के विजन के अनुसार, जिन भूखंडों के आवंटन के लिए नीलामी प्रक्रिया को यूपीसीडा द्वारा शुरू किया गया है उनकी रिजर्व्ड प्राइस, कुल एरिया, ईएमडी प्राइज समेत तमाम जानकारियां भी साझा की गई हैं। इसमें से सबसे छोटा भूखंड 2426.97 स्क्वेयर मीटर तो सबसे बड़ा प्लॉट 53563 स्क्वेयर मीटर का है। इसमें जिस भूखंड को सर्वाधिक कीमती माना गया है उसकी रिजर्व्ड प्राइस 64.69 करोड़ रुपये रखी गई है। वहीं, बिल्ड अप हॉल फ्लैटेज फैक्ट्रीज के लिए रिजर्व्ड प्लॉट्स को 50 हजार रुपये के अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) पर प्राप्त किया जा सकेगा। इन भूखंडों में इंडस्ट्रियल, वेयरहाउसिंग, कॉमर्शियल व फ्लैटेड फैक्ट्री जैसी गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा।

## आदेश : लिफ्ट व एस्केलेटर लगाने के लिए कराना पड़ेगा पंजीकरण

समृद्धि न्यूज

▸ यूपी विधानसभा में लिफ्ट व एस्केलेटर विधेयक पारित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शनिवार को 'उप्र लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक, 2024 और 'उप्र लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त विधेयक, 2024 पारित हो गया। इसमें कहा गया है कि अब लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। दूसरे विधेयक में लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष का प्रावधान किया गया है।

उप्र सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने उप्र लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक, 2024 और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उप्र लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक का प्रस्ताव सदन में रखा जिसके समर्थन में बहुमत होने से अध्यक्ष सतीश महाना ने दोनों विधेयकों के पारित किये जाने की घोषणा की। इसके पहले राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने दोनों विधेयकों के मसौदे की खामियां गिनाते हुए इसे प्रवर समिति को सौंपे जाने का प्रस्ताव रखा लेकिन दोनों प्रस्ताव गिर गये। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उप्र लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक के बारे में बताया कि इसमें लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष कर दिया गया है।

# डीएम-एसपी ने गोद लिए विद्यालयों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

- डीएम ने एसपी संग चखा मिड डे मील, परखी गुणवत्ता
- डीएम ने एसपी संग शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही की पूछताछ



**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने अपने गोद लिए संविलियन विद्यालय नगर क्षेत्र और प्राथमिक विद्यालय रत्तासराय पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यालय की शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायज़ा लिया। डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय रत्तासराय का स्थलीय भ्रमण किया।

एसपी द्वारा गोद लेने के उपरांत विद्यालय परिसर में कराएं कार्यों को देखा और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम-एसपी ने मिड डे मील को चखकर उसकी गुणवत्ता परखी। इस दौरान विद्यालय परिसर में झूला सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एसपी संग शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। हेड मास्टर ने डीएम को विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई। डीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा संग अपने गोद लिए संविलियन विद्यालय नगर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की।

साथ ही पठन पाठन,साफ सफाई,मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। निरीक्षण के दौरान डीएम-एसपी ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी।

# काली माता की मूर्ति की हुई स्थापना, निकाली कलशयात्रा

- ग्राम वशियो के सहयोग से हो रहा मंदिर निर्माण मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**



ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूरा सुल्तानपुर के मजरा कोरियाना में गांव की सुख शांति व समृद्धि के लिए नव निर्माण मंदिर में काली माता जी की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन बड़े ही धूम धाम से किया जा रहा हैं।

इसी उपलक्ष्य में शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमे ग्राम की सैकड़ों माताएं बहनें शामिल रही। ग्रामीणों ने बताया मंदिर निर्माण मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन समस्त ग्राम वशियो के सहयोग से की जा रही है। जो दस फरवरी 2024 दिन शनिवार से 14 फरवरी 2024 दिन बुधवार तक चलेगा। उसी के उपलक्ष्य में प्रथम दिन गाजे बाजे के साथ कलस यात्रा आयोजित की गयी जिसमें माता बहनो ने सर पर कलस रखकर वैदिक मंत्रों द्वारा शारदा नदी से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए मंदिर तक भजन गाते हुए पहुंची। ग्रामीणों ने बताया 13 फरवरी को मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और 14 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। माता जी की प्राण प्रतिष्ठा नैमिषारण्य से आए आचार्य जी के द्वारा करवाई जा रही है। इस मौके पर सैकड़ो ग्रामीण व माताएं बहनें मौजूद रही। मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

# एक माह बाद भी नहीं मिला लापता किशोर, परिजन परेशान

**बांकेगंज खीरी। समृद्धि न्यूज**



थाना मैदानी क्षेत्र के अंतर्गत बांकेगंज के गांव दौलतपुर का चौदह वर्षीय सर्वजीत पाल का 27 दिन बाद भी पता नहीं चल पाया है। इस दौरान लापता बेटे की राह देखते परिजनों की आंखें थक कर सूख गई है। उन्हें अपने इकलौते पुत्र के मिलने की संभावना क्षीण हो गई है। पुलिस के प्रति उसके पिता का रवैया निराशा पैदा करने वाला है।

मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज पुलिस चौकी के अंतर्गत दौलतपुर गांव का निवासी सर्वजीत पाल पुत्र आसाराम जो कि जानकी देवी इंटर कॉलेज के सातवीं का छात्र है, गत 13 जनवरी को बाजार से सब्जी लाने गया था। तब से लौट कर घर नहीं पहुंचा है। इस दौरान परिजनों ने ढूंढने के बाद बांकेगंज चौकी में और थाना मैलानी में सूचना दी। लेकिन अभी तक लापता किशोर का कोई भी पता नहीं चल पाया। वहीं थाना अध्यक्ष मैलानी पंकज त्रिपाठी ने कहा की प्रदेश के कई शहरों के रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर चिपकाए गए हैं। तथा सोशल मीडिया के माध्यम से कई जगह तलाश किया जा रहा है और लापता किशोर को ढूंढने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। जैसे ही पता चलता है जल्द ही अवगत कराएंगे। सर्वजीत के पिता आसाराम और उनकी पत्नी को अब सर्वजीत के मिलने की आशा कम हो चली है। डबडबाई आंखों से अपनी दोनों बेटियों को गले लगा कर कहते हैं कि अब यही बची हैं भगवान जाने अब हमारा पुत्र कहां किस हालत में है अथवा नहीं भी है। पुलिस प्रशासन के रवैए के प्रति वे बहुत आशावान नहीं है।

इकलौते पुत्र को खोने का गम परिवार के बाकी सदस्यों के चेहरे से भी झलकता है। उसकी बहने रो रो कर परेशान है। हर आने जाने वाले से पूछती हैं कि कहीं उन्होंने सर्वजीत को देखा है। सरबजीत पाल के लापता हो जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## धूमधाम से स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सुकालावती पब्लिक मांटेसरी स्कूल कटका में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने नृत्य, नाटक,भजन , राष्ट्रीय भक्ति गीत, झांकी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा नेता पूर्व एमएलसी राजेश यादव ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। बच्चों ने कव्वाली प्रस्तुत की तो एक अलग ही उत्साह नजर आया।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना समाधान दिवस

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



- गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो

जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खीरी और थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस थाना खीरी में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होंनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। इस दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ सदर सुबोध जायसवाल सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना कोतवाली पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के पहले व चौथे शनिवार को हर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन होता है। थाना कोतवाली में नायब तहसीलदार दिनेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जमीनी विवाद मामले में मुकदमा दर्ज, दो गिरफ्तार

**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के रामनगर कलां के नदी पार रामपुर में पुरानी जमीनी विवाद को लेकर हुए गदियाना गाँव के दो परिवारों के बीच हुए खूनी संघर्ष मामले में भीरा पुलिस ने घायलों की तहरीर पर मुकदमा देर रात दर्ज कर गिरफ्तारी को लेकर दबिशें दे रही थी जिसे शनिवार को बिजुआ चौकी इंचार्ज को सफलता लगी और दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार हो गए बाकी अभी भी फरार चल रहे है। गुरुवार देर शाम भीरा थाना क्षेत्र के रामनगर नदी पार रामपुर में दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले थे, जिसमें एक पक्ष से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे,जिन्हें डाक्टर ने प्रथम उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। बिजुआ चौकी इंचार्ज चेतन तोमर ने बताया घटना की देर रात घायल शबीना के परिजन कि तरफ से मिली तहरीर पर हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिशें जारी है। जिसमे अबतक दो मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जल्द ही शेष आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वही मारपीट में घायलो का इलाज अभी ट्रामा सेंटर ओएल में चल रहा है।

### शिवानी गुप्ता डिफेंस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन में चयनित



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती इस कहावत को चरित्रार्थ करते हुए विकासखंड हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय मरूई में तैनात शिक्षक की छोटी बहन का डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन में चयन हो जाने पर परिवार एवं क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बाराबंकी के सत्य प्रेमी नगर निवासी उदित गुप्ता विकासखंड हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय मरूई में शिक्षक के पद पर तैनात हैं उनकी छोटी बहन शिवानी गुप्ता लखनऊ यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी सब्जेक्ट से पीएचडी थर्ड ईयर की छात्रा है जिस प्रकार अपनी मेहनत को साकार रूप प्रदान करते हुए शिवानी ने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑगेनाइजेशन में यह पद प्राप्त किया है। यह अपने बाराबंकी जनपद के लिए अत्यंत गौरव की बात है।

### कच्चा रास्ता ग्रामीणों के लिए बनी परेशानी



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** गांव में कच्चा रास्ता ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है प्रधान सचिव से कहने के बाद समस्या का समाधान नही हो पा रहा है रिटायर्ड सी आर पी एफ के कमांडो की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आनलाईन शिकायत पत्र भेजकर मुख्यमंत्री से खड़ंजा लगवाए जाने की मांग की है। मामला विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोसियामऊ के गढ़ी गांव का है जहां पर उक्त गांव निवासी रिटायर्ड सी आर पी एफ कमांडो जगप्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में बताया की गांव में राममिलन के घर से रामसमुझ के घर तक करीब सौ मीटर कच्चा रास्ता है जिस पर आज तक खड़ंजा नही लगाया जा सका है बरसात होने पर जलभराव व कीचड़ उत्तपन्न हो जाने से ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है प्रधान व सचिव से कहने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## पुल क्षतिग्रस्त होने पर तोड़ने का काम शुरू

**मसौली,बाराबंकी।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सफदरगंज के निकट बने ब्रिटिशकालीन के क्षतिग्रस्त पुल के पुल के पुनर्निर्माण के लिए बगैर सर्विस रोड बनाये पुल तोड़ने का काम शुरु कर दिया है जिससे अतिव्यस्तम बदोसराय सफदरगंज मार्ग से गुजरने वाले वाहनो चालको को बड़ी दिक्क़तो का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग से गोंडा बक़्हराइच राजमार्ग पर बने ब्रिटिश काल मे बना पुल काफी जर्जर हो गया था रेलिंग विहीन पुल होने के कारण आये दिन दुर्घटनाए होती रहती थी कई बार समाचार प्रमुखता से छपने के बाद विभाग ने उक्त जर्जर पुल के पुन निर्माण का कार्य शुरु करने के लिए पुल को तोड़ने का काम शुरु हुआ लेकिन सर्विस रोड न बनाये जाने के कारण उक्त मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को बड़ी दिक्क़तो का सामना करना पड़ता है।



## युवाओं को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन जिला सेवायोजन एवं आईटीआई संस्थान बाराबंकी के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड त्रिवेदीगंज मुख्यालय के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षातकार के उपरांत चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप के पधारे पूर्व ब्लाक प्रमुख त्रिवेदीगंज सुनील सिंह ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोजगार मेले में आए युवक युवतियों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री सिंह ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को ज्यादा से ज्यादा नौकरी देकर रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान हुसैनाबाद पिंटू वर्मा प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह प्रधान जरौली भानु बाजपेई आइडियल स्कूल के प्रबंधक दिलीप वर्मा अखिलेश वर्मा भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रिंकू वर्मा सहित मेला आयोजन से जुड़े विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# वसूली की शिकायत पर रोकी गई तौल पर्चियां

- गन्ना समिति के जिम्मेदारों ने कलुआपुर क्रय केंद्र पर आगामी दिनों के लिए सप्लाई टिकट ही जारी नहीं की

**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

| | |
|---|---|
| किसान लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर किसी को एक भी पैसा न दे। वह अपना गन्ना तुलवाकर क्रय केंद्र के यार्ड में चट्टा लगा दे। क्रय केंद्र पर भीड़ का हवाला देकर आगामी डाक न काटने को कहा गया था। किसानों को परेशान करने के लिए पर्चियां बन्द नहीं की जाएगी। **डॉ. राजीव कुमार गंगवार, सचिव गन्ना समिति ऐरा** | यदि आस–पास के क्रय केंद्रों से कलुआपुर क्रय केंद्र आगे नहीं चल रहा है तो इन्डेन्ट रोकना गलत है, ऐरा सचिव से बात कर एडीशनल इन्डेन्ट जारी करवाई जाएगी। किसानों का नुक़सान नहीं होने दिया जाएगा। **वेद प्रकाश सिंह, जिला गन्ना अधिकारी** |

धौरहरा क्षेत्र के गोविन्द शुगर मिल ऐरा के क्रय केंद्रों पर लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर हो रही वसूली का विरोध करना कलुआपुर क्रय केंद्र के किसानों को भारी पड़ गया है। विरोध के बाद किसानों को परेशान करने की नियत से मिल प्रबंधन ने कलुआपुर क्रय केंद्र के किसानों को आगामी गन्ना सप्लाई की पर्चियां जारी करने पर ही रोक लगा दी गई,जिससे किसानों में रोष व्याप्त है।

गोविन्द शुगर मिल ऐरा के क्रय केंद्रों पर किसानों से लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर खुलेआम मिल कर्मचारी व ठेकेदारों द्वारा की जा रही अवैध रूप से वसूली जो 150 रुपए प्रति बैलगाड़ी व 250 रुपए ट्राली का रेट तय हैं का कलुआपुर के किसानों द्वारा किया गया विरोध को बन्द करने के लिए जिम्मेदारों ने आगामी तिथियों में गन्ना सप्लाई टिकट ही जारी न करने की धमकी दे रहे है। बताते चले कि बीते दिनों ऐरा मिल के क्रय केंद्र कलुआपुर में लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर 150 रुपए से 250 रुपए की वसूली किए जाने का विरोध सहित किसान ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी,जिससे नाराज मिल प्रबंधन व गन्ना समिति के जिम्मेदारों ने शुक्रवार को कलुआपुर क्रय केंद्र पर आगामी दिनों के लिए सप्लाई टिकट ही जारी नहीं किए। सप्लाई टिकट न जारी होने से मजबूर किसानों को अब खेत मे खड़े गन्ने की सप्लाई न हो पाने की वजह से आगामी फसल की समय से बुवाई भी न हो पाने की चिंता सताने लगी है।

# दृढ़ता से करें चुनौतियों का सामना: डॉ. विकास यादव

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



स्थानीय राम सेवक यादव स्मारक इंटर कालेज लखपेड़ाबाग में कक्षा-9 एवं 11 के छात्र/छात्राओं ने एक भव्य समारोह में अपने सीनियर छात्र/छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्धक डा0 विकास यादव ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कक्षा-9 व 11 के छात्र/छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में पधारे डॉ. विकास यादव एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कक्षा-9 व 11 के छात्र/छात्राओं ने विविध मनमोहक रंग विरंगे इन्द्रधनुषी कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। सांस्कृतिक मंच का शुभारम्भ इशिका एवं कौशिकी ने 'महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत' के माध्यम से किया। वर्तिका, इशिका, आदि ने 'पिंगा, पिंगा' गीत पर मोहक प्रस्तुति की। 'ऑल इज वेल' एक्ट के माध्यम से अर्चिता, प्राची, साक्षी आदि ने परीक्षा में तनाव मुक्त तैयारी के द्वारा सफल होने का मन्त्र बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रमो का संचालन कक्षा 11 की साक्षी सिंह, समीक्षा एवं अरीबा ने किया।

हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के छात्र/छात्राओं के मध्य फनी क्वेश्चन्स की प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। जिनमे सभी विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबन्धक डॉ. विकास यादव ने पुरस्कृत किया। विदाई सहारोह का मुख्य आकर्षण इण्टरमीडिएट के छात्रों में मिस एवं मिस्टर परफेक्ट था। जिसमें मिस परफेक्ट के रूप में श्रेया कुमारी, एवं मिस्टर परफेक्ट के रूप में शिवेन्द्र सिंह को चुना गया।

इस विदाई समारोह में उपस्थित छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि हमारे छात्र जो बोर्ड परीक्षा देने जा रहे है उनकी क्षमता व प्रतिभा में कोई कमी नही है जरूरत है उस क्षमता का सही इस्तेमाल करने की। कठिन परिश्रम और लगन से किया गया कोई भी कार्य असफल नही होता है। हमें गर्व है अपनी इस प्रतिभाशाली युवा शक्ति पर जो न केवल शैक्षिक स्तर पर बल्कि क्रीड़ा, कला, संगीत, नृत्य हर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रही है।

# सांसद खेल प्रतिस्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

खंड स्तरीय एकदिवसीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को हैदरगढ़ क्षेत्र के बीजापुर खेल मैदान में किया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजई प्रतिभागियों का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामदेव सिंह प्र ब्लॉक प्रमुख ने प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है इसलिए हमारी सरकार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इस अवसर पर भाजपा नेता गोविंद पाठक विशाल वर्मा भाजपा मंडल महामंत्री संतोष कुमार श्रीवास्तव प्रधान गौतम पाठक गोविंद पाठक राजेंद्र पांडे भावना मिश्रा सेक्रेटरी पवन कुमार उदय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# 28 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम हेतु एमडीए व आईडीए अभियान 10 फरवरी 28 फरवरी तक चलेगा। अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने किया। उद्घाटन के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दवा का सेवन किया गया तथा साथ ही डॉ. डीके श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आरसीएच, डॉ राजीव सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ. संजय बाबू, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अविनाश कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी, द्वारा फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया गया। साथ ही उद्घाटन में उपस्थित जन सामान्य द्वारा भी दवा का सेवन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुशवाहा मुख्य चिकितसा अधीक्षक, जिला पुरूष चिकित्सालय एवं नीलम द्विवेदी, फाईलेरिया नियंत्रण अधिकारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का लाभ जन सामान्य तक पहुंचाने हेतु जनपद में समस्त राजकीय चिकित्सालयों एवं विद्यालयों में कैम्प का आयोजन कर दवा का सेवन करवाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी द्वारा अवगत कराया गया है कि इस कार्यक्रम हेतु जनपद मे आच्छादित जनसंख्या-3447168 हेतु 3064 टीम में 6128 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किये गयें जिनके पर्यवेक्षण हेतु 511 पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। अभियान के अन्तर्गत दी जानी वाली दवा एल्वेण्डाजोल 02 वर्ष की आयु से ऊपर, डीईसी आयुवर्ग के हिसाब से एवं आवरमैक्टिन लम्बाई के हिसाब से दी जानी है। यह भी अवगत कराया गया कि दवा का सेवन खाली पेट नही करना है।

**आरोप** — एक महीने के विजिट पर दुबई भेजने का लगाया आरोप

# डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादें

**मसौली,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना मसौली मे पहुंचकर समाधान दिवस में जनशिकायतों को सुना अधिकारियों ने त्वरित निस्तारण के दिशा- निर्देश दिये। तथा ब्लाक मुख्यालय के निकट संचालित वुमेन सर्विस होम मे नारी निकेतन संचालित करने के लिए जिला प्रोवेशन अधिकारी को प्रस्तावित करने के निर्देश दिये।

शनिवार को थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने थाने पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की। बड़ागांव निवासी जान मो0, गुरसेल थाना फतेहपुर निवासी उस्मान पुत्र हशमत, इब्राहीमपुर थाना फतेहपुर निवासी हकीक पुत्र इम्तियाज ने बड़ागांव निवासी मो0 आफ़ताब पर सऊदी अरब भेजनें के नाम पर 3 लाख 15 हजार रुपये लेने एव एक महीने के विजिट पर दुबई भेजनें का आरोप लगाया। जिलाधिकारी एव पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक को जालसाज के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत के रामचंद्र, सहजराम, सुरेंद्र, अजय, हरिश्चंद, अरविन्द, प्रदीप, वीरेंद्र आदि लोगो ने सामूहिक रूप से शिकायत करते हुए कहा कि चकबंदी के दौरान छोड़ी गयी हरिजन आबादी की भूमि पर पड़ोसी कास्तकार भुल्लन वर्मा ने आवैध रूप से प्लाटिंग कर लोगो को बसा दिया है। जिलाधिकारी ने मौक़े पर ही नायब तहसीलदार कुमकुम मिश्रा प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी, हल्का लेखपाल अजय सिंह ने मौक़े पर जाकर निस्तारण करते हुए मौके पर ही सुमिरन, पप्पू, नन्हेलाल रामचंद्र पुत्र स्व देवी व राजा बाबू का कब्जा हटवाते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया।

भूलीगंज मसौली निवासी उमेश, अमित व आशाराम ने मोहल्ले के ही अनिकेत वर्मा उर्फ़ छोटू, किशोर वर्मा ने सार्वजनिक नाली को बंद करने की शिकायत की जिसका मौक़े पर जाकर निस्तारण किया गया।

### वुमेन सर्विस होम मे संचालित होगा नारी संतक्षण केंद्र

जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार एव पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने ब्लाक मुख्यालय के निकट बीते 50 वर्षो से चल रहे वुमेन सर्विस होम का जायजा लेते हुए होम संचालिका आमिना खातून एव होम की देखरेख करने वाले नियामत रसूल से जानकारी लेते हुए शौचालय, रूम एव किचन की जानकारी ली तथा मौक़े पर बाल सरंक्षण अधिकारी हरीश मोहन पांडेय को नारी संरक्षण केंद्र स्थापित करने के प्रस्तावित के निर्देश दिये।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 : यूपी में 10 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं उतरेंगी जमीं पर

## 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित की जा रही जीबीसी के जरिए प्रदेश के सभी हिस्सों में बहेगी निवेश की बयार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिए योगी सरकार लगभग 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को जमीन पर उतारेगी।

अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को दावा किया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित की जा रही जीबीसी के जरिए प्रदेश के सभी हिस्सों में निवेश की बयार बहेगी। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरुआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी।

पश्चिमांचल के अतिरिक्त प्रदेश के पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से योगी सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के एक वर्ष के अंदर इतनी बड़ी राशि के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर स्थापित करने जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश 19.24 प्रतिशत निवेश आवास में होना निर्धारित है। इसके अलावा 15 प्रतिशत निवेश रिन्यूएबल एनर्जी में, 13 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग में, 10 प्रतिशत आईटी एवं आईटी आधारित सेवाओं में, 7.83 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग में, 7.5 प्रतिशत ऊर्जा में, 6.01 प्रतिशत फूड प्रॉसेसिंग में, 5.27 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में, 2.96 प्रतिशत शिक्षा में स्थापित किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक एनआईडीपी (हीरानंदानी ग्रुप), सिफी टेक्नोलॉजीज, वीएएलएस डेवलपर्स प्रा. लि., एसटीटी ग्लोबल, जैक्सन लि. पूरे यूपी में डेटा सेंटर स्थापित करेंगे। अशोक लीलैंड तथा यामाहा पूरे यूपी में ऑटोमोबाइल और ईवी परियोजनाएं स्थापित करेंगे। एनटीपीसी, ग्रीनको ग्रुप, टोरेंट पावर, एसीएमई ग्रुप, जेएसडब्ल्यू एनर्जी पीएसपी सिक्स और टस्को पूरे प्रदेश में थर्मल, हाइड्रो पावर और सोलर प्रोजेक्ट स्थापित करेंगे। एम3एम इंडिया, आईएनजीकेए, द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा और गोदरेज प्रॉपर्टीज प्रदेश में आवासीय और रिटेल संपत्तियों का निर्माण करेंगे। टाटा टेक्नोलॉजीज 150 सरकारी आईटीआई को अपग्रेड करेगी। एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज और शराफ ग्रुप क्रमशः एक एयर कार्गो टर्मिनल, कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करेंगे।

**19 को पीएम व सीएम करेंगे शुभारंभ**

19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में जीबीसी 4.0 का शुभारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से योगी सरकार यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 10 लाख करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश को धरातल पर उतारेगी। 33.50 लाख रोजगार के अवसरों के साथ 14 हजार से अधिक परियोजनाओं को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे। कार्यक्रम में 3 हजार से अधिक प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की संभावना है, जिसमें प्रतिष्ठित उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल, इंडिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत, उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित होंगे।

**इन सेक्टर्स को किया गया शार्टलिस्ट**

इसके साथ ही, शॉर्टलिस्ट किए गए अन्य सेक्टर में कृषि (0.37 प्रतिशत), पशुपालन (0.25 प्रतिशत), ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक वाहन (0.33 प्रतिशत), जैव ईंधन/बायोमास (0.82 प्रतिशत), डेयरी (1.04 प्रतिशत), डिफेंस एवं एयरोस्पेस (0.55 प्रतिशत), डिस्टलरीज (0.84 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं (0.12 प्रतिशत), खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति (1.08 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवाएं (2.73 प्रतिशत), आतिथ्य एवं मनोरंजन (2.78 प्रतिशत), अवस्थापना (0.02 प्रतिशत), टेक्सटाइल एवं हथकरघा (1.28 प्रतिशत), काष्ठ आधारित उद्योग (1.00 प्रतिशत) और अन्य क्षेत्र (0.11 प्रतिशत) शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### सर्द हवाओं के बीच फिर बदलेगा राजधानी का मौसम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी वासियों को एक बार फिर खराब मौसम का सामना करना पड़ सकता है। इसको लेकर मौसम विभाग की ओर से बूंदाबांदी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, शनिवार को भी पूर्व दिनों की भांति खिली धूप ने लोगों को राहत दी। ऐसे में सुबह से ही लोगों ने पूर्व दिनों की तरह राहत के साथ रोजमर्रा के काम निपटाए, लेकिन ठंडी हवाओं का क्रम जारी रहा। तेज हवाएं पश्चिमी विक्षोभ के कारण बन रहा चल रही हैं। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, दो दिनों के भीतर एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। धूप के बावजूद ठंडी हवाओं की रफ्तार बढ़ी है। बारिश होने के बाद मौसम पूरी तरह से साफ़ हो जाएगा। सोमवार से लेकर बुधवार के बीच बारिश की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञ एम दानिश के अनुसार, पहाड़ों पर चल रही ठंडी हवाओं से बने वायुमण्डलीय दबाव के कारण पश्चिमी क्षेत्र में बारिश की संभावनाएं प्रबल हैं। इसी का असर मध्य क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, ठंडी हवाओं की रफ्तार आने वाले दिनों में और भी बढ़ सकती है।

### पार्षद ने किया सड़क नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के चिनहट क्षेत्र में शनिवार को पार्षद अरुण राय ने चिनहट वार्ड प्रथम में गोयल बेकरी के पास एक सड़क का उद्घाटन किया साथ ही सूर्यांश सिटी में नाला निर्माण तथा सड़क मरम्मत के कार्य का उद्घाटन किया। वहीं मार्केट की जल निकासी के लिए एल्डिको तिराहे पर नल का उद्घाटन किया। पार्षद अरुण राय ने बताया कि क्षेत्र में एक भी कार्य बाकी नहीं रहेगा जनता ने जिस विश्वास से मुझे चुना है मैं उसे विश्वास को लगातार बनाए रखने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के चिनहट मंडल अध्यक्ष कमल पांडेय महामंत्री विजय शर्मा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पंडित पांडे उर्फशैलू दादा वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव अनिल सोनी आशीष मिश्रा संतोष रंजन पांडे बृजराज शर्मा अभिनव तिवारी प्रतीक मिश्रा रमेश सिंह नीरज गुप्ता सरदार बलदेव सिंह चंद्र कुमार वर्मा गौरव राय तथा कृष्ण दीप भट्ट एडवोकेट सहित भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का चिनहट प्रथम वार्ड के पार्षद अरुण राय ने फाइल एरिया की दवा खाकर शुभारंभ किया।

### हल्द्वानी में हुई हिंसा खुफिया तंत्र की नाकामी : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई हिंसा और उसमें जान–माल की क्षति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना के लिए खुफिया तंत्र की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया है। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि अगर सरकार, प्रशासन एवं खुफिया तंत्र सतर्क होता तो इस घटना को रोका जा सकता था। सरकार इसकी उच्चस्तरीय जांच कराए और अमन–चैन भी कायम करे। इसी तरह उत्तराखंड से लगे उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में भी आए दिन किसी ना किसी मुद्दे को लेकर यहां तनाव की स्थिति बनी रहती है जिसे समय रहते सरकार को नियंत्रित कर लेना चाहिए ताकि यहां भी शांति व्यवस्था बनी रहे।

### बिना ट्रेड लाइसेन्स दुकानों से वसूले 15 हजार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किसान बाजार विभूतिखण्ड में स्थित मार्केट में ट्रेड लाइसेंस सम्बन्धि अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान किसान बाजार में स्थित लिट्टी किचेन, कैफटन ग्रीम, 21 कैरेट टी, अर्बन टी कम्पनी, नुक्कड़, मिस्टर टेन, टी जंक्शन, चाइनीस मिण्ट लीफ भोजपुरिया मीट हाउस एवं कवाब कनेक्शन आदि कुल 15 यूनिट पर जुर्माने की कुल 15000 की धनराशि वसूल की गई। उक्त सभी को लाइसेंस बनवाने हेतु 2 दिन का समय दिया गया है, इसके बाद फ़िर नगर निगम लखनऊ जोन-4 द्वारा सीलिंग,जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। अभियान संजय यादव, जोनल अधिकारी जोन–4 के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान कर अधीक्षक अनुराग उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक इमरान खान ओबैदुर रहमान, हिमांशु कुमार लिपिक एवं प्रवर्तन दल व अन्य स्टाफकी उपस्थिति में चलाया गया। जोनल अधिकारी ने इस दौरान अधिनस्थों मार्ग से पूर्व निर्धारित गृहकर वसूली के साथ साथ में अतिक्रमण तथा प्रतिबंधित पालीथिन के खिलाफअभियान जारी रखने के निर्देश दिए।

### नाबालिक को बहला फुसलाकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कमिश्नर एस0बी0 शिरडकर दिशा निर्देश द्वारा आज थाना वजीरगंज, वादिनि मुकदमा की आकर व्यक्ति द्वारा प्रार्थना पत्र दिया,वादिनी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला, आरोपी आर्यन कनौजिया,नि0 कोठी न0 03 डिप्टी साहब का हाता रिवर बैंक कालोनी, मुखबिर की सूचना मिली, थाना प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा, ने पुलिस बल गठित कर, मुखबिर बताये हुए स्थान पर पहुंच कर, चारों तरफघेर घार कर पकड़ लिया, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं। आज थाना वजीरगंज निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा,के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर,म0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

### निगोहां पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां पुलिस ने दो अलग अलग मुकदमों में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद फ़रार चल दो अभियुक्तो को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया अलग अलग दर्ज मुकदमो न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद भी फरार चल रहे अभियुक्त दिनेश कुमार निवासी रघुनाथखेड़ा व अभियुक्त मिथिलेश कुमार निवासी उतरांवा थाना निगोहां को पुलिस टीम ने दाबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार किया।

मुख्यमंत्री योगी ने नई दिल्ली में आयोजित सुशासन दिवस 2024 कार्यक्रम को वर्चुअली किया संबोधित

# सुशासन लाने के लिए हुए कई सुधार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित सुशासन दिवस 2024 कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में हुए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों को एक एक करके सबके सामने रखा। सीएम ने कहा कि प्रदेश में सुशासन की स्थापना अचानक नहीं हुई है, बल्कि इसके लिए बड़े स्तर पर रिफॉर्म किये गये। पहले की सरकारों ने जाति, मत-मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर समाज को बांटने और ठगने का कार्य किया, मगर आज विभिन्न योजनाओं के माध्यम से



गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया गया है। प्रदेश में पहले भी पोटेंशियल था, मगर तब की सरकारों ने इसका बेहतर उपयोग नहीं किया। नई दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राम भाऊ म्हालगी प्रबोधिनी की ओर से आयोजित दो दिवसीय सुशासन महोत्सव 2024 के लिए सीएम ने आयोजकों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि सुशासन महोत्सव 2024 प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को हम सबके सामने प्रस्तुत करता है। बीते 10 साल में पूरी दुनिया नये भारत का दर्शन कर रही है। भारत आज दुनिया को सम और विषम परिस्थितियों में नेतृत्व देने का सामर्थ्य रखता है। देश के अंदर सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना है। सीएम योगी ने कहा कि जैम ट्रिनिटी (जनधन, आधार और मोबाइल) के माध्यम से जहां भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है तो वहीं डीबीटी के माध्यम से अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाएं और सेवाएं पहुंचाने का कार्य हुआ है।

ओडीओपी योजना लाकर परंपरागत उद्यम को प्रोत्साहित किया गया। मुख्यमंत्री ने सीएम इंटर्नशिप स्कीम, प्लेज पार्क स्कीम की भी चर्चा की। सीएम ने प्रदेश में बेहतर हुई कनेक्टिविटी की चर्चा करते हुए बताया कि जल्द ही यूपी 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। यूपी में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर प्रदेश में नये उद्यमियों के लिए लाई गई पांच लाख तक के ब्याज मुक्त ऋण की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का फोकस प्रतिवर्ष एक लाख नये युवा उद्यमियों को तैयार करने पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सफलता पूर्वक कोरोना महामारी का सामना किया और किसी को बेरोजगार नहीं होने दिया गया। यूपी आज बीमारू राज्य से ऊपर उठकर रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है।

**एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना हुई साकार**

सीएम ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। पहले हम भारतवासियों को कहा जाता था कि हमारा जो कुछ भी ज्ञान है वो पोंगापंथी है। हमारी परंपराओं को लांछित किया जाता था। आज दुनिया के 193 देश 21 जून की तिथि को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप मनाती है। भारत की इस ऋषि परंपरा से जुड़कर पूरी दुनिया ना केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से हमारी परंपरा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती है। ये सब प्रधानमंत्री मोदी के कारण संभव हो सका है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अंदर चल रही तमाम विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए कार्यों को गिनाया। साथ ही प्रदेश में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था जैसी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। सीएम योगी ने कहा कि केवल योजना बनाने से सुशासन नहीं आता, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन का तरीका और उसकी मॉनीटरिंग बहुत जरूरी है। सरकार ने टेक्नोलॉजी का बेहतरीन उपयोग किया है। सरकार ने बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया है। प्रदेश में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी है। एमएसएमई क्लस्टर को मजबूती प्रदान की गई।

# 2014-2023 के बीच 25 करोड़ भारतीय हुए गरीबी से बाहर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जन-जन का समर्थन जुटाने के लिए पूरे प्रदेश में लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएगी। प्रदेश भर में चलने वाले अभियान को लेकर शनिवार को राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने उपस्थित प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने पूरे अभियान को लेकर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्लस्टर इंचार्ज, जिला प्रभारी, लाभार्थी सम्पर्क अभियान के क्षेत्रीय संयोजक एवं सहसंयोजक और लोकसभा संयोजक सहसंयोजक सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि 2024 में लोकसभा की सभी सीटो पर कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुए कई लोककल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया जिसका परिणाम रहा कि 2014 से 2023 के बीच लगभग 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी से बाहर आए। 2014 के बाद मोदी सरकार में अनेको जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे उज्जवला, जन-धन, आवास, शौचालय, हर घर नल, हर घर जल, बिजली, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, किसान सम्मान निधि सहित कई अन्य योजनायें लागू करने का काम किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों में लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई है वे सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगो तक पहुंची है। केन्द्र सरकार ने जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता से किए गए हर वादे को पूरा किया है।

**कार्यकर्ता लाभार्थी से सम्पर्क कर कराएंगे 9638002024 पर मिस्डकॉल : धर्मपाल**

# सांसद खेल स्पर्धा में मलिहाबाद के खिलाड़ियों ने दिखाया दम



समृद्धि न्यूज

**मलिहाबाद।** मोहनलालगंज लोकसभा के अंतर्गत मलिहाबाद में आज सांसद खेल स्पर्धा के तहत क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कौशल किशोर जी के नेतृत्व में महमूदनगर खेल मैदान में 800 मीटर, 400 मीटर, 200 मीटर, 100 मीटर की दौड़ एवं लंबी कूद, कबड्डी, खो खो, टेनिस बॉल क्रिकेट, योगासन स्पोर्ट्स का आयोजन हुआ जिसमे युवाओं युवतियों ने प्रतिभाग किया।

महमूरनगर में आयोजित इन खेलों का शुभारंभ 10 फरवरी को सुबह 10 बजे भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर जी द्वारा किया गया। मोहनलालगंज लोकसभा में आयोजित हो रही इस सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं और महिलाओं की रुचि बढ़ाना, उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाना है। इससे आगे चलकर युवाओं, युवतियों और महिलाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकेगा। इसी क्रम में आज मलिहाबाद में इन खेलों का शुभारंभ हुआ जिसमे दर्शकों का और क्षेत्रीय लोगों की कई हजार की संख्या में भीड़ रही जो खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते दिखे। प्रतियोगिता में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आज सांसद खेल स्पर्धा के तहत ही मलिहाबाद विधानसभा के प्रधानों और बीडीसी की टीमों के टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का भी शुभारंभ हुआ यह टूर्नामेंट 15 फरवरी तक चलेगा और इसका फाइनल मैच 15 फरवरी को खेला जाएगा।

### 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने दी चेतावनी

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव व आगामी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा घेराव की चेतावनी दी है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गई है। अभिसूचना मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में बताया गया है की आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र सिंह बाहुबली के द्वारा मुख्यमंत्री आवास के घेराव करने तथा 2 फ़रवरी 2024 तक मुख्यमंत्री से मुलाकात ना होने पर 2 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र चलने न दिए जाने की चेतावनी दी गई है।स्थानीय पुलिस को अलर्ट करते हुए पत्र में बताया है कि यह अभ्यर्थी रोके जाने की स्थिति में पुलिस कर्मियों से वाद विवादध् पथराव मार्ग अवरोध आगजनी तथा मीडिया का ध्यान आकृष्ट करने के लिए फांसी लगाना, आत्मदाह, टंकी पर चढ़ना, जहरीला पदार्थ खाना, नदी में कूदना अप्रिय कृति किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं अभर्थियों का कहना है कि सभी पिछले 594 दिन से धरना स्थल इको गार्डन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, साथ ही 37 दिन से इनकी क्रमिक भूख हड़ताल भी चल रही है।

# भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, फिर भी 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर हैं निर्भर

**सपा अध्यक्ष अखिलेश ने सरकार पर साधा निशाना**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन देश के 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर निर्भर हैं। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट नहीं। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि वे राम को लेकर आए हैं, वे भगवान श्रीराम का अपमान करते हैं और ऐसा कहकर आप धर्म और भगवान राम का अपमान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का अपमान बंद कर देना चाहिए। यादव ने कहा, यह बात कही गयी कि हमने प्रभु राम का नाम नहीं लिया लेकिन जब भगवान राम दिल में बसते हो तो फिर नाम लेने की क्या जरूरत हैं? राम पहले भी थे, आज भी हैं और हमेशा रहेंगे। जब हम आप नहीं थे, प्रभु राम तब भी थे और जब हम आप नहीं रहेंगे प्रभु राम तब भी रहेंगे। इसलिए ऐसा कहना कि आप प्रभु राम को लाये हैं, ऐसा कह कर आप प्रभु राम का अपमान तो कर ही रहे हैं, साथ ही साथ धर्म को भी अपमानित कर रहे हैं।उन्होंने कहा, याद रखिए प्रभु राम अजर हैं, अमर हैं और सबके हैं। प्रभु राम के नाम पर राजनीति करना बंद करिए। यादव ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण से यह मालूम हुआ कि सरकार ने अयोध्या को संजाने संवारने में 31 हजार करोड़ रूपयें खर्च किये।

बजट पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर बार सबसे बड़ा बजट पेश करती है लेकिन उसे खर्च नहीं कर पाती। सरकार ने जितना आवंटन किया उस पर खर्च कितना हुआ है, इसकी जानकारी नहीं देती। अखिलेश ने अलग-अलग विभागों को पिछले वर्ष आवंटित किए गए बजट और उस पर हुए खर्च का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य का बजट सात लाख करोड़ का हो या आठ लाख करोड़ का लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही रहेगा कि प्रदेश की 90 फीसदी जनता के लिए उसमें क्या है? भाजपा की नीति आम जनता के लिए नही हैं। प्रदेश सरकार 10 प्रतिशत संपन्न लोगों के लिए 90 प्रतिशत बजट रखती हैं और 90 प्रतिशत जरूरतमंद जनता के लिए नाम मात्र दस फीसदी बजट।

सपा प्रमुख ने कहा, श्श्उप्र की सरकार हमें आंकड़ों में उलझाती हैं। सीधी सीधी यह बात बतायें कि इस बजट से महंगाई से कितनी राहत मिलेगी। इस बजट में कितने युवाओं को रोजगार मिलेगा? अपराध और भ्रष्टाचार कम करने के उपायों पर कितना खर्च दिया जायेगा। मंदी और जीएसटी की मार झेल रहे काम, कारोबार और दुकानदारी को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रावधान हैं? क्या इस बजट में किसान की बोरी की चोरी रूकेगी या नहीं। फसल का सही दाम या किसानों की आय दोगुनी होगी या नहीं? अखिलेश ने पूछा, इस बजट में अच्छी दवाई और अच्छी पढ़ाई के लिए कितना आवंटन हैं? सरकार बताये कि बिजली के प्लांट के लिए कितना बजट हैं।

# 67वां अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन 12 से 16 तक राजधानी में

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/नई दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) 12 से 16 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 67वें अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मे लन (एआईपीडीएम) की मेजबानी करने के लिए तैयार है। केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 12 फरवरी को इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

16 फरवरी को समापन समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे। रेल मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन की केंद्रीय समन्वय समिति ने रेलवे सुरक्षा बल को सौंपी है। कानून प्रवर्तन से जुड़े लोगों के बीच प्रसिद्ध इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंतरिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अपराधों की वैज्ञानिक पहचान और जांच की दिशा में पुलिस अधिकारियों के बीच उत्कृष्टता एवं सहयोग को बढ़ावा देना है। 67वें अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन कानून प्रवर्तन पेशेवरों के लिए एक साथ आने, सीखने और खोजी उत्कृष्टता के उनके सामूहिक प्रयास को मजबूत करने का भी आह्वान है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों को एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ मिलेगा, जिससे पूरे बल के पेशेवर प्रदर्शन के मानक में अधिक दक्षता और सुधार होगा। इस सम्मेलन में केंद्र और राज्यों की 29 कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भागीदारी होगी, जिसमें 1230 सदस्य विभिन्न

### प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी की प्रविष्टियों की जजिंग प्रारंभ

**लखनऊ।** निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण अतुल कुमार सिंह ने बताया कि राजभवन प्रांगण लखनऊ में 17 फरवरी से तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी, एव पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम कें अर्न्तगत शनिवार को लखनऊ के विभिन्न वर्गो के उद्यानों व गृहवाटिकाओं की प्रतियोगिता की जजिंग का कार्य प्रारम्भ हो गया है। भारत सरकार व प्रदेश सरकार के औद्यानिकी से जुड़े संस्थानों तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में कार्यरत एवं सेवानिवृत विषयवस्तु विशेषज्ञों के गठित निर्णायक मण्डलों द्वारा प्रतियोगिता में आई सभी प्रविष्टियों की जजिंग की जा रही है। निदेशक उद्यान ने बताया कि विभिन्न वर्गों के उद्यानों व गृहवाटिकाओं की 217 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं।

**अभियान** — श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में निदेशक ने दवा खिलाकर शुरु किया अभियान

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरु

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के 17 जनपदों में शनिवार को सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू हुआ। राजधानी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में निदेशक, स्वास्थ्य डॉ भानु प्रताप सिंह कल्याणी ने दवा खिलाकर अभियान की शुरूआत की।




इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपीलाल समेत अस्पताल के समस्त कर्मचारियों और उपस्थित पुलिसकर्मियों ने भी दवा खाई। भोजपुरी कवि कृष्णानंद राय ने हिंदी और भोजपुरी में कविताएं सुनाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव का संदेश दिया। यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा जिसमें आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिलाएंगी। डॉ कल्याणी ने लोगों से अपनी व अपनी पीढ़ियों की जान की सुरक्षा के लिए दवा खाने की अपील की। यह दवा दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी को खानी है। इस मौके पर राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश सिंह ठाकुर भी मौजूद थे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल ने भी सभी जनपदवासियों से दवा जरूर खाने की अपील की। उन्होंने बताया कि विभाग पूरी तरह से तैयार है।

यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है दवा सेवन के बाद जिनके शरीर में पहले से माइक्रो फाइलेरिया है यानि संक्रमित हैं उनमें जी मितलाने, सर दर्द और चक्कर आना जैसी प्रतिक्रिया हो सकती है। इस पर घबराये ना सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी) बनाई गई है जो प्रतिकूल प्रतिक्रिया होने पर तुरंत आवश्यक सहयोग करेगी।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने कहा कि लखनऊ जिले में 54.21 लाख की आबादी को फाइलेरियारोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है। यहां अभियान के तहत 4500 टीमों द्वारा घर-घर जाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। हर टीम हर दिन कम से कम 25 घरों का भ्रमण कर दवा का सेवन कराएगी। कार्यक्रम को सहयोग कर रही संस्था ईआईएसएआई इंडिया की ओर से 7000 कैप और अप्रेन का वितरण किया गया। इस मौके पर सिविल अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा और सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन, डब्ल्यूएचओ, पीसीआई, पाथ, ईआईएसएआई इंडिया, सेन्टर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर)के प्रतिनिधि, जिला मलेरिया इकाई के सदस्य, अस्पताल का स्टाफ और आम जनता मौजूद थी।

इसी क्रम में काकोरी, मलिहाबाद सीएचसी और ग्वारी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सहित जनपद के सभी नगरीय एवं ग्रामीण सीएचसी और पीएचसी पर आईडीए अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने किया।

# बाल संरक्षण गृह से विद्यालय गया छात्र लापता

- जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कोतवाली में दर्ज कराई छात्र की गुमशुदगी
- पुलिस लापता छात्र की तलाश में जुटी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिले के बाल संरक्षण गृह में रहने वाला एक 12 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक वह पंतनगर स्थित कंपोजिट विद्यालय में पांचवीं का छात्र था और शुक्रवार को विद्यालय गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। छुट्टी के बाद जब वह दिखाई नहीं दिया तो कर्मियों ने रात भर उसकी तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह जिला प्रोबेशन अधिकारी के नगर कोतवाली में छात्र के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस लापता छात्र की तलाश में जुटी है।

नगर कोतवाली गोण्डा क्षेत्र के परेड सरकार स्थित बाल संरक्षण गृह में रहने वाला उत्तम कुमार उम्र 12 वर्ष पंतनगर स्थित कंपोजिट विद्यालय में पांचवी कक्षा में पढ़ता था?। बाल संरक्षण गृह के कर्मचारियों के मुताबिक वह शुक्रवार की सुबह स्कूल गया था लेकिन दिन भर वापस नहीं लौटा। छुट्टी के बाद जब वह दिखाई नहीं दिया तो कर्मियों ने उसकी तलाश शुरू की? लेकिन



उसका कहीं पता नहीं चल सका। तब इसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी व चाइल्ड हेल्प लाइन को दी गई। अधिकारी व कर्मचारी रात भर उसे को तलाश करते रहे लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने नगर कोतवाली में उत्तम के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बाल संरक्षण गृह के चीफ कोऑर्डिनेटर उपेंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक बाल गृह के चार बच्चे कंपोजिट स्कूल में पढ़ने जाते हैं। इसी में उत्तम कुमार भी था। बच्चों को ले जाने के लिए संस्था की तरफ से वाहन की व्यवस्था है। बच्चों को लाने ले जाने की जिम्मेदारी दिनेश कुमार व प्रसून सिंह की थी। यही दोनों कर्मी शनिवार को बच्चों को स्कूल छोड़ने गए थे। छुट्टी के बाद कर्मचारी जब बच्चों को लाने गए, तो उत्तम गायब मिला। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। छात्र की तलाश की जा रही है।

## कप्तान ने की सख्त कार्यवाही, मनकापुर कोतवाल निलंबित

**दो पक्षों में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में मनकापुर के कोतवाल द्वारा की गई थी एकपक्षीय कार्रवाई**

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जिले के थाना कोतवाली मनकापुर क्षेत्र अन्तर्गत दो पक्षों में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में प्रभारी निरीक्षक थाना मनकापुर द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वितीय पक्ष जिसके घर में शादी की रस्में चल रही थी उसके घर में बिना किसी अभियोग के दबिश देना व पैसों के लेनदेन के प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए 151 सीआरपीसी के तहत चालान करने के आरोपों की जांच पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी मनकापुर से करायी गयी,जिसमें प्रकरण के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक मनकापुर के प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने व आम जनमानस में पुलिस की छवि धूमिल करने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं।

# गोण्डा डायट के प्रवक्ता ज्ञान बहादुर प्रदेश में जनपद का नाम कर रहे रोशन

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

एक कहावत है यह धरती वीरों से खाली नहीं है। इस कहावत को चरितार्थ किया है डायट गोण्डा के प्रवक्ता ज्ञान बहादुर ने। इनके व्याख्यान व शिक्षण कौशल का जनपद ही नहीं प्रदेश स्तर पर भी सराहना हो रही है। इनके शैक्षिक विडियोज को विभाग के विभिन्न यूट्यूब व टीवी चैनलों पर प्रसारित किया जा रहा है। जोकि जनपद के साथ ही मंडल का भी नाम रोशन कर रहे हैं।

अपने नाम के अनुरूप ही ये ज्ञान का भंडार समेटे बच्चों को अपने



- एससीईआरटी के विविध यूट्यूब व टीवी चैनलों पर इनके व्याख्यान छात्र छात्राओं के लिए बन रहे संजीवनी


शिक्षण से मंत्रमुग्ध करते हुए ज्ञान का प्रकाश चहुंओर बिखेर रहे हैं। जिसे छात्र छात्राओं द्वारा बहुत ही पसंद किया जा रहा है।इनके इस प्रभावकारी प्रस्तुतीकरण के लिए राज्य हिन्दी संस्थान वाराणसी उत्तरप्रदेश ने? प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करने पर संस्थान के निदेशक द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार स्वरूप धनराशि देकर सम्मानित किया।इस कामयाबी के लिए पूरे डायट परिवार के साथ ही डायट प्राचार्य अतुल कुमार तिवारी ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# सरयू नदी में डूबकर युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम फत्तेपुर कोटहना के बंधिया घाट स्थित सरयू नदी में नहाने गये युवक की नदी में डूबकर मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया और विधिक कार्यवाही में जुट गई। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया है।

रामदयाल पुत्र रामसकुच निवासी ग्राम धनावा थाना परसपुर ने कोतवाली कर्नलगंज में दी गई लिखित सूचना में कहा है कि दिनांक 09.02.2024 शुक्रवार को उनका लड़का धर्मपाल पुत्र रामदयाल उम्र 36 वर्ष स्नान करने बंधिया घाट फत्तेपुर कोटहना समय करीब सांय 4 बजे आया था। जो कपड़ा निकालकर



सरयू नदी में नहा रहा था और नदी में सैवाल ज्यादा होने के कारण उसी में फंसकर पानी में डूब गया। जिसका काफी तलाश करने के बाद दिनांक 10.02.2024 को दिन में समय करीब 11:30 बजे उसका शव पानी में मिला है,जिसे निकालकर बाहर किया गया है। उसके लड़के की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया और विधिक कार्यवाही में जुट गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हेमन्त कुमार गौड़ ने बताया कि शव को नदी से बाहर निकलवाकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना समाधान दिवस में एक का हुआ निस्तारण

रुपईडीह /गोंड, समृद्धि न्यूज़ थाना कौड़िया परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल 12 शिकायत पत्र मिला। जिसमें एक का त्वरित निस्तारण करते हुए तहसीलदार सदर ने पिछले माह में आई शिकायतों का निस्तारण न होने पर राजस्व कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सभी लंबित शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया। कौड़िया थाना पर आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार सदर ने की। जिसमें कुल 12 शिकायत शिकायत पत्र मिले। जिसमें तीन पुलिस व नौ राजस्व से संबंधी रहा। जिसमें एक पुलिस से संबंधित शिकायत पत्र का निस्तारण करते हुए बाकी सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम गठन कर निस्तारण करने का निर्देश दिया। तहसीलदार सदर ने पिछले माह में थाना दिवस में आए शिकायतों का निस्तारण न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए लंबित शिकायतों को शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया।

# विकासखंड मनकापुर के ग्राम सभा चौबेपुर में सचिव की मनमानी से ठप पड़ा गांव का विकास

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

- विकासखंड मनकापुर में कुछ सचिवों के पास लगभग आधे दर्जन से अधिक ग्राम सभाओं का है प्रभार

जनपद गोंडा विकासखंड मनकापुर में स्थानीय जिम्मेदारों की मनमानी से उल्टी हवा बह रही है। जिससे विकासखंड के कई ग्राम सभा में मनरेगा सहित महत्वपूर्ण योजनाओं के काम पर ग्रहण लगा हुआ है और जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ रखे बैठकर तमास बीन बनकर तमासा देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि विकासखंड मनकापुर के ग्राम सभा चौबेपुर में विगत काफी दिनों से कार्यरत ग्राम सभा सचिव की मनमानी से गांव का विकास कार्य बाधित पड़ा हुआ है। जिससे मनरेगा सहित महत्वपूर्ण योजनाएं गांव में छलावा साबित हो रही हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान चौबेपुर लीलावती सिंह के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह ने बताया कि हमारे यहां ग्राम सभा में सचिव मनीषा यादव की दोबारा तैनाती हुई है।

2021 में लगभग 1 वर्षों तक काम करने के बाद इनका ट्रांसफर हो गया था और पुनः 2022 में ग्राम सभा का मनीषा यादव ने चार्ज लिया तब से आज तक सचिव हैं। ग्राम सभा में किसी काम के लिए जब इन्हें बुलाया जाता है तो बताती है कि घर पर कोई बीमार है। कभी कहती हैं लड़का बीमार है। ऐसे में गांव के तमाम कार्य बाधित हो जाते हैं। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि इन्हीं कारणों से लगभग 1 वर्ष से मनरेगा में हमारे यहां कोई काम नहीं किया गया है। ऐसे में जिम्मेदार अफसरों से कई बार शिकायत भी की गई लेकिन न तो सचिव का ट्रांसफर हो रहा है और न कोई कार्यवाही की जा रही है। प्रधान प्रतिनिधि के बयानों से केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजना की ग्राम सभा में हवा निकलते नजर आ रही है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी मनकापुर से बात करने के लिए टेलीफोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया जिससे यहां विकास कार्यों को पलीता लगना स्वाभाविक है। ऐसे ही खंड विकास अधिकारी मनकापुर भी मनकापुर विकासखंड में दुबारा तैनाती पर आए हुए थे। लेकिन शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी ने मौखिक रूप से वीडीओ को वहां से हटने के लिए निर्देश देते हुए अन्य वीडीओ की तैनाती कर दी। ठीक इसी प्रकार एपीओ मनकापुर भी एक कार्य योजना में घालमेल करने के कारण एफ आई आर तक की दंश झेले उसके बाद पुनः मनकापुर विकासखंड में ही दुबारा तैनाती कराकर वापस आ गए।

## भूमि विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।

स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गाँव में भूमि विवाद को लेकर एक व्यक्ति को मारने पीटने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम पंचायत दूबे पुरवा मरचौर थाना परसपुर निवासी राम सुन्दर लोनिया पुत्र बुधराम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद को लेकर उसका पुत्र ननके लोनिया व बहू सुमना पता उपरोक्त 8 फरवरी को तकरीबन शाम 5 बजे उसको भद्दी-भद्दी गाली गलौज देते हुए मुक्का थप्पड,लाठी, डंडा से मारने पीटने लगे। पीड़ित के शोर




करने पर उसका नाती राजेश पुत्र राजू बचाने आया तो उसको भी मारने पीटने लगे। कुछ देर बाद पास पड़ोस के लोगो द्वारा बीच बचाव किया गया। पीड़ित का उपरोक्त पुत्र व बहू उसको जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस बाबत परसपुर थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि प्रार्थी राम सुंदर लोनिया पुत्र बुधराम की तहरीर पर प्रार्थी का लड़का ननके लोनिया व बहू सुमन के खिलाफ विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### पीडीए पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के नि. जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव के नेतृत्व में सदर विधानसभा के शेखदहीर मीरगंज में पीडीए पखवाड़ा के तहत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच बोलते हुए लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नन्देश्वर नन्द यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा सरकार आई है तभी से महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार भ्रष्ट कानून व्यवस्था का बोलबाला है। देश व प्रदेश में लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। थाने व तहसील भाजपा के कार्यालय बन कर रह गए हैं।आम नागरिकों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गरीबों को तहसील व थानों से भगाया जा रहा है। बिना घूस के उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ नीरो के शासक की तरह चैन की बंशी बजा रहे हैं और प्रदेश की जनता न्याय की आस में दर-दर भटक रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा के आम चुनाव में अब पीडीए ही एनडीए को हराएगा। पीडीए ही इस देश की रीढ़ है। पीडीए के लोग अखिलेश यादव की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। इस अवसर पर दिनेश यादव,जगदीश लोधी,सुरेश लोधी,मिंकू लोधी,लरकऊ लोधी,राजेन्द्र,दिलीप कुमार,अखिलेश, मोहन यादव,अशोक कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा।

### कार की टक्कर से युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर खड़े दो चचेरे भाई को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी जिससे दोनो एक्सप्रेस-वे से नीचे खाई में जा गिरे। इस हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर परीक्षण के लिए भेजा और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। बांगरमऊ के मोहल्ला तकिया निवासी मोहम्मद आजाद पुत्र इस्तियाक अपने चचेरे भाई राजू पुत्र इंसान अली के साथ लखनऊ बाइक से दवा लेने जा रहा था तभी शनिवार सुबह करीब 9रू30 बजे कस्बे के टोल के पास एक्सप्रेस-वे पर लघु शंका के लिए दोनों खड़े थे तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने दोनों के टक्कर मार दी जिससे दोनों एक्सप्रेस-वे के नीचे पत्थरो पर जा गिरे जिससे दोनों गंभीर रूप घायल हो गए जिन्हें यूपीडा एंबुलेंस से सीएचसी औरास लाया गया जहां डाक्टर ने राजू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप घायल आजाद को केजीएमयू रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंचे हल्का दरोगा मोरमुकुट पांडे ने शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। घायल को लखनऊ के केजीएमयू रेफर किया गया। पुलिस ने राजू के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक राजू की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। मौत की सूचना पर पहुंची पत्नी रेशमा शव देख बदहवास हो गयी। वहीं अन्य परिजनों मे कोहराम मच गया।

# आभूषण व्यवसाई को चाकू मारकर की लूटपाट, मुकदमा दर्ज

- दुकान बंद कर वापस आते समय बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम
- एसपी ने दिया जल्द से जल्द गिरफ्तार करके खुलासा करने का निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के बुधवा गांव से दुकान बंद कर सराफा व्यवसाई बाइक से अपने घर आ रहा था। रात आठ बजे बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक करते हुए बाइक रुकवा की। इसके बाद 50 हजार नकदी और सोने चांदी के जेवरात लूट ले गए।

विरोध करने पर चाकू से हमला किया। सर्राफा व्यवसाई को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।कोतवाली नानपारा अंतर्गत शिवाला बाग निवासी अमित कुमार सोनी पुत्र कृपा शंकर सोनी आभूषण व्यवसाई हैं। वह आभूषण की दुकान का संचालन बुधवा गांव में करते हैं।

प्रतिदिन की तरह शुक्रवार रात 8:00 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से वापस अपने घर आ रहे थे। अमित के पास पूरे दिन के बिक्री का 50 हजार रूपये नकदी, सोने और चांदी का जेवरात था।

### लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश



जिले में बढ़ रहे अपराध को लेकर शनिवार को डीआईजी ने निरीक्षण किया। जिला अस्पताल में भर्ती घायल सराफा व्यवसाई और बुबकापुर निवासी युवती से वार्ता कर लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्यवाई के निर्देश दिए। शनिवार को डीआईजी एपी सिंह जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल सराफा व्यवसाई और फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बुबकापुर में मारपीट में घायल युवती का हाल जाना। डीआईजी बढ़ रहे अपराध को लेकर काफी नाराज दिखे। उन्होंने लापरवाह पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी वृंदा शुक्ला, एसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ सिटी राजीव समेत अन्य मौजूद रहे।

### चाकू से गर्दन पर किया ताबड़तोड़ वार

बाइक सवार सर्राफा दुकानदार नई बस्ती नहर पुलिया के पास पहुंचा। तभी अज्ञात बाइक सवार तीन लोग आ गए। सभी ने अमित की बाइक रूकवाई, इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। बदमाश अमित के पास मौजूद बिक्री का 50 हजार नगदी और सोने चांदी का जेवरात लूट कर फरार हो गए। घायल व्यापारी वही मौके पर ही पड़ा रहा। कुछ देर बाद मौके से निकल रहे लोगों ने युवक को सड़क पर पड़ा देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय और पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायल अमित को सीएचसी पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लूट की वारदात हुई है। पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कोतवाल ने बताया कि अमित के पास 50 हजार रूपये नकदी और जेवरात होने की बात सामने आ रही है।

### एसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारी व थाना प्रभारी नानपारा मिथिलेश कुमार राय को जल्द से जल्द जांच कर सीसीटीवी फुटेज इत्यादि के माध्यम से अभियुक्तों का पता लगा गिरफ्तारी करने के लिए निर्देशित किया। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि पीड़ित खतरे से बाहर है। इस घटना पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा जल्द से जल्द अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# नानपारा से मैलानी के लिए शुरू हुई पैसेंजर ट्रेन

- अमान परिवर्तन के चलते नानपारा से ट्रेनों का संचालन करना बना मजबूरी
- दो अप और दो डाउन ट्रेन प्रखंड पर लगाएंगे दौड़

बहराइच समृद्धि न्यूज

बहराइच नेपालगंज रेल प्रखंड के अमान परिवर्तन के चलते शनिवार से नानपारा जंक्शन से मैलानी के लिए ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ। नानपारा से मैलानी के बीच प्रतिदिन दो अप और दो डाउन ट्रेनों का संचालन होगा। इन ट्रेनों के संचालन से इस प्रखंड के यात्रियों को तो सहूलियत मिलेगी, लेकिन नेपालगंज प्रखंड के लोगों को अब समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।पूर्वोत्तर रेलवे के बहराइच नेपालगंज रेल प्रखंड का मन परिवर्तन कार्य शनिवार से शुरू हुआ है। अमान परिवर्तन कार्य के चलते नेपालगंज बहराइच के बीच ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बंद हो गया है ऐसे में लखीमपुर के मैलानी जंक्शन के लिए





नानपारा जंक्शन से शनिवार को ट्रेन संचालित हुई। शनिवार सुबह 6:30 बजे पैसेंजर ट्रेन मैलानी के लिए रवाना हुई। इसके बाद सुबह 11:00 बजे दूसरी ट्रेन मैलानी के लिए लगाना हुई पहले दिन दोनों ट्रेनों में काम यात्री रहे। हालांकि नानपारा से मैलानी जाने वाले यात्रियों को इस ट्रेन से तो लाभ मिला, लेकिन बहराइच से नेपाल गंज के यात्रियों को अब दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। मालूम हो कि बहराइच से रूपईडीहा के मध्य अब सिर्फ प्राइवेट वाहनों का ही सहारा है। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि पहले दिन दो ट्रेन मैलानी के लिए नियत समय से रवाना हुईं। जबकि ट्रेन आई भी। उन्होंने बताया कि इसी तरह ट्रेनों का संचालन प्रतिदिन किया जायेगा।

# भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के वाहन में तोड़फोड़

- एक मैरिज लान में खड़ा था वाहन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

कैसरगंज भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के वाहन में शुक्रवार रात को अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की। सुबह जानकारी होने पर अध्यक्ष ने तहरीर दी है। अभी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर एक निवासी अनिरुद्ध प्रताप सिंह उर्फ अरुण पुत्र




सत्रोहन सिंह भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हैं। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि यूपी 40 बीबी 0782 बरखुरद्वारापुर में स्थित मैरिज लान में खड़ी थी। लान में अज्ञात लोगों ने रात में वाहन में जमकर तोड़फोड़ की एसयूवी वाहन के शीशा कई स्थान पर क्षतिग्रस्त हो गए। रात 11:00 बजे अज्ञात लोगों द्वारा किए गए हमले में गाड़ी के पीछे साइड का पूरा शीशा चकनाचूर हो गया। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि कल ही शाम को कुछ लोगों से विवाद हुआ था। ऐसे में उन्हीं पर आशंका है। इस मामले में कोतवाल राजनाथ सिंह को फ़ोन लगाया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ दी गई विदाई

- शिक्षक बच्चों के जीवन को संवारने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देते हैं : बकाउल्लाह

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को युसरा इंटर कॉलेज सोनारी चौराहा के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।युसरा इंटर कॉलेज के सभागार में



आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विद्यालय के प्रबंधक बकाउल्लाह ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाना है ऐसे में वह सतत प्रयास करते रहें जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। उन्होंने कहा की विद्यालय के बच्चों का जो जुड़ाव विद्यालय से होता है वह उन्हें जीवन भर याद रहता है शिक्षक बच्चों के जीवन को सवांरने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देते हैं छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक ने माला पहनकर एवं उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया और छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य संजय सिंह, सहायक अध्यापक सुजीत सिंह, विनोद कुमार, किशन सिंह, रूहुल कमर समेत समेत अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# डीएम के औचक निरीक्षण में प्रभारी चिकित्साधिकारी मिले अनुपस्थित, गंदगी पर हुई नाराज

- 15 दिन में नहीं हुआ सुधार तो होगी कठोर कार्रवाई : मोनिका रानी
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजौली का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार की सीमा पर स्थित जिले के दूरस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजौली का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ व दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण एवं पंजीकरण काउण्टर, इमरजेन्सी वार्ड व सामान्य



वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार मोतीपुर अर्सलान व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष गुप्ता अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद फार्मासिस्ट महेश्वरी प्रसाद शुक्ला से डीएम ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं चिकित्सकों व स्टाफ, दवा एवं टीकाकरण इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। चिकित्सालय भवन एवं वार्डों की साफ-सफाई बेहतर न पाये जाने पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि 15 दिवस में यदि स्थिति में सुधार नहीं पाया जाता है तो कठोर कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि दूरस्थ क्षेत्र में चिकित्सालय आने वाले मरीज़ों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं।

## ग्रामीणों ने चोर को पकड़ कर हाथ पैर बांध की पिटाई


**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के फत्तेपुरवा ग्राम पंचायत में शुक्रवार रात को चोर पहुंच गए। सभी ने चोरी का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों ने एक चोर को घेरकर पकड़ लिया। इसके बाद उसके हाथ और पैर बांधकर तालिबानी सजा दी। पिटाई कर चोर को पुलिस को सौंप दिया। जिले में शुक्रवार रात को हरदी पुलिस के गश्त की पोल खुल गई। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जुमा के लिए गश्त करती रही। लेकिन घटनाएं भी जिले में बढ़ी। नानपारा में सराफा व्यवसाई से लूट हो गई। उधर देर रात को तीन से चार की संख्या में चोर ग्राम पंचायत फत्तेपुरवा के मरवट में पहुंच गए। लेकिन ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई। ग्रामीणों ने एक चोर को घेरकर पकड़ लिया। जमकर पिटाई की। इसके बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष एसके सरोज को फोन लगाया गया, उनके मोबाइल पर घंटी बजती रही। उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।


# दस हजार लोगों ने उठाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

- भारत नेपाल के 40 सीमावर्ती गांवों के गरीबों को अपने गांव में ही मिली बेहतर निःशुल्क इलाज एवं दवाएं

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नर सेवा नारायण सेवा के भाव को लेकर श्री गुरु गोरक्षनाथ चतुर्थ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के दौरान सीमा क्षेत्र में 40 स्थान पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लगभग 10000 से अधिक ग्रामीण को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई। विकासखंड मिहीपुरवा एवं नवाबगंज क्षेत्र कुल 40





गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ।जिसमें भारत नेपाल सीमा से सटे गांव रंजीतबोझा, आंबा, बर्दिया,फकीरपुरी, सोहनी बलई गांव कठौतिया, सोंगवा, केवलपुर, विशुनापुर, जैतापुर, निधिनगर, पोखरा, मजगंवा छोटिया गांव, जामदान, होलिया, इटहवा समेत 40 स्थान पर कैंप आयोजित हुए।थारू बाहुल्य क्षेत्र आंबा,बर्दिया फकीरपुरी आदि स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल, प्रांत संचालक कृष्ण मोहन, प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राज किशोर, प्रांत बौद्धिक प्रमुख सुनील कुमार, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर अशोक दुबे, विभाग प्रचारक अवधेश आदि ने पहुंच कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा चिकित्सकों एवं ग्रामीणों से कुशल क्षेम पूछा। यात्रा शिविर के संयोजक आलोक जिंदल ने बताया कि श्री गुरु गोरखनाथ यात्रा शिविर का यह चौथा वर्ष है। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के माध्यम से आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के 40 गांव में आयोजित कैंपों में लगभग 10 हजार से अधिक मरीजों का निशुल्क जांच और इलाज कर दवाएं उपलब्ध कराई गई।यात्रा शिविर से गरीब व जरूरतमंदों को लाभान्वित होने का उनके गांव में ही अवसर प्राप्त हुआ। डा पुष्पेश मिश्रा, डॉ अल्पित शर्मा, डॉ नवदीप, डॉ विक्रम सिंह , डा पार्थवी, डा. शिप्रा आदि सहित विभिन्न मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीज के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।यात्रा शिविर में यात्रा के सहसंयोजक धर्मेंद्र, आलोक पाठक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक बाबूलाल शर्मा, सह जिला संघ चालक सुरेश वर्मा, जिला प्रचारक अजय, खंड संघचालक कृष्ण चंद, अरुण पाठक, बाबूलाल, सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेंद्र मौर्य उर्फ पिंटू मौर्य, नीरज मिश्रा जिला, सेवाभारती विभाग अध्यक्ष इंद्र बहादुर सिंह, शिवेंद्र, विवेक ,सरदार संजय सिंह, श्याम अग्रवाल, संघ चालक कृष्ण चंद्र,अरुण पाठक खण्ड कार्यवाह आशीष, दीपक सह कार्यवाह सर्वेश खण्ड विस्तारक आदि उपस्थित रहे।

## भारत रत्न की त्रिमूर्ति

केन्द्र सरकार ने देश के प्रधानमन्त्री रहे स्व. चौधरी चरण सिंह व पी.वी. नरसिम्हा राव के साथ ही कृषि वैज्ञानिक डा. एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर अपने कर्त्तव्य का निर्वाह ही किया है क्योंकि तीनों विभूतियां इस सम्मान की हकदार समझी जातीं थीं। इससे कुछ दिनों पहले केन्द्र सरकार ने भाजपा नेता लालकृष्ण अडवाणी को यह सम्मान दिया था और उससे पहले इसी साल समाजवादी नेता श्री कर्पूरी ठाकुर को भी इससे अलंकृत किया था। कुल मिलाकर इस बार पांच हस्तियों को भारत रत्न दिया गया है। इनमें से चार को मरणोपरान्त व एक को जीवित रहते। वास्तव में 1966 तक भारत रत्न सम्मान जीवित विभूति को ही दिया जाता था और ऐसे व्यक्तित्व का चयन किया जाता था जिसका मानव जीवन के वैविध्यपूर्ण क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हो। परन्तु 1965 में हुए भारत–पाक युद्ध के बाद देशभर में महान लोकप्रियता अर्जित करने वाले प्रधानमन्त्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की 11 जनवरी, 1966 को ताशकन्द में आकस्मिक मृत्यु के बाद प्रधानमन्त्री बनी श्रीमती इन्दिरा गांधी ने शास्त्री जी को इस सम्मान से विभूषित करने के लिए इसके नियमों में परिवर्तन किया और मरणोपरान्त भी महान व्यक्तित्वों को यह सम्मान देने का दरवाजा खोला। मरणोपरान्त भारत रत्न पाने वाले शास्त्री जी प्रथम व्यक्तित्व थे। इसके बाद ही अन्य राष्ट्रीय विभूतियों को मरणोपरान्त भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया। बेशक चौधरी चरण सिंह इस सम्मान के सुपात्र थे क्योंकि उन्होंने पूरा जीवन किसानों के उत्थान व पिछड़े व कमजोर लोगों के विकास में लगाया। चौधरी साहब स्वतन्त्र भारत की राजनीति में एक मात्र ऐसे राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने अपने एकमात्र पुत्र स्व. अजित सिंह को राजनीति में आने को इसलिए अयोग्य करार दिया था क्योंकि उनका लालन– पालन बहुत एशोआराम में उनके घर में ही हुआ था और उन्हें गांवों व किसानों के दुख–दर्द के बारे में किसी प्रकार का अनुभव नहीं था। राजनीति में परिवारवाद के वह सख्त विरोधी थे और मानते थे कि सियासत में जमीन पर संघर्ष करने वाले लोग ही गांवों व गरीब की राजनीति करने वाली पार्टियों मे आयें। 1984 के लोकसभा चुनावों के दौरान प्रचार करते हुए उत्तर प्रदेश के शहर मैनपुरी में आयोजित एक जनसभा में उन्होंने अपने पुत्र अजित सिंह के बारे में जो कुछ भी कहा था उसे शब्दशः मैं यहां उद्धृत कर रहा हूं। ''भाइयों आपका एक बेटा है अजित सिंह। वह कम्प्यूटर का बड़ा भारी इंजीनियर है। अमेरिका में नौकरी करता है। लोग मुझसे कहते हैं कि उसे पालिटिक्स में लाओ। मैं कहता हूं कि वह सियासत में आने के काबिल नहीं ही क्योंकि उसकी परवरिश एक मिनिस्टर के घर में हुई है (चौधरी साहब उत्तर प्रदेश में 1967 तक कांग्रेस की सरकारों में मन्त्री रहे थे और इसके बाद मुख्यमन्त्री भी रहे थे। 1977 में तो वह केन्द्र में मन्त्री भी थे और 1979 में प्रधानमन्त्री भी बन गये थे)। उसे क्या पता गांव में मढैया कैसे पड़ती है। उसे नहीं मालूम कि किसान रहट से कैसे सिंचाई करता है। उसे किसानों और मजदूरों के दुख दर्द के बारे में क्या पता''। वर्तमान दौर की राजनीति देख कर क्या कोई कल्पना कर सकता है कि आजाद भारत में एक ऐसा राजनेता भी हुआ जिसने भरी जनसभा में सार्वजनिक रूप से अपने एकमात्र पुत्र का राजनीति में आने को लेकर इस प्रकार का चित्रण किया हो। इसके साथ ही चौधरी साहब एक कुशल प्रशासक होने के साथ ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे। उनका सार्वजनिक जीवन सदाचारी व खुली किताब था।

**अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों द्वारा जिस बात पर जोर दिया जाता रहा है लगता है उस पर कोई सरकार पहली बार इतनी गंभीर नजर आ रही है। भजनलाल सरकार के पहले अंतरिम बजट में श्री अन्न योजना को लेकर सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है। सरकार ने 12 लाख किसानों को मक्का बीज, 8 लाख काश्तकारों को बाजरा व एक लाख काश्तकारों को ज्वार के उन्नत गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। तिलहन और दलहन को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रतिबद्धता को ही ध्यान में रखते हुए सात लाख काश्तकारों को सरसों और चार लाख किसानों को मूंग व एक लाख किसानों को मोठ के उन्नत बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की बात भी कही है। डेयरी के साथ ही पशुपालन को भी उतना ही महत्व दिया गया है। यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समय था जब खेती के साथ पशुपालन एक दूसरे के पूरक हुआ करते थे। हालांकि कृषि में उपकरणों/यंत्रों के उपयोग के कारण पशुपालन प्रभावित हुआ है पर पशुपालन ही किसान की आर्थिक उन्नति का प्रमुख माध्यम बन सकता है।**

# राजस्थान में खेती-किसानी को मिलेगा बूस्ट

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



**अब इससे साफ हो जाता है कि इससे किसान, खेती ओर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ही सीधा-सीधा लाभ मिलेगा। बीज वितरण होगा तो वह खेती में ही काम आयेगा। उन्नत बीज होगा और उससे बाजरा, मक्का, ज्वार, सरसों, मूंग मोठ आदि का उत्पादन बढ़ेगा और इसका लाभ भी किसान और साथ-साथ देश और प्रदेश को मिलेगा। मेरा आरंभ से ही मानना रहा है कि किसानों को ऋण माफी या नकद अनुदान के स्थान पर उतनी राशि का कुछ अंश भी यदि इनपुट यानी कि खाद-बीज के रुप में दिया जाये तो सही मायने में यह काश्तकार की सहायता है। दरअसल अनुदान के रूप में नकद राशि मिलना चाहे वह ऋण माफी हो या अन्य तो उसका उत्पादकता से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं रहता और इससे काश्तकार को जो लाभ पहुंचाने की सरकार की मंशा होती है वह पूरी भी नहीं हो सकती।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार का अंतरिम बजट प्रस्तुत खेती-किसानी को बूस्ट देने वाला है। राज्य की उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री दीया कुमारी ने इसे केवल तीन-चार माह के सरकार चलाने के खर्चों को पारित कराने तक ही सीमित नहीं रखकर सर्वस्पर्शी अंतरिम बजट प्रस्ताव प्रस्तुत कर साफ संदेश दे दिया है। उन्होंने राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं और विकास का रोडमेप सामने रखा है। केन्द्र सरकार की तरह ही यह अंतरिम बजट युवा, महिला, गरीब और किसान केन्द्रित है। लगभग सभी पक्षों को लेकर राज्य सरकार की इच्छाशक्ति को सामने रख दिया गया है। इसमें खेती- किसानी पर खास जोर दिया गया है। वित्तमंत्री दीया कुमारी ने बजट प्रस्तावों को पीएम किसान सम्मान निधि को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रहकर कृषि क्षेत्र में अल्पकालीन और दीर्घकालीन विकास का रोड़मेप सामने रखा है। इनसे निश्चित रूप से अल्पकालीन नहीं अपितु खेती किसानी में दीर्घकालीन सुधार होगा वहीं किसानों को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा।

अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों द्वारा जिस बात पर जोर दिया जाता रहा है लगता है उस पर कोई सरकार पहली बार इतनी गंभीर नजर आ रही है। भजनलाल सरकार के पहले अंतरिम बजट में श्री अन्न योजना को लेकर सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है। सरकार ने 12 लाख किसानों को मक्का बीज, 8 लाख काश्तकारों को बाजरा व एक लाख काश्तकारों को ज्वार के उन्नत गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। तिलहन और दलहन को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रतिबद्धता को ही ध्यान में रखते हुए सात लाख काश्तकारों को सरसों और चार लाख किसानों को मूंग व एक लाख किसानों को मोठ के उन्नत बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

अब इससे साफ हो जाता है कि इससे किसान, खेती ओर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ही सीधा-सीधा लाभ मिलेगा। बीज वितरण होगा तो वह खेती में ही काम आयेगा। उन्नत बीज होगा और उससे बाजरा, मक्का, ज्वार, सरसों, मूंग मोठ आदि का उत्पादन बढ़ेगा और इसका लाभ भी किसान और साथ-साथ देश और प्रदेश को मिलेगा। मेरा आरंभ से ही मानना रहा है कि किसानों को ऋण माफी या नकद अनुदान के स्थान पर उतनी राशि का कुछ अंश भी यदि इनपुट यानी कि खाद-बीज के रुप में दिया जाये तो सही मायने में यह काश्तकार की सहायता है। दरअसल अनुदान के रूप में नकद राशि मिलना चाहे वह ऋण माफी हो या अन्य तो उसका उत्पादकता से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं रहता और इससे काश्तकार को जो लाभ पहुंचाने की सरकार की मंशा होती है वह पूरी भी नहीं हो सकती।

भले ही ऋण माफी या नकद राशि से किसान खुश हो जाए पर जो खेती-किसानी को वास्तविक लाभ इनपुट वितरण से हो सकता है वह किसी दूसरे विकल्प से नहीं। अच्छी बात यह है कि दीया कुमारी ने अंतरिम बजट में खेती-किसानी के लिए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को भी उतना ही महत्व दिया है जितना प्रमाणित गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने पर दिया है। राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रा मिशन के लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसमें पानी के संरक्षण हेतु 20 हजार फार्म पॉन्ड, 10 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन, 50 हजार किसानों को तारबंदी हेतु सहायता, 5 हजार वर्मी कंपोस्ट के साथ ही कृषि प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा 500 कस्टम हायरिंग सेंटर में ड्रोन जैसी सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे जहां एक और पानी की एक-एक बूंद सहेजी जा सकेगी और खेती में सिंचाई के पानी की छीजत को कम किया जा सकेगा। वहीं वर्मी कंपोस्ट से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और ड्रोन जैसी तकनीक हायरिंग आधार पर किसान प्राप्त कर सकेंगे। दीया कुमारी ने पीएम किसान सम्मान निधि भी 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपये करने की घोषणा की है।

गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की बात भी कही है। डेयरी के साथ ही पशुपालन को भी उतना ही महत्व दिया गया है। यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समय था जब खेती के साथ पशुपालन एक दूसरे के पूरक हुआ करते थे। हालांकि कृषि में उपकरणों/यंत्रों के उपयोग के कारण पशुपालन प्रभावित हुआ है पर पशुपालन ही किसान की आर्थिक उन्नति का प्रमुख माध्यम बन सकता है। यही कारण है कि 5 लाख गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी करने का प्रावधान करते हुए एक-एक लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण देने का प्रस्ताव है। निश्चित रूप से इससे पशुपालन को प्रोत्साहन मिलेगा। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि यदि कोई सरकार खेती-किसानी का वास्तविक भला चाहती है तो उसे खेती के क्षेत्र में दी जाने वाली सहायता राशि का उपयोग उन्नत प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराने में कराने में करना चाहिए। इससे केवल किसान ही नहीं अपितु देश ओर प्रदेश को समग्र रूप से मिल सकता है। यह साफ हो जाना चाहिए कि कृषि उत्पादन में कमी या बढ़ोतरी अर्थ व्यवस्था की सीधे-सीधे प्रभावित करती है। कोरोनाकाल हमारे सामने उदाहरण है तो रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध आदि इसके जीते जागते उदाहरण है। खाद बीज की सहज उपलब्धता के साथ ही यदि किसानों को उनकी पैदावार का पूरा पैसा मिलने लगे तो निश्चित रूप से किसान समृद्ध होंगे और इसका लाभ सामाजिक -आर्थिक विकास में प्राप्त हो सकेगा।

**विचार**

# भेदभावपूर्ण नीति के खिलाफ लड़ रही केरल की एलडीएफ सरकार

पी.सुधीर

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, पूरा मंत्रिमंडल और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के सभी विधायक और सांसद 8 फरवरी को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में बैठे। यह धरना केरल के प्रति केंद्र सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये को उजागर करने के लिए था। राज्य सरकार का आर्थिक रूप से गला घोंटने के लिए केंद्र की शत्रुतापूर्ण कार्रवाई के खिलाफ उसी दिन केरल में दिल्ली की कार्रवाई का समर्थन करने पर बड़े प्रदर्शन हुए। विभिन्न राज्यों की राजधानियों में केरल के प्रति एकजुटता व्यक्त करने वाली बैठकें आयोजित की गई।

एक निर्वाचित राज्य सरकार की कैबिनेट को देश की राजधानी में इस तरह का विरोध प्रदर्शन करना पड़ा, यह मोदी सरकार द्वारा संघवाद पर लगातार हमले से पैदा हुए संकट का उदाहरण है। केरल के मामले में, केंद्र सरकार ने राज्य को वित्तीय सहायता में भारी कमी कर दी है। जहां तक कर हस्तांतरण का सवाल है, राज्य को दिया जाने वाला हिस्सा 3.875 प्रतिशत (दसवें वित्त आयोग के समय) से घटकर 1.9 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, केंद्र सरकार जानबूझकर उपकर और अधिभार लगाकर विभाज्य पूल को कम कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा उपकर से एकत्र किया गया राजस्व 2011-12 में उसके सकल कर राजस्व का 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 17.7 प्रतिशत यानी 4,78,680 करोड़ रुपये हो गया। यदि इसे कर के रूप में लगाया जाता तो राज्य सरकारों को इस राशि का कुछ हिस्सा मिलता। संविधान के अनुच्छेद 293 के अनुसार, राज्य विधानसभाओं के पास राज्यों के लिए उधार सीमा तय करने की शक्ति है। राज्यों की सूची की प्रविष्टि 43 के अनुसार, सार्वजनिक ऋण विशेष रूप से राज्यों का अधिकार है। इसके बावजूद, केंद्र सरकार राज्यों पर शुद्ध उधार सीमा लगाने और खुले बाजार से उधार सहित सभी स्रोतों से उधार लेने को सीमित करने के लिए हस्तक्षेप कर रही है।

**राजकोषीय संघवाद पर इन हमलों के परिणामस्वरूप, राज्य में करों की हिस्सेदारी 3.89 प्रतिशत से घटकर 1.92 प्रतिशत होने के कारण संसाधनों की कमी हो गई है। जीएसटी मुआवजे को रोकना और उधार लेने से इंकार करना भी इनमें शामिल है। इन तीन उपायों का संचयी प्रभाव का कारण इस वर्ष केरल को 57,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। राज्यों के अधिकारों का अतिक्रमण करने के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं का उपयोग और राज्यों की सूची में सूचीबद्ध विषयों में हस्तक्षेप ने भी केरल को प्रभावित किया है। राज्य को 2015-16 में बजटीय केंद्र प्रायोजित योजनाओं का 85 प्रतिशत प्राप्त हुआ। हालांकि, 2021-22 में यह घटकर सिर्फ40 फीसदी रह गया। इसके साथ ही विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को रोकने और अन्य अवरोधक रुख अपनाने में राज्यपाल की भी असवैधानिक भूमिका रही है।**

राजकोषीय संघवाद पर इन हमलों के परिणामस्वरूप, राज्य में करों की हिस्सेदारी 3.89 प्रतिशत से घटकर 1.92 प्रतिशत होने के कारण संसाधनों की कमी हो गई है। जीएसटी मुआवजे को रोकना और उधार लेने से इंकार करना भी इनमें शामिल है। इन तीन उपायों का संचयी प्रभाव का कारण इस वर्ष केरल को 57,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। राज्यों के अधिकारों का अतिक्रमण करने के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं का उपयोग और राज्यों की सूची में सूचीबद्ध विषयों में हस्तक्षेप ने भी केरल को प्रभावित किया है। राज्य को 2015-16 में बजटीय केंद्र प्रायोजित योजनाओं का 85 प्रतिशत प्राप्त हुआ। हालांकि, 2021-22 में यह घटकर सिर्फ 40 फीसदी रह गया। इसके साथ ही विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को रोकने और अन्य अवरोधक रुख अपनाने में राज्यपाल की भी असंवैधानिक भूमिका रही है।

केंद्र के इस बहुआयामी हमले का उद्देश्य 2016 और 2021 के बीच एलडीएफ सरकार के पहले कार्यकाल में की गई उल्लेखनीय प्रगति को विफल करना है। यह महसूस करते हुए कि एलडीएफ सरकार की नीतियां केरल को आगे ले जायेंगी और वह अधिक लोकप्रिय समर्थन हासिल करेंगी, मोदी सरकार राज्य विरोधी नीतियों का सहारा ले रही है।

केरल के विकास पथ को रोकने के लिए इन अलोकतांत्रिक और संघीय विरोधी कदमों का राज्य ने कड़ा विरोध किया है। इस दृष्टिकोण के पीछे मोदी सरकार और भाजपा का संघीय सिद्धांत को पूरी तरह से कमजोर करने का संकल्प है। विपक्ष शासित राज्यों के खिलाफ खुला भेदभाव यह साबित करने के लिए है कि केवल श्डबल इंजनश् सरकार- केंद्र में भाजपा और राज्य में भाजपा सरकार- ही लोगों को विकास और कल्याण प्रदान कर सकती है। इस निर्लज्ज राजनीतिक मकसद के लिए, भाजपा शासक संघवाद के सार को नष्ट करने के लिए तैयार हैं। दिल्ली में 8 फरवरी का विरोध प्रदर्शन अकेले केरल का मामला नहीं है। उठाये गये मुद्दे सभी राज्यों के लिए प्रासंगिक हैं क्योंकि केंद्र राज्य को जागीरदार में बदलने और विपक्षी शासित राज्यों के खिलाफ राजकोषीय संबंधों को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने पर आमादा है। राजकोषीय केंद्रीकरण का अभियान एकात्मक प्रणाली बनाने के प्रयास का हिस्सा है। एक राष्ट्र एक चुनाव का नारा भी भारत को एक केंद्रीकृत, एकात्मक राज्य व्यवस्था बनाने के लिए बनाया गया है। यह अच्छा है कि दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों, अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान, पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और विपक्षी दलों के विभिन्न नेताओं, जो कि इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं, ने धरने का समर्थन किया और इसमें भाग लिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने समर्थन का एक वीडियो संदेश भेजा। इसके विपरीत, जब केरल के कांग्रेस नेतृत्व से दिल्ली में धरने में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने नकारात्मक रुख अपनाया।आने वाले दिनों में, राज्यों के अधिकारों और संघवाद की रक्षा के लिए लड़ाई विपक्ष की रैली का नारा बनना चाहिए।

## दलित-वंचित समाज बनाम हिंदुत्व

प्रो. रविकान्त

2024 का लोकसभा चुनाव बेहद करीब है?। सत्तापक्ष यानी नरेंद्र मोदी के मंसूबों लिए यह चुनाव बेहद खास है। जबकि विपक्ष के लिए करो या मरो की स्थिति है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पांच महीने तक अनवरत (7 सितंबर,2022 से 26 जनवरी 2023) पैदल चलते हुए राहुल गांधी ने 4000 किमी की भारत जोड़ो यात्रा की। नरेंद्र मोदी की भय, नफरत और विभाजन की राजनीति के बरक्स राहुल गांधी ने सौहार्द्र और प्रेम का संदेश दिया। इस यात्रा से उपजे माहौल में विपक्षी दल एकजुट होने लगे। मई 2023 में विपक्ष की पहली बैठक पटना में हुई।



इसके बाद बंगलौर, मुंबई और दिल्ली में इंडिया अलाइंस बनकर तैयार हुआ। लेकिन जनवरी 2024 तक आते-आते राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं और निजी स्वार्थ टकराने लगे। गठबंधन की शुरुआत करने वाले नीतीश कुमार अब फिर से नरेंद्र मोदी के पाले (पहलू) में जा चुके हैं। इंडिया गठबंधन से विपक्ष का मजबूत नैरेटिव बना था। नीतीश कुमार के जाते ही मोदी की गोदी में बैठा मीडिया रात दिन इसे कमजोर बताने में लगा हुआ है। क्या यह चुनाव गोदी मीडिया के नैरेटिव पर लड़ा जाएगा? विपक्ष की एकजुटता में आई दरार के बावजूद यह चुनाव मोदी के लिए कतई आसान नहीं है। यही कारण है कि भाजपा अपने नए-पुराने तमाम साथियों को साधने में लगी है। दरअसल, यह देश के दलितों और वंचितों के अस्तित्व की लड़ाई का सबसे बड़ा चुनाव होने जा रहा है।दूसरे शब्दों में, 2024 का चुनाव यह तय करेगा कि दलितों वंचितों का भविष्य सुरक्षित रहेगा या नहीं। डॉ आंबेडकर ने 1940 में ही इस चुनौती को समझ लिया था। उन्होंने अपनी किताब पाकिस्तान द पार्टीशन आफ इंडिया में स्पष्ट तौर पर लिखा था कि अगर हिंदू राष्ट्र बनता है तो यह करोड़ों दलितों के लिए बड़ी आपदा साबित होगी। इसलिए किसी भी कीमत पर इसे रोका जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि हिंदू राष्ट्र ब्रिटिश हुकूमत से भी ज्यादा क्रूर होगा। आज एक तरफ तमाम बाबा और हिंदुत्ववादी संगठन भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का ऐलान कर रहे हैं तो दूसरी तरफ सत्तातंत्र के जरिए बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को धीरे-धीरे कुतरा जा रहा है। भाजपा के कतिपय नेताओं से लेकर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक गोयनका संविधान को बदलने की बात कह चुके हैं। गांधी, नेहरू और आंबेडकर के समय से मौजूद हिन्दुत्ववादियों के मंसूबे जगजाहिर हैं। हिंदुत्व के नायक सावरकर ने आजादी के आंदोलन में खुलेआम अंग्रेजों का साथ दिया। भारत छोड़ो आंदोलन और सुभाषचन्द्र बोस की आजाद हिन्द फौज के संघर्ष के समय सावरकर ने अंग्रेजी सेना का सहयोग किया। आजादी और नया संविधान हिन्दुत्ववादियों को कतई नहीं भाया। इसलिए वे विभाजन के समय सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने के लिए खासकर पाकिस्तान से आने वाले हिंदुओं और सिक्खों को उकसाने में लगे रहे।

गांधीजी की शहादत भी इसी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन इसके बाद लंबे समय तक हिंदुत्ववादी हाशिए पर रहे। कांग्रेसी सत्ता के सामने विपक्ष के साथ झूठ और फरेब करके हिंदुत्ववादी अपने आपको खड़ा करने की कोशिश करते रहे। अपनी असलियत को छुपाकर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के बीच धर्म के नाम घुसपैठ करते रहे। 90 के दशक में पहली बार उन्हें कामयाबी मिली। मंदिर आंदोलन के उभार के बावजूद वे अल्पमत में रहे। लेकिन 2014 में कारपोरेट के रथ पर सवार होकर झूठ की दुकान सजाकर नरेंद्र मोदी पूरे बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में दाखिल हुए। इसके बाद आरएसएस ने अपने एजेंडे को लागू करना शुरू किया। पहले पांच साल में खासकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कुचला गया।



## राशिफल

**मेषः**- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**वृषभः**- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**मिथुनः**- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क** :- गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंह** :- आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्याः**- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः**- आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृश्चिकः**- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

**धनुः**- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकरः**- सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है।

**कुंभः**- आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीनः**- व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# आओ वसंत...लहको, महको और महकाओ दिग्दिगंत

हृदयनारायण दीक्षित



**प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का सम्बंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।**

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत। लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गये। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है। वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गये? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरुष रूप में कल्पित किया गया हैझारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरुष मजेदार है। यह पुरुष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरुष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं।

यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है। सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं सृजन यज्ञ में यही पुरुष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं। वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरुष सूक्त से प्राचीन है। पुरुष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्यबोध का चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का सम्बंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों। वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई हैं। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा 'भारत' कहलाई-तस्माद् अग्निर्भारत।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# एडी बेसिक के निरीक्षण में गायब मिले शिक्षक

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक झांसी मंडल ने जनपद जालौन के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमें कई विद्यालयों की स्थिति बहुत जर्जर मिली। सहायक निदेशक ने बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय,कस्बा के सौरभ श्रीवास्तव, रामानीपुरा में तैनात सारिका वर्मा तथा ग्राम गुढ़ा में तैनात सुनील कुमार एवं अनिकेत वर्मा काफी समय से अनुपस्थित थे व छात्रों ने बताया कि कभी कभी ही आते है। इन सभी शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय धूता में तैनात आफ्ताब आलम कभी कभी ही आते है व विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था चौपट थी, इनका तत्काल प्रभाव से वेतन रोक दिया गया है व इनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की संस्तुति की गई है। खंड शिक्षा अधिकारी रामपुरा द्वारा शिक्षण व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है इस आशय से उन्हें भी स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

औचक निरीक्षण के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय पतराही में तैनात शिक्षक हेमंत कुमार की ड्यूटी परीक्षा में लगी थी व सहायक अध्यापक निलेश कुमार सीएल पर थे। विद्यालय बंद था व 12 बच्चे बाहर बैठे थे विद्यालय का प्रभार किसी को नही दिया गया था। ग्राम प्रधान ने बताया कि शिक्षक कभी कभी ही आते है और विद्यालय की स्तिथि दयनीय थी। शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। कंपोजिट विद्यालय धूता में 159 के सापेक्ष सिर्फ 57 बच्चे ही उपस्थित थे जबकि एमडीएम रजिस्टर में 100 संख्या पहले से ही अंकित कर दी गई थी। शिक्षण व्यवस्था शून्य थी कक्षा 7 के बच्चे हिंदी नही पढ़ पा रहे थे। शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है व वेतन अवरुद्ध कर दिया गया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय कस्बा में तैनात सहायक अध्यापक सौरभ श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक संतोष कुमार, सहायक अध्यापक विभोर, अनुचर संतोष भदौरिया सभी के सभी अनुपस्थित थे। सभी के वेतन को रोक दिया गया है व कड़ी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। प्राथमिक विद्यालय कस्बा में तैनात सहायक अध्यापक आकर्ष श्रीवास्तव व शिक्षा मित्र कृष्ण कुमारी अनुपस्थित मिले दोनों के वेतन रोक दिए गए है व दोनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमानीपुर में सिर्फ 4 बच्चे उपस्थित मिले। विद्यालय के कमरों में ताला डाला हुआ है। गांव वालों ने बताया कि शिक्षिका सरिका वर्मा कभी कभार ही आती है।

### एडी बेसिक के निरीक्षण से बीएसए के दावों की खुली पोल




उरई। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने की दुहाई देते बेसिक शिक्षाधिकारी प्रेमचंद्र की कागजी खानापूर्ति की पोल एडी बेसिक के निरीक्षण दौरान रामपुरा विकासखंड में खुलकर सामने आ गयी जहां अनेकों विद्यालयों में निरीक्षण में ताला लटकता मिला तो वहीं कई विद्यालयों से शिक्षक ही नहीं बल्कि शिक्षा मित्र नदारत पाये गये। कुल मिलाकर बीएसए अब तक जो दावा करने में अग्रणी रहते थे उनके दाव हवा हवाई नजर आये। जब इस संबंध में बीएसए से जानकारी करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया जिससे उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिल पायी।

# फाइलेरिया उन्मूलन का ग्राम प्रधान ने किया शुभारंभ

**रामपुरा, जालौन। समृद्धि न्यूज**



कन्या प्राथमिक विद्यालय टीहर में बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाते ग्राम प्रधान प्रदीप गौरव।

फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का प्रधान द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शुभारंभ किया। जिसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल व फाईलेरिया की दवा खिलाई गई। 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शनिवार को कन्या प्राथमिक विद्यालय टीहर में बनाये गए बूथ पर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव द्वारा स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को एल्बेंडाजोल एवम फाईलेरिया की दवा खिलाकर शुभारंभ किया गया।

शुरुआत करते हुए प्रधान ने कहा कि ये फाइलेरिया की बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। जरूरी नहीं की इसका असर तुरंत हो इसका असर सालो बाद भी हो सकता है। इसके तहत हाथी पांव, हाइड्रोसील की बीमारी उमगती है। जो कि बाद में लाइलाज है इसलिए हर एक को इस दवा का सेवन करना है ताकि स्वयम एवं परिवार सुरक्षित रहे। सीएचओ सोमप्रताप सिंह ने बताया कि 1 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, गंभीर बीमार लोगो को दवा नहीं खानी है। एएनएम कुसुम ने बताया कि इस दवा का कोई साइड इफेक्ट्स नहीं है। सभी लोग खाएं। इस मौके पर प्रधान प्रदीप कुमार गौरव, सीएचओ सोमप्रताप सिंह, सुपरवाइजर रवि पराग, एएनएम कुसुम, हेडमास्टर गीता, आंगनबाड़ी से मीरा, चित्रा, आशा राजपति, पप्पी, अध्यापक अख्तर, सुरेश कुमार एवं रसोइयों सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## थाना दिवस में चार शिकायतें आयी, समाधान रहा शून्य

**जालौन,उरई।** कोतवाली में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में चार फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिन्हें निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों को सौंपा गया। एसडीएम सुशील कुमार की अध्यक्षता में कोतवाली में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में राजस्व संबंधी विवादों को लेकर मात्र चार फरियादी ही पहुंचे। चारों शिकायतों में किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंपकर एसडीएम ने निर्देश देकर कहा कि मौके पर जाकर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली कतई न की जाए। यदि कोई लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर कोतवाल विमलेश कुमार, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी, एसआई गोविंद सक्सेना, ओंकार सिंह, रमेशचंद्र, केपी यादव आदि मौजूद रहे।

# थाने में आने वाली शिकायत का समय हो निस्तारण: डीएम

- शिकायतकर्ता की छोटी से छोटी शिकायत पर गंभीरता दिखवाए: एसपी

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**



डकोर थाना में पीड़ितों की समस्यायें सुनते डीएम-एसपी

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने प्रदेश सरकार की मंशानुरूप सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस डकोर में आयोजित किया गया, आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया, प्राप्त शिकायतों को समयाबधि के अंतर्गत निस्तारण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाये यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाये तथा उनका समयसीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा छोटी से छोटी शिकायतों का गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष राजेश पाल जादौन आदि सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## थाना दिवस में महिला की शिकायत पर जमीन पर बंद कराया काम

**कालपी,जालौन।** शनिवार को कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें महज 7 शिकायतें आई है। जनता की जमीन संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को थाना स्तर पर समाधान दिवस का आयोजन होता है इसी के चलते शनिवार को कोतवाली में एसडीएम हेमंत पटेल तथा सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी की मौजूदगी में आयोजित हुआ। इस दौरान टरननगंज निवासिनी मीना पत्नी प्रेम पाण्डेय ने शिकायत करते हुए कहा कि हाईवे किनारे स्थित उसकी करोड़ों कीमत की जमीन पर दबंग निर्माण कर रहे हैं। एसडीएम ने मामले के कागज देखने के बाद पुलिस को निर्माण कार्य बंद करने के निर्देश दिए हैं।

# खैरई पेयजल परियोजना में लगी 18 सोलर प्लेटें चोरी

**कालपी, जालौन। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरई में जलजीवन मिशन के तहत निर्मित पेयजल परियोजना से 18 सोलर प्लेट चोरी हो गई। निर्माण इकाई ने मामले की जानकारी पुलिस को दी है। मालूम हो कि नमामि गंगे योजना के तहत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरई में ब्रजगोपाल कम्पनी द्वारा पेयजल परियोजना का निर्माण कराया जा रहा है जिसमे नलकूप और स्टाफ कक्ष बनकर तैयार हो चुका है और निर्माण इकाई द्वारा ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जा रहा है जो अंतिम चरण में है। विभाग ने इसके संचालन के लिए 24 सोलर प्लेट लगाई हुई है लेकिन शुक्रवार रात अज्ञात चोर वहा से 18 प्लेट चोरी कर ले गए हैं। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी ज्ञान भारती चौकी पुलिस एवं निर्माण इकाई के जिम्मेदारो को दी है। सोलर प्लेटस चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद के मुताबिक इस मामले में अभी तक पुलिस को लिखित शिकायत नहीं मिली है अगर तहरीर मिलती है तो मामला दर्ज कर चोरो की तलाश की जाएगी।

वही ग्रामीणों की मानें तो उक्त क्षेत्र में सोलर प्लेटस की चोरी कोई बडी बात नहीं है बल्कि इससे पहले शाजापुर सोलर प्लाट में भी प्लेटस चोरी की कई घटनाएं हुई है।

## एनजीओ महिला प्रमुखों से भाजपा नेताओं ने की चाय पर चर्चा

**उरई, जालौन।** भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के शक्ति संवाद एवं चाय पर चर्चा के माध्यम से जनपद के समस्त एनजीओ महिला प्रमुखों के साथ मणिन्द्रालय गेस्ट हाउस में बैठक संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की मुख्य अतिथि ने बताया कि डूडा के माध्यम से एनजीओ संचालित किए जा रहे हैं जिससे शहरी क्षेत्र की महिलाओं को समूह के माध्यम रोजगार के अवसर सरकार द्वारा प्राप्त कराए जा रहे हैं इसी क्रम में डीसीएनआरएल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में एल फव सीएफ एवं समूह के माध्यम से सभी को सरकार रोजगार के अवसर प्राप्त प्रदान कर रही है जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनपद में 9095 समूह हैं जिससे 95 हजार 931 परिवार समूह के माध्यम से जुड़े हैं।

## खबरें एक नजर में

### कोन पुलिस द्वारा की गई सघन काम्बिंग

**कोन।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में शनिवार को मिश्री ग्राम सभा के डोमा के जंगलों में सघन काम्बिंग की गई। प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि जनपद में चाक - चौबंद सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका एवं महिला सुरक्षा हेतु जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गस्त किया गया पैदल गस्त के दौरान प्रमुख मार्गो चौराहा बाजरो वह भीड़भाड़ वाले स्थान आदि पर संदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाया गया पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया गया।

### समाधान दिवस पर आए 11 मामले में आठ का निस्तारण



**कोन।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को क्षेत्राधिकारी ओबरा की अध्यक्षता में समाधान दिवस की कार्यवाही की गई जिस क्रम में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग सहित कुल 11 मामले आए जिसमें राजस्व विभाग के 6 मामले मे तीन का निस्तारण किया गया शेष तीन मामला सम्बन्धित लेखपाल को अवगत कराया गया एवं पुलिस विभाग से आये पांच मामले को निस्तारण किया गया।

### संदिग्ध अवस्था में युवक से चाकू बरामद

**जालौन,उरई।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने चाकू के साथ पकड़ा। पुलिस ने युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली में तैनात एसआई रमेशचंद्र को सूचना मिली कि मलंगा नाला के पास एक संदिग्ध व्यक्ति किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे मोहल्ला भवानीराम निवासी विक्रम कपड़िया को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपी के पास से एक चाकू बरामद किया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### लापता बेटे की बरामदगी की पुलिस से लगायी गुहार

**जालौन,उरई।** लगभग 28 वर्ष पूर्व लापता हुए पिता की तलाश के लिए पुत्र परेशान हैं। पुत्रों ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर पिता की तलाश कराने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काशीनाथ निवासी मनीष यादव ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर उनके पिता मुलायम सिंह यादव लगभग 65 वर्षीय हैं। वर्ष 1996 में वह अचानक लापता हो गए थे। तब से अब तक उनको खोजने का काफी प्रयास किया। लेकिन अब तक उनका कहीं पता नहीं चल सका है। पुत्र ने एसपी शिकायती पत्र भेजकर पिता की तलाश कराने की गुहार लगाई है।

# चेयरमैन ने सीसी सड़क का किया शिलान्यास

**चोपन, सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 प्रितनगर में रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली के द्वारा सीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना करते हुए किया। सीसी सड़क निर्माण के शिलान्यास का कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त किया।

इस दौरान अध्यक्ष उस्मान अली ने बताया कि सड़क निर्माण से यातायात में लोगों को सहुलियत मिलेंगी। आवागमन में हो रही परेशानियों से लोगों को निजात मिलेगी। सबका साथ सबका, विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए नगर पंचायत चोपन विकास के परिदृश्य पर एक नया आयाम स्थापित करेगा। बता दे कि यह कार्य नगर विकास योजना के तहत नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 प्रीतनगर में लक्ष्मण ठाकुर के घर से देवलाल के घर तक प्रस्तावित है। स्थानीय लोगो ने सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त किया है। तो वहीं उनके साथ मौजूद वार्ड नंबर 8 के सभासद रामपरिखा विश्वकर्मा ने सड़क निर्माण के लिए अध्यक्ष उस्मान अली को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। इस दौरान जीतू सिंह, कुशल सिंह, अमित सिंह, मनोज चौबे, देवलाल, धनंजय श्रीवास्तव, अनीश अहमद,राकेश सिंह, लिपिक अंकित पांडेय, सत्यप्रकाश तिवारी, बंटी सिंह, जितेंद्र पासवान, विवेक यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# यूपीडब्लूजेयू बलरामपुर जिला ईकाई का पुनर्गठन

- सर्वेश सिंह अध्यक्ष व सुजीत कुमार शर्मा महासचिव बने

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (यूपीडब्लूजेयू) की बलरामपुर जिला ईकाई का पुर्नगठन किया गया है। टीवी चैनल न्यूज 18 के जिला संवाददाता सर्वेश कुमार सिंह अध्यक्ष व आज तक संवाददाता सुजीत कुमार शर्मा महासचिव बने हैं। यूपीडब्लूजेयू प्रदेश अध्यक्ष टीबी सिंह ने बलरामपुर जनपद ईकाई की पुनर्गठित कार्यकारिणी को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बलरामपुर जिला अध्यक्ष सर्वेश सिंह व महासचिव सुजीत कुमार को जल्दी ही जिले की सभी तहसीलों में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ईकाई का गठन करने के निर्देश दिए हैं। यूपीडब्लूजेयू के प्रदेश संगठन सचिव अजय त्रिवेदी ने बताया कि बलरामपुर जिला ईकाई में सक्रिय व तेज तर्रार पत्रकारों को पदाधिकारी चयनित किया गया है।

उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों में कई अच्छे पत्रकारों ने यूपीडब्लूजेयू की सदस्यता ली है। बलरामपुर जिले में यूपीडब्लूजेयू की ईकाई में स्वतंत्र पत्रकार देवेंद्र प्रताप सिंह (डीपी सिंह) वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लाइव टुडे चैनल संवाददाता अखिलेश्वर तिवारी और नवभारत टाइम्स संवाददाता लाल जी सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि दैनिक जागरण के श्लोक मिश्रा, हिन्दुस्तान के कृष्ण कुमार तिवारी व डीडी न्यूज संवाददाता राम कुमार मिश्रा को जिला सचिव बनाया गया है। दैनिक जागरण के बब्बू प्रताप सिंह संयुक्त सचिव व वैभव त्रिपाठी कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। भानु प्रकाश तिवारी को मीडिया प्रभारी व शादाब अली खान को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में जनपद के वरिष्ठ पत्रकार त्रिपुरारी शंकर तिवारी, विश्वमोहन,राकेश कुमार सिंह, लेफ्टिनेंट (डॉ)देवेंद्र कुमार चौहान, अवधेश पांडेय, अनिरुद्ध प्रताप शुक्ला, रवि कुमार गुप्ता व प्रभाकर कसौधन शामिल हैं।

# गन्ना बीज एवं भूमि उपचार आवश्यक करें किसान भाई: संजीव शर्मा

**उतरौला/बलरामपुर समृद्धि न्यूज**



बजाज चीनी मिल इटई मैदा परिक्षेत्र मे बसंत कालीन गन्ना बुवाई महाअभियान इसको मत समझो मजबूरी -बीज उपचार है बहुत जरूरी के क्रम में गोवर्धनपुर जोन के गांव बांकभवानीपुर में एक किसान गोष्ठी आयोजित किया गया।

जिसमें जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर रंजीत सिंह कुशवाहा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उतरौला महाप्रबंधक गन्ना संजीव शर्मा सहायक महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा एवं निकटवर्ती गांवो के किसानों ने भाग लिया जिसमें किसान भाइयों को भूमि उपचार बीज उपचार नवीनतम उन्नतशील प्रजातियो की बुवाई नर्सरी प्लाटों से बीज उपलब्ध कराने पेड़ी प्रबंधन साफ ताजा छिला गन्ना आपूर्ति करने के सम्बन्ध में विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत व्याख्यान दिए गए।तथा महाप्रबंधक गन्ना द्वारा उपस्थित किसानों का अभिवादन व आभार प्रकट किया गया।

# दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर लड़ाई लड़ेगी सोसवा: रोशनलाल

**दुद्धी, सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**




दुद्धी को जिला बनाने की मांग सहित पांच सूत्रीय मांग को लेकर सोनांचल संघर्ष वाहिनी 18 फरवरी को विंढमगंज से पदयात्रा निकालेगी जो दुद्धी टाउन क्लब मैदान पर समाप्त होगी इस एक दिवसीय सोनांचल बचाओ तिरंगा पदयात्रा के माध्यम से युवाओं व क्षेत्र के लोगों को इस आंदोलन से जोड़ा जाएगा।

उक्त बातें सोसवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ताओं व दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों को अपना समर्थन देतें हुए कहा उन्होंने कहा कि सोसवा 31 वर्ष पूर्व से सोनांचल राज्य की मांग करती चली आ रही है जिससे सोनांचल एक अलग प्रदेश हो और जब तक दुद्धी जिला नही बनेगा तब तक सोन इस पार का सर्वांगीण विकास नही हो पायेगा सोसवा मुद्दों की लड़ाई बिगत तीन दशक से लड़ रही है और अब दुद्धी को जिला बनाये जाने की लड़ाई भी सोसवा अंतिम दम तक लड़ेगी। जिसके लिए तीन चरणों मे पहला विंढमगंज से दुद्धी , दूसरा बीजपुर से दुद्धी तीसरा शक्तिनगर से दुद्धी पदयात्रा निकालेगी उन्होंने कहा कि यहां से अरबों रुपये का राजस्व प्रदेश व केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार को जा रहा है फिर भी यह क्षेत्र विकास से अछूता है यहां के आदिवासी अभी भी महुआ का साग व चकवड़ की रोटी खाने को विवश है। अधिवक्ता प्रभु सिंह ने कहा कि जिस प्रस्तावित क्षेत्रफल पर हम दुद्धी को जिला बनाने की मांग कर रहे है उससे कम क्षेत्रफल के चौतीस जिले प्रदेश में पूर्व में ही बनाये जा चुके है और 6 जिले जनसँख्या में छोटे है फिर भी दुद्धी जिला बनाने के मुद्दे पर सरकार इसे मानक पूरा नही करने की बात बताती है ,जो यहां के लोगों के साथ सरासर अन्याय का द्योतक है। सिविल बार के अध्यक्ष रामलोचन तिवारी ने दिल्ली डेवलप फंड के तर्ज पर दुद्धी डेवलप फंड बनाने की मांग उठाई जिससे इस तहसील से प्रदेश व केंद्र सरकार को जाने वाले राजस्व का 20 प्रतिशत पैसा इस फंड में आये और यहां का सर्वांगीण विकास हो। इसके बाद अधिवक्ताओं ने कचहरी गेट पर प्रदर्शन कर दुद्धी को जिला बनाने की आवाज बुलंद करते हुए सरकार का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सिविल बार जवाहर लाल अग्रहरी, रामपाल जौहरी ,उमेश कुमार ,रामजी पांडेय ,गोविंद अग्रहरी ,श्रीचंद , रविंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

**अभियान** | अवैध खनन परिवहन करने वालों में भय का बना माहौल

# डग्गामार 209 वाहनों का कटा चालान, पांच हुए सीज

**चोपन,सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध व डग्गामार के अतिरिक्त जाम का कारण बन रहे वाहनों हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बीते 48 घंटे में चोपन पुलिस द्वारा मारकुंडी से लेकर चोपन तक वाहनों की जांच का सघन अभियान चलाया गया। जिसमें बिना नंबर प्लेट के वाहनों के साथ ही सड़क के किनारे बेतरतीव खड़े वाहनों का मौके पर चालान किया गया। इस कार्रवाई में कुल 209 वाहनों का चालान चोपन पुलिस द्वारा किया गया तो मौकेपर जरूरी कागजात उपलब्ध नहीं होने की वजह से पांच ट्रकों को सीज भी किया गया।

जिसके बाद इस कार्यवाही से जहा एक तरफ अवैध खनन परिवहन करने वालो में भय का माहौल बन गया है तो वही बेतारतीव खड़े होने वाले वाहनों पर हुई कार्यवाही से मारकुंडी के दुकानदारों के चेहरे खिल गए है। आपको बता दें की लगातार पुलिस को यह शिकायत मिल रही थी की मारकुंडी घाटी के नीचे अवैध पार्किंग में तमाम वाहन बेतरतीब खड़े होने से लोगों को आवागमन में न केवल समस्या आ रही थी बल्कि स्थानीय दुकानदारों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था इस संदर्भ में थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया की इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी उन्होंने बताया की बिना नंबर प्लेट के संचालित हो रहे वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और इस तरह अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।पुलिस टीम में थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, उप निरीक्षक उमाशंकर यादव, गुरमा चौकी प्रभारी विमलेश सिंह, उप निरीक्षक योगेंद्र पांडेय, हेड कांस्टेबल सत्य प्रकाश मौर्य व कई अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## कालपी विस की 467 पोलियों बूथों में एएमएफ तैयारियां पूरी: एसडीएम

**कालपी, जालौन।** आगामी लोकसभा के आम चुनाव की तैयारियों के लिए प्रशासन तथा जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कवायत तेज कर दी गई है। कालपी विधानसभा क्षेत्र के सभी 467 बूथों में एएमएफ (बूथ की तैयारियां) पूरी करा दी गई है। शनिवार को जानकारी देते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने बताया कि कालपी विधानसभा क्षेत्र के 467 बूथों में चुनाव कराया जाना है, सभी बूथों में शौचालय, प्रकाश, पेयजल तथा रैम्प आदि की व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि एक सरकारी विद्यालय का भवन ध्वस्त हो चुका है।

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकॉर्ड में भूलवश मेरे पिता जी का नाम SIKANDAR SINGH GURJAR ( सिकन्दर सिंह गुर्जर) व जन्मतिथि 01/07/1952 जो कि गलत अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजों व प्रमाण पत्र में पिता जी का नाम SIKANDAR SINGH (सिकन्दर सिंह) व जन्मतिथि 01/01/1960 दर्ज है, जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

**आर्मी 3008113ए**
**रैंक हवलदार राम दिलीप सिंह गुर्जर पुत्र सिकन्दर सिंह निवासी मकान नंबर 27 गिरगांव ग्वालियर, जिला ग्वालियर एमपी/वर्तमान तैनाती आरआरसी, फतेहगढ़-फर्रु**

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकॉर्ड में भूलवश मेरी माता जी का नाम ANGOORI DEVI (अंगूरी देवी) व जन्मतिथि 01/07/1956 जो कि गलत अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजों व प्रमाण पत्र में माता जी का नाम ANGURI BAI (अंगूरी बाई) व जन्मतिथि 01/01/1961 दर्ज है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

**आर्मी 3008113ए**
**रैंक हवलदार राम दिलीप सिंह गुर्जर पुत्र सिकन्दर सिंह निवासी मकान नंबर 27 गिरगांव ग्वालियर, जिला ग्वालियर एमपी/वर्तमान तैनाती आरआरसी, फतेहगढ़-फर्रु**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:-मीमो/ न0पा0 परि0का0/2023-24 दिनांक 09/02/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रहीस अहमद, मो0 शान पुत्र मो0 सलीम निवासी मो0 चिलौली ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 54 मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज पर श्री ज्ञानचन्द्र पुत्र बेंचेलाल के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

**कार्यालय ग्रा0पं0 रमापुर जसू वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 10/02/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रमापुर जसू द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 11/02/2024 से 18/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सरविंद की जगह से राम लखन की झोपड़ी तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | 399821 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (अनुज प्रताप)** **ग्रा0पं0 रमापुर जसू, शमशाबाद** **सचिव (अरुण यादव)**

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खुद को मारी गोली, मौत

- मृतक की पत्नी बोली मुझे मारने आया था, मुझे नहीं मार पाया खुद मार ली गोली
- पति-पत्नी से कुछ माह से चल रहा था अनबन, पत्नी ने अपनी बुआ के घर पति को बुलाया था
- घटनास्थल पर दलबल के साथ पहुंचे सीओ सदर व कोतवाली प्रभारी, जांच पड़ताल व परिजनों और ग्रामीणों से की घटना के बावत पूछताछ





**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**सदर कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर बांगर में शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। हांलाकि मामले के कई बिन्दुओं पर जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंधवा निवासी रामविलास पाल के पुत्र अमित पाल की शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व जनपद मैनपुरी के थाना बेवर क्षेत्र के ग्राम बरहा में रहने वाली विमलेश के साथ हुआ था। बीते कुछ समय से पति-पत्नी के बीच अनबन थी। बताया गया कि लगभग एक माह पूर्व अमित की पत्नी विमलेश अपने मायके जाकर रहने लगी थी, बताया जाता है कि उसका पति पति अमित ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना से एक दिन पूर्व अमित की पत्नी विमलेश सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर बांगर निवासी अपनी बुआ के घर आई थी। विमलेश ने अपने पति अमित को मिलने के लिए बुआ के घर सलेमपुर गांव बुलाया, बताया गया है कि अमित यहां आया और कुछ देर बुआ के घर की छत पर संदिग्ध हालत में उसकी गोली लगने से मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर गांव में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार समेत कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ सदर नें घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर मृतक की पत्नी विमलेश समेत अन्य परिजनों से पूछताछ की। मृतक की पत्नी विमलेश ने बताया कि अमित तमंचा लेकर आया था। जिससे उसने उसे मारने की धमकी देते हुए फायर किया, लेकिन वह बच गई और फिर अमित ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महिला के बयान के आधार परघटना को आत्महत्या मान कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। मामले को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार का कहना है कि अमित पाल ने अपनी पत्नी की हत्या करने के लिए पहले उस पर फायर किया, लेकिन निशाना चूकने से वह बच गई, इसके बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। उन्होने कहा कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। उधर घटना के सम्बन्ध में मृतक की पत्नी विमलेश से जब पूछा गया कि वह कन्नौज किस वजह से आई थी तो विमलेश ने बताया कि जिला अस्पताल से दवाई लेने के लिए कन्नौज आई थी और दवा लेने के बाद वह बुआ के घर पर रुक गई थी। लोगों में चर्चा है कि जब विमलेश अपने मायके बेवर स्थित बरहा में रह रही थी तो जनपद मैनपुरी का जिला अस्पताल उसके मायके से पास पड़ता है। इसके बावजूद वह कन्नौज में ही दवाई लेने क्यों आई, इसका जवाब विमलेश नहीं दे सकी। जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है। उधर घटना की सूचना मिलने पर मृतक अमित के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अमित की गोली लगने से मौत होने की सूचना उन्हें तब दी गई, जब उसका शव सलेमपुर गांव से पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। परिजनों ने अमित की हत्या कर साक्ष्य मिटा दिए गये। परिजनों का आरोप है कि उन्हें सूचना दिए बगैर शव सलेमपुर गांव से क्यों हटाया गया। परिजनों ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

## वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया



**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्र0नि0 जितेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में छिबरामऊ पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया । मुखवार की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर अभि0 अतुल कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम नगला मुरली थाना छिबरामऊ कन्नौज उ0नि0 विजय कुमार अवस्थी हे0का0 उमेश चन्द्र गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# खबरें चलते-चलते

## पिता-पुत्रों के खिलाफ खेत पर जबरिया कब्जा करने का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित ने दबंग पिता-पुत्रों के खिलाफ जबरिया खेत जोत लेने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित राजपाल सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम सुन्दरपुर, परगना परमनगर तहसील अमृतपुर थाना अमृतपुर हाल निवासी तिर्वा कोठी सिविल लाइन फतेहगढ़ का निवासी है। पीड़ित का उक्त ग्राम में आराजी जो कि दबंगई के बल पर होशराम यादव कब्जा किये हुये थे जिस पर पीड़ित द्वारा चौकी सरह में प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर लेखपाल द्वारा हमारे खेत की पैमाइश कर चौकी प्रभारी के समक्ष पंचायत हुई थी और उपरोक्त लोगों को कब्जा करने से रोक लिया गया था। इस वर्ष पीड़ित द्वारा अपने खेत में गेहूं की फसल बोयी गयी थी। जिस पर दबंग होशराम यादव व उनका पुत्र अनोज यादव द्वारा बिना किसी अधिकार के हमारी आराजी उपरोक्त पर बोयी गयी गेहूं की फसल को जोत ली गयी और उस पर कब्जा कर लिया गया है। जिस सम्बन्ध में पीड़ित द्वारा दिनांक 19.11.2023 को चौकी प्रभारी सरह को प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर किसी प्रकार की कार्यवाही अमल में नहीं लायी गयी। जिससे उपरोक्त लोगों के हौसले बुलंद हैं और उपरोक्त लोग ऐलानिया धमकी दे रहे हैं कि चाहे जहां हमारी शिकायत करो मगर हम कब्जा नहीं छोड़ेंगे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

## भारतीय किसान यूनियन का 12 तारीख को होगा धरना प्रदर्शन

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के निर्देश पर प्रदेश मीडिया प्रभारी एवम प्रभारी उत्तर प्रदेश संतोष पाठक जी के नेतृत्व में एक विशाल धरना प्रदर्शन तहसील छिबरामऊ में दिनांक 12/02/2024 को समय 11.30 बजे पूर्व में दिए गए ज्ञापन में कोई कारवाही न होने की वजह से धरना प्रदर्शन होगा । 11 बजे सभी किसान साथी सौरीख तिराहे छिबरामऊ में अपने ट्रैक्टर के साथ एकत्र होंगे उसके बाद ट्रैक्टर रैली सौरिख तिराहे से होते हुए तहसील परिसर में पहुंचेगी।

## छत पर गेहूं सुखा रही महिला पर बंदरों का हमला, हुई महिला की मौत

**कालपी (जालौन)।** शुक्रवार को बंदरों के हमले से बचने के दौरान छत से गिरकर घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से नगर की जनता भयभीत है और छतों पर जाने के दौरान सतर्कता बरत रहे हैं। बताया जाता है कि जनपद हमीरपुर के ग्राम शीतलपुर निवासी बलराम पाल लगभग 15 वर्षो से नगर के मुहल्ला आलमपुर इलाहाबाद बैंक के सामने गली में मकान बनाकर सपरिवार रह रहे हैं और कपड़ों की फेरी लगाकर आजीविका चलाते है। शुक्रवार दोपहर उनकी 45 वर्षीय पत्नी सियादुलारी घर की छत पर धूप में गेहूं सुखा रही थी इसी दौरान बंदरों का झुण्ड आ गया था। वहां से भगाने के लिए उसने शोर मचाया तो वह हमलावर हो गए थे लेकिन परिजन जब तक मदद को आये इससे पहले महिला ने हमलावर हुए बंदरों से बचने के लिए सडक पर छलांग लगा दी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। आनन फानन परिजनों ने उसे सीएचसी में दाखिल कराया था लेकिन हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया था और देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। पड़ोसियों के मुताबिक महिला के दो पुत्रो में से एक की शादी हो चुकी है हालांकि 17 वर्षीय एक पुत्री भी जिसकी उसे शादी करनी थी लेकिन बंदरों की वजह से वह अब यह इच्छा पूरी नहीं कर सकी है।

# संस्कृत महाविद्यालय की दुर्दशा को जल्द सुधारा जाए: नवाब सिंह

- संस्कृत महाविद्यालय की दुर्दशा को लेकर वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में लोगों ने किया धरना प्रदर्शन



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**शहर के** मकरन्दनगर क्षेत्रान्तर्गत मां सिंहवाहिनी मन्दिर रोड स्थित संस्कृत महाविद्यालय की जर्जर व्यवस्था के विरोध में शनिवार को सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में दर्जनों लोगों ने महाविद्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया।

इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने प्रदेश सरकार के संस्कृत भाषा के लिए किए गए दावों को ढोंग बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने संस्कृत महाविद्यालय के लिए कागजों पर तो कई योजनाओं को चलाने का दावा किया है, परंतु जब हम इसकी हकीकत जानने के लिए कन्नौज में मौजूद मुकुंद संस्कृत महाविद्यालय के परिसर पहुंचे तो वहा पर न तो अधयप्क मिले और न ही कोई विद्यार्थी मिला। महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। परिसर में मौजूद फर्नीचर सड़ कर खराब हो गया है। यहां तक की परिसर में मौजूद कमरों में लेंन्टर के स्थान पर टीन के शेड पड़े मिले, जिससे बरसात में पानी से कमरे भर जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से हम मांग करते हैं कि हमारी प्राचीन भाषा संस्कृत को आगे बढ़ाने के लिए संस्कृत महाविद्यालय परिसर को सही ढंग से बनवाया जाए। महाविद्यालय में नए अध्यापकों की भर्ती की जाए। जिससे हम अपनी प्राचीन भाषा संस्कृत को आगे बड़ा सके। धरना प्रदर्शन के दौरान संजय दुबे, मानवेंद्र भदौरिया, मनोज कठेरिया, विनोद यादव, नंदकुमार कुशवाहा, सुरेन्द्र कुशवाहा, भूरा दुबे, बबलू सक्सेना, प्रमोद, दीपू, धरमवीर पाल, धर्मेन्द्र कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, दीपू यादव, गुड्डू, पप्पन बाजपेई, इंतजार, अशोक यादव, अरविन्द सहित दो तमाम लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत लिलुइया गांव के निकट एक बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई, वही बाइक पर बैठी उसकी बहन गंभीर रुप सेघायल हो गई। मृतक युवक जनपद औरैया निवासी है, अभी कुछ दिन पहले युवक की शादी हुई थी। हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार जनपद औरैया के थाना सहार क्षेत्र के ग्राम हरवंशपुर निवासी लालाराम पाल का 26 वर्षीय पुत्र आकाश बाइक पर सवार होकर अपनी बहन दीपिका को तिर्वा क्षेत्र के बेहरीन गांव स्थित उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था। जब वे तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लिलुइया के निकट पहुंचें, तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक डिवाइडर में टकरा गई और आकाश और उसकी बहन बहन भी गम्भीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी बहन दीपिका का उपचार शुरू कर दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही आकाश के परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि आकाश की शादी 29 जनवरी को कन्नौज जिले के तालग्राम कस्बे में हुई थी। ऐसे में आकाश की पत्नी के हाथ की मेहंदी भी न छूट पाई थी, कि उसके पति की मौत की सूचना मिल गई। आकाश की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीएम और एसपी ने स्ट्रांग रूम, मतगणना व नामांकन स्थल का किया निरीक्षण



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**आगामी लोकसभा** चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद ने शनिवार को सदर तहसील क्षेत्रान्तर्गत मंडी समिति पहुंचकर बूथ एवं स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल व नामांकन स्थल का भौतिक रूप से निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण मतदान हेतु मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने, बिजली व पानी की उचित व्यवस्था, मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों की दशा व दिशा सही करने, चिन्हित स्थानों पर बैरीकैटिंग करने, मतदान केन्द्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखने हेतु संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गोसंरक्षण अभियान के दूसरे दिन 104 निराश्रित गोवंशों को किया गया संरक्षित

- मन्त्री असीम अरुण ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि अब खेतों और सड़कों पर नहीं दिखेंगे निराश्रित गोवंश




**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**समाज कल्याण** विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर 08 फ़रवरी से 22 फ़रवरी तक चलने वाले विशेष गोसंरक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को अभियान के दूसरे दिन 104 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशाला में संरक्षित किया गया।

मंत्री असीम अरुण ने गोसंरक्षण अभियान में लगे सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सराहना की है। मन्त्री असीम अरुण ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत अब निराश्रित गोवंश किसानों के खेतों एवं सड़कों पर नहीं दिखाई देंगें स निराश्रित गोवंशो को पकड़ कर गोशाला में संरक्षित किया जा रहा हैं। जनपद में कैटिल कैचर टीम अपने-अपने क्षेत्र में जाकर निराश्रित गोवंशों को पड़कर गौशाला में संरक्षित कर रही है। इस प्रकार विकासखंड कन्नौज में 22 गोवंश एवं विकास खण्ड उमर्दा में 21 गोवंश और विकासखंड छिबरामऊ में 8 गोवंश, विकासखंड तालग्राम में 6 गोवंश, सौरिख में 25 गोवंश, जलालाबाद में 06 गोवंश, गुगरापुर में 4 और विकास खण्ड हसेरन में 10 गोवंशों को पड़कर गौशालाओं में संरक्षित किए गएद्य इसी कड़ी में नगर पालिक छिबरामऊ में 01 गोवंश और गुरसहायगंज में 01 गोवंश को पड़कर गौशाला में संरक्षित किया गया।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी पीड़ितों की समस्याएं



समाधान दिवस में पीडितों की समस्यायें सुनते डीएम व एसपी — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- चार में से दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

**शासन के** निर्देश पर स्थानीय कोतवाली परिसर में डीएम व एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व व पुलिस संबंधित शिकायतें सुननें के उपरांत उन्होनें कहा कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का समय रहते निस्तारण किया जाए। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के समक्ष चार फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं जिसमें से पुलिस संबंधित दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि दो अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व कर्मियों को निर्देशित करने के उपरांत डीएम ने कहा कि जिम्मेदार कर्मी पीड़ितों की समस्याओं का निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करें। इस दौरान तहसीलदार अभिनव वर्मा, प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, कोतवाल द्वितीय जयंती प्रसाद गंगवार, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह, विनय शर्मा, आनंद मिश्रा, आशीष कुमार सिंह, नीरज शर्मा, रावेंद्र सिंह सहित कानून गो अमित मिश्रा, लेखपाल कौशल पांडेय सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

**पीडीए पखवाड़ा** | पीडीए जनपंचायत में शामिल हुए समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी लौटनराम निषाद ने भाजपा पर बोला हमला

# भाजपा की सरकारें पिछड़ों-वंचितों का हिस्सा हड़प रहीं हैं: चौधरी लौटनराम निषाद

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**शनिवार को** ग्राम नजरापुर पट्टी, दानेहार अलीनगर, किलचापुर आंटी में आयोजित पीडीए जनपंचायत में शामिल हुए समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी लौटनराम निषाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी पिछड़ों, वंचितों, दलितों, किसानों, मजदूरों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ रही है।




उन्होने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने नारा दिया है कि ÷जिसकी जितनी आबादी है उसकी उतनी भागीदारी हो।उन्होंने कहा कि पिछड़ों के वोट से बनी भाजपा की सरकारें पिछड़ों, वंचितों का हिस्सा हड़प रहीं हैं। वर्तमान में भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों,उपक्रमों को अपने पूंजीपति मित्रों के हाथों नीलाम कर निजीकरण के द्वारा ओबीसी, एससी, एसटी का आरक्षण खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सपा का पीडीए ही एनडीए को हरायेगा। भाजपा बांटों और राज करो की नीति पर चलती है और जाति से जाति को लड़ाकर पिछड़ों, दलितों की ताकत को कमजोर करने का काम करती है।उन्होंने कहा कि मण्डल कमीशन की विरोधी भाजपा पिछड़ों की भलाई नहीं कर सकती। विधानसभाध्यक्ष पीपी सिंह बघेल एवं सयुस राष्ट्रीय सचिव हसीब हसन ने कहा कि भाजपा शिकारी पार्टी है, जो पिछड़े वंचित दलित वर्ग के गुलाम मानसिकता के स्वार्थी नेताओं को चारा के रूप में प्रयोग कर शिकार बनाती है। पीडीए जनपंचायत की अध्यक्षता नरेन्द्र कुमार प्रजापति एवं रामप्रकाश बाथम तथां रामलखन प्रजापति ने की व संचालन पूर्व ब्लाक प्रमुख इन्द्रेश यादव ने किया। इस अवसर पर कमलेश कटियार मोरपाल वर्मा, कन्हैयालाल बाथम, राजेश पाल डीडीसी, राजेश यादव, अजय कश्यप, आनंद बाबू कश्यप, दिनेश बाथम, नेमसिह यादव, अंगनेलाल बाथम, लाखन सिंह, मो.आसिफ रामप्रकाश बाथम,रामप्रकाश दोहरे, परशुराम प्रजापति, रामजी तिवारी, शिवम जाटव, सिब्तेन रजा, सोबरन सिंह चौहान, रजनीश प्रजापति, राकेश गिहार, गणेश द्विवेदी, ब्रजलाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# माफिया अनुपम दुबे का डिग्री कालेज व घर सहित 45 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क



कुर्क किया गया घर — समृद्धि न्यूज



महाविद्यालय को कुर्क करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी के** आदेश पर पुलिस नें माफिया अनुपम दुबे का घर और डिग्री कालेज सहित कुछ खेत भी कुर्क किये। जानकारी के अनुसार शनिवार को तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार, नायब तहसीलदार सनी कनौजिया, थाना मऊदरवाजा के थानाध्यक्ष आमोद कुमार, कोतवाल मोहम्मदाबाद मनोज कुमार भाटी, नवाबगंज थानाध्यक्ष जेपी शर्मा आदि कई थानों की पुलिस ने सहसापुर स्थित महेश दुबे अपूर्वा महाविद्यालय के साथ ही गाँव में बने आलीशान घर पर भी सरकारी ताला लगा दिया। डिग्री कालेज और घर सहित कुल लगभग 45 करोड़ की सम्पत्ति शनिवार को कुर्क की गयी, जबकि पूर्व में माफिया और उसके परिवार की 198 करोड़ 73 लाख की सम्पत्ति कुर्क की गयी थी। कार्यवाही मोहम्मदाबाद में दर्ज मुकदमें के क्रम में की गयी है। तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के चलते डिग्री कालेज और घर कुर्क किया गया है। वहीं जब जिलाधिकारी से अध्ययनरत छात्रों के बारे में पूछा गया, उन्होंने बताया कि इसका कुछ न कुछ रास्ता निकाला जायेगा।

# निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में आहूत की गयी है।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार 1 अप्रैल को 18 वर्ष पूरे कर रहे सभी छात्र-छात्राओं, व्यक्तियों के वोट बना लिये जायें। कोई भी छूटने ना पाये। 20 से 29 वर्ष के छूटे हुये लोगों के भी वोट बनवाना सुनिश्चित करें। विधानसभा क्षेत्र में जितने भी कॉलेज हैं उनके प्रिन्सिपल से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वोटर फार्म उपलब्ध कराएं। सभी



अधिकारियों की बैठक लेते डीएम — समृद्धि न्यूज

खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एक सप्ताह में उपलब्ध कराकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। सभी बूथों पर बूथ नंबर, लोकसभा निर्वाचन 2024 अंकित कराना सुनिश्चित करें। सभी वी0आई0पी0 वोटर्स के मतदाता सूची में नाम चेक कर लें। जिन बूथों की वेव कास्टिंग होनी है उन बूथों पर नेटवर्क चेक करा लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्टंट शो करने की अनुमति नहीं दी जायेगी: सीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आज होने** वाले स्टंट शो को लेकर पुलिस ने कहा कि स्टंट बाजी का शो करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि इससे युवाओं में गलत संदेश जायेगा।

जानकारी के अनुसार रविवार को स्टैंडर्ड स्कूटर्स की तरफ से क्रिश्चियन कॉलेज ग्राउंड में पल्सर स्टंट शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर जिले भर में बैनर, पोस्टर लगाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों पर स्टंट करने वालों पर लगाम कसने के अधिकारियों को निर्देश दिये थे। मामले पर शनिवार को सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने मीडिया को दी जानकारी देते हुए बताया कि आयोजक कार्यक्रम आयोजित करने से पहले परमीशन लें। कार्यक्रम आयोजक अगर प्रदर्शनी लगाना चाहे तो लगा सकते हैं, लेकिन स्टंट बाजी का शो आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसा कोई भी काम नहीं होने दिया जाएगा जिससे युवाओं के मन में गलत संदेश जाए। साफ तौर से पुलिस स्टंट बाजी को बढ़ावा देने वाले लोगों से सख्ती से निपटने के मूड में नजर आ रही है।



स्टंट करता युवक

## चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर सामान किया पार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**चोरों ने** बन्द पड़े मकान का ताला तोड़कर सामान पार कर दिया। गृहस्वामी ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी राहुल गंगवार पुत्र हरिनन्दन जो की बीते कई वर्षों से लोहाई बाजार में परिवार के साथ रहते हैं। घर मे ताला बन्द रहता है। इसी का फायदा उठाकर चोर मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर मे दाखिल हो गये। इसके बाद रखी सेफ अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोर चुरा ले गये। घटना की जानकारी होने पर राहुल गंगवार मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी।

# छत से गिरकर घायल बालिका की उपचार के दौरान मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**छत से** गिरकर घायल किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला झील इन्द्रा नगर निवासी आशाराम सक्सेना परिवार के साथ रहता है। बीते दिन आशाराम की बेटी संध्या उम्र 7 वर्ष अपने मकान की पहली मंजिल की छत पर खेल रही थी, तभी उसका पैर फिसला और वह लगभग 12 फिट ऊँचाई से नीचे सड़क पर गिर गई। परिजन लहूलुहान हालत में उसे तुरन्त नगर के सीएचसी में लेकर



मृतका का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

पहुँचे। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर संध्या को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिंजन उसे प्राइवेट हॉस्पीटल लेकर पहुँचे। जहाँ से उसे कानपुर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कानपुर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मृतका की माँ रिंकी सहित बच्चे सुनैना, जान्हवी, यश, प्यूब का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतका की माँ ने बताया कि वह प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 3 की छात्रा थी। सध्या पाँच भाई बहनों मे सबसे बड़ी थी।

## बैनाना कराने के बाद भी प्लाट पर कब्जा नहीं दे रहा दबंग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम सिरमौरा बांगर निवासिनी रेनू शर्मा पुत्री दयाराम शर्मा ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी और बताया कि मैं दिनांक 8.11.2019 को 1,50,000/- रुपए एवं 20.11.2019 को 5,00,000/- जब तहसील में बैनामा कराया था तब दिए थे। 17 फीट चौड़ाई, 60 फीट गहराई का प्लाट खरीदा था। गांव के ही रनवीर पुत्र महाराम से जो अब ना तो मेरा पैसा दे रहे और ना मुझे जगह पर कब्जा दे रहे हैं। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# बैंक मैंनेजर समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस ने** न्यायालय के आदेश पर बैंक मैंनेजर व बैंक मित्र के खिलाफ ग्रामीण के खाते से धोखाधड़ी कर कमीशन निकाल लेने का मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित बालेश्वर सिंह पुत्र कोमिल सिंह उम्र करीब 70 वर्ष निवासी रठौरा नगला नीव थाना मोहम्मदाबाद का निवासी है और कृषक है। उसने अपने भाई अजब सिंह व शिवपाल सिंह के नाम से संयुक्त किसान क्रेडिट कार्ड खाता संख्या-044435110001374 आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा ताजपुर में फसली ऋण लेने हेतु अपनी कृषि भूमि को बंधक रखकर दिनांक 17 जून 2015 को खुलवाया था। उक्त केसीसी में प्रथम बार 1,72,000/- रुपया स्वीकृत हुआ था। पीड़ित उक्त खाते का फसली ऋण के लिए संचालन करता था। पीड़ित ने 17 जून 2015 को 1,30,000/- रुपया व 03 अगस्त 2015 को 20,000/- रुपया निकाला था। दिनांक 23 जुलाई 2015 को मैंनेजर व बैंक मित्र सुनील कुमार ने पीड़ित के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर रुपये निकाल लिये तथा 3060/- रुपये ब्याज का दर्शाते हुए खाते में 1,74,060/- उधार रुपया दर्शाया गया। पीड़ित ने उक्त खाते में न तो जमा पर्ची पर हस्ताक्षर कर रुपया जमा किया व न ही निकासी पर्ची पर हस्ताक्षर कर रुपये निकाले, परन्तु दिनांक 12 अक्टूबर 2015 को पीड़ित के खाते में बैंक मैंनेजर जगन्नाथ खन्ना व बैंक मित्र सुनील कुमार पुत्र दीन दयाल निवसी रठौरा नगला नीव थाना मोहम्मदाबाद आपस में सांठ-गांठ कर फर्जी तरीके से दिनांक 12 अक्टूबर 2015 में 1.74,100/- रुपया जमा व 1,72,000/- निकासी दिखाते हुए खाते में अंकित कर फर्जीवाड़ा कर खाता नवीनीकृत दर्शा दिया। उक्त फर्जी नवीनीकरण उपरोक्त दोनों लोगों ने कमीशन की फिराक में फर्जीवाड़ा किया तथा कमीशन की धनराशि खाते से निकाल ली। पीड़ि ने 12 अक्टूबर 2015 को केवल 13,000/- रुपये निकाले थे। पीड़ित पर बकाया ऋण खाते में उक्त लोगों ने 1,84,968/- रुपया दर्शाया। इसी प्रकार से बैंक मैंनेजर जगन्नाथ खन्ना व बैंक मित्र सुनील कुमार ने धोखाधड़ी व षडयंत्र करके कमीशन हड़पने के उद्देश्य से फर्जी तरीके से जमा व निकासी पर्ची पर पीड़ित के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 18 अप्रैल 2016 में 1,90,000/- रुपया जमा दर्शाते हुए व उसी दिन निकाली पर्ची पर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर खाते में लेनदेन दर्शाया तथा खाते का फर्जी नवीनीकरण कर दिया तथा खाते से नवीनीकरण का कमीशन भी निकाल लिया। उक्त लोगों द्वारा खाते का फर्जी तरीके से नवीनीकरण करने से पीड़ित पर गलत तरीके से खाते से नवीनीकरण कमीशन निकाल लिया तथा उक्त फर्जीवाड़ा से पीड़ित सरकार की ऋण माफी योजना में अपात्र हो गया। पीड़ित को मु0 1,00,000/- रुपया व खाते में फर्जीवाड़ा कर उक्त लोगों द्वारा निकाले गये कमीशन धनराशि की क्षति हुई है। पीड़ित ने उक्त घटन के संबंध में थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रबंधक जगन्नाथ खन्ना व बैंक मित्र सुनील कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी व षडयंत्र करके कमीशन हड़पने का मुकदमा दर्ज कर लिया।

## नाबालिग को भगा ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव हाजी नगला निवासी युवक ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि मेरी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री 4 फरवरी को शाम 7.00 बाग में घर से बिना बताए निकल गई। इसके बाद पीड़ित को जब जानकारी हुई तो पीड़ित ने काफी खोजबीन की। जिसके बाद पता चला की गाँव के ही रितिक गहलवार पुत्र नन्हें मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर कहीं भगा ले गया है। जिसके बाद नन्हें पुत्री को वापस देने का झांसा देता रहा। जिसके बाद पीड़ित पुलिस की शरण में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# मनरेगा में मजदूरी कर रहे नाबालिग बच्चे

- क्या ऐसे ही लगेगी बाल मजदूरी पर रोक
- दलेलगंज में नाला सफाई के नाम पर हुआ लाखों का खेल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शमसाबाद विकास** खंड की ग्राम पंचायत करनपुर गंगतारा में ग्राम प्रधान अनवर द्वारा नाबालिग बच्चों से इंटरलॉकिंग कार्य करवाया जा रहा है। जिसमें 6 फरवरी से लगातार 19 मजदूर फावड़ा चलाते हुए कागजों में नजर आ रहे हैं, जबकि धरातल पर ऐसा कुथ भी नहीं है। नाम मात्र के लिए एक दो मजदूर ही कार्य कर रहे हैं। वहीं मनरेगा मजदूर सिर्फ कागजों में दौड़ रहे हैं, जबकि धरातल पर दबंग ग्राम प्रधान द्वारा सर्व शिक्षा अभियान को पलीता लगाया जा रहा है। एक तरफ जहां सरकार सर्व शिक्षा



ईंटें ढोते बाल मजदूर — समृद्धि न्यूज

अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं ग्राम प्रधान तीन नाबालिग बच्चों से मजदूरी करवा रहा है। ग्राम प्रधान द्वारा इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में पुरानी ईंटें व घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा नाला निर्माण कार्य में पुरानी ईंटें व घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। जो सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त नीति पर जोरदार तमाचा है। एपीओ कुलदीप ने बताया कि मैं बाहर हूँ। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

वहीं इसी विकास खंड की दूसरी ग्राम पंचायत दलेलगंज में भ्रष्ट ग्राम प्रधान अनमोल द्वारा पिछले 6 फरवरी से हरी यादव के खेत से श्रीपाल के खेत तक नाला खुदाई व सफाई कार्य के नाम पर मनरेगा में लाखों का घोटाला किया जा रहा है। जिसमें 4



गंदगी से पटा पड़ा नाला — समृद्धि न्यूज

मस्टरोल दर्शाकर 40 मनरेगा मज़दूरों की हाजिरी लगाई जा रही है, जबकि मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि सुबह को 2-4 लोग फावड़ा लेकर आते हैं और हाजिरी लगवाने का बहाना बताकर 10-15 मिनट में ही वापस चले जाते हैं। जिससे यह प्रतीत होता है कि भ्रष्ट ग्राम प्रधान द्वारा लाखों का घोटाला किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। विकास खंड शमशाबाद में इस समय घोटालेबाजी अपनी चरम पर है। जिसमें विकास खंड की दर्जनों ग्राम पंचायतें शामिल हैं। जिनमें मुख्य रूप से शरीफपुर छिछनी, सैदपुर रहमदादपुर, छछोनापुर पट्टी, कुइयांखेड़ा, कलुआपुर सानी, खगऊ, मिल्क सुल्तान, नगला दमू, नटवारा हैं। जिनमें ग्राम प्रधानों द्वारा जमकर मनरेगा कार्यों में लूट मची हुई है।

## गाली-गलौज व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार पीड़िता पुष्पा देवी पत्नी नरेश बाथम खिरिया मुकुंद थाना मोहम्मदाबाद की निवासिनी है। पीड़िता को 9 फरवरी को घर के बाहर अपने पुत्र जसन के साथ खड़ी थी, तभी गांव के ही प्रीतम उर्फ सहदेव पुत्र टिंकू उर्फ अभय सिंह, गोलू उर्फ अभय पुत्र रामशंकर निवासी उपरोक्त व अरुन पुत्र नामालूम निवासी करनपुर थाना मोहम्मदाबाद गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित के पुत्र जसन ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो उपरोक्त लोगों ने उसे लाठी-डंडों व लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

**परीक्षा** — बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए एसो0 ने सम्पन्न करायी सामान्य ज्ञान परीक्षा

# शिक्षा व्यापार नहीं है, बच्चों को वास्तविक ज्ञान होना बहुत जरुरी: प्रभात अवस्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- 1040 बच्चों ने परीक्षा में किया प्रतिभाग, आज होगा पुरस्कार वितरण
- पब्लिक स्कूलों का हो रहा शोषण, सरकार से नहीं मिल रही कोई सहायता

**पब्लिक स्कूल** एसोसिएशन द्वारा बच्चों को संस्कारवान बनाये जाने के उद्देश्य से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। जिसमें सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। आवास विकास स्थित एक होटल में एसोसिएशन की ओर से वार्ता की गई। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा0 प्रभात अवस्थी ने देते हुए बताया कि पब्लिक स्कूलों का सरकार उत्पीड़न कर रही है। किसी प्रकार का पब्लिक स्कूलों के संचालन में सहयोग सरकार नहीं दे रही है। जो लोग पूंजीपति हैं उनके संस्थानों पर आंख बंद कर पैसा लुटा रही है। बिना सरकारी सहायता के ही हम लोग बड़ी ही कठनाइयों के साथ स्कूल चला रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में विगत 10-12 वर्षों से पब्लिक स्कूलों के शिक्षकों, कर्मचारियों व संस्थाओं के हितों के लिए संस्था काम कर रही है। निजी विद्यालय जो हैं उन्हें बड़े ही संकट का सामना करना पड़ रहा है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए निजात दिलाने के लिए पब्लिक स्कूल एसोसिएशन का गठन किया गया है। हमारी जिम्मेदारी है कि समाज में शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार कैसे हो और वास्तविक शिक्षा कैसे मिले, इसलिए बच्चों को ध्यान में रखते हुए एक नई व्यवस्था इस वर्ष डाली है सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता, संस्कारी समाज को तैयार करने की पूरी गतिविधियां, पहली बार सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। हम लोगों का मानना है कि शिक्षा व्यापार नहीं है, इसलिए इसको आवश्यक है कि लोक कल्याण, जन कल्याण की भावना को रखते हुए




वार्ता करते जिलाध्यक्ष प्रभात अवस्थी व मौजूद एसो0 के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

समाज को एक अच्छा भविष्य दे सकें, क्योंकि बच्चों को शिक्षा वैसे ही मिले जो कि आर्थिक और भविष्य के लिए लाभ दायक है और अच्छे समाज की स्थापना हो। बच्चों के कक्षा पास कर लेने से ही सब कुछ नहीं है, उन्हें वास्तविक ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आम तौर पर देखने को मिलता है कि बच्चे माध्यमिक जूनियर की बात छोड़ दे तो सही रुप से हमारे बच्चे मातृभाषा भी नहीं लिख पाते है। शिक्षा लोक कल्याण का क्षेत्र है। उसको व्यवसायीकरण नहीं बनाया जा सकता है। हमने तय किया है कि हम वास्तविक धरातल पर शिक्षा कैसे खड़ी हो, इसलिए हम लोग प्रारंभ से ही समाज की कुछ चीजों पर ध्यान में प्रयासरत है। सबसे बड़ा संकट है पारदर्शिता, स्वच्छ, स्पष्ट और ईमानदारी से परीक्षा पर्वो का आयोजन हो। हमारी एसोसिएशन ने 1200 से अधिक बच्चों का पंजीकृत किया था। जिनमें से 1040 बच्चों ने परीक्षायें दी हैं। नियत समय पर हमने उनका मूल्यांकन किया और परीक्षा फल तैयार किया और सबसे बड़ी बात है कि परीक्षाओं के मूल्यांकन से और प्रारंभ से आज तक किसी प्रकार की परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार को सभी स्कूलों में एक सा पाठ्यक्रम चलाना चाहिए। जिससे कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकें। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी दिन रविवार को रेड रोज एजुकेशन सेंटर अमेठी कोहना पांचाल घाट में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन की ओर से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की प्रतिभा शुक्ला भाग लेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक देव कुमार शर्मा, सचिव नवनीत मिश्रा, पीवी सिंह राठौर कोषाध्यक्ष, सदस्य एसके वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सीपीआई में विदाई समारोह में छात्रों ने मचाया धमाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सीपी इण्टर** नेशनल स्कूल में कक्षा बारह के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन हुआ। शुभारंभ उपनिदेशिका अंजूराजे ने मां सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय में विद्या की देवी मां सरस्वती का हवन पूजन भी किया गया। कक्षा 11 व अन्य छात्रों ने नृत्य गायन व अभिनय के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की निदेशिका डॉ0 मिथलेश अग्रवाल ने अपने सन्देश में छात्रों को बधाई व शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों का भले ही हम से दूर जाकर पढ़ने का समय आ रहा हो, लेकिन जब भी हमारी कोई आवश्यकता महसूस होगी तो मैं और मेरा विद्यालय छात्रों की हर संभव मदद करेगा। उपनिदेशिका अंजू राजे ने कहा छात्रों को अपने लक्ष्य प्राप्त होने तक मेहनत की दिशा में और अधिक आगे बढ़ना है तथा ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सभी को उज्ज्वल भविष्य और आकर्षक बौद्धिक क्षमता तथा बल बुद्धि और विद्या प्राप्त हो। प्रधानाचार्य डा0 विनोद चंद्र शर्मा ने कहानी सुनाकर उत्साह वर्धन किया। मिस्टर फेयरवेल उदित व मिस फेयर वेल प्रांतिका को मिला। निष्ठा को सीपीआई लोरिएट चुना गया।

छात्र प्रमुख उदित प्रधान एवं नंदिनी ने सभी छात्रो का नेतृत्व करते हुए कहा कि हम सब कितनी भी दूर चले जाए अथवा कितने भी बड़े हो जाए, परन्तु गुरुजनों से न कभी दूर हो सकते है न उनसे कभी बड़े हो सकते हैं। गुरू जन हमारे माता पिता और भगवान है। संचालन ओंकार पांडे, सेमसन पाल, अनुभवी व अंशिका ने किया। इस अवसर पर नवीन शाक्य, नरेश कुमार, अतुल श्रीवास्तव, सीके कटियार, शिवानी मिश्रा, ज्योति प्रधान, विनय कुमार, संजीव द्विवेदी, शिवा सिंह, संगीता सारस्वत, पूरन श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में सम्मानित होते छात्र — समृद्धि न्यूज

# किसान महापंचायत को लेकर भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन भानू गुट अनिश्चित कालीन विशाल किसान महापंचायत करने के संदर्भ में उप जिलाधिकारी अमृतपुर को ज्ञापन सौंपा। महापंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन होगा। शासन स्तरीय मुद्दों के अलावा आम जन मानस की समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन धर्मपुर, हरिहरपुर मण्डी के सामने खाली पड़े मैदान बदायूं मार्ग अमृतपुर में निकट आईटीआई स्कूल राजेपुर के प्रांगण में होगा। जिसमें प्याऊ जल, फायर ब्रिगेड का सहयोग मांगा गया है। महापंचायत 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। इस संबंध में भाकियू नेताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राजेश दीक्षित बबलू, नरेन्द्र सोमवंशी आदि लोग मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### प्रीती तिवारी बनी महिला उद्योग व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने प्रीती तिवारी को महिला उद्योग व्यापार मण्डल का जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। संजीव मिश्रा बॉबी ने कहा कि प्रीती तिवारी की अम्बिका ज्वैलर्स के नाम से नेहरु रोड पर दुकान है। जिसको देखते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वह पिछले काफी दिनों से सक्रिय थी और व्यापार मण्डल का सहयोग कर रही थी। प्रीती तिवारी अपनी जिला कार्यकारिणी व जनपद के नगर अध्यक्ष महिला व्यापार मण्डल के घोषित कर उनकी कमेटी दस दिन में बनाये। जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता व मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने प्रीती तिवारी को जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी है।


प्रीती तिवारी को मनोनयन पत्र सौंपते संजीव मिश्रा बॉबी — समृद्धि न्यूज

### शिविर लगाकर सपा नेताओं ने सुनी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाह्न शनिवार को समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में मोहल्ला-मोहल्ला जनसुनवाई का कैम्प फतेहगढ़ चौराहे के पास लगाया गया। कैंप के प्रभारी पिछड़ा वर्ग के पूर्व प्रदेश सचिव यूनिस अंसारी ने आये हुए लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। युनूस अंसारी, रजत क्रांतिकारी, खुर्शीद अहमद, सत्यम अवस्थी आदि पदाधिकारियों ने समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में शहनाज बेगम, रामप्रकाश, अनिल कुमार, यूसुफ, हरि, राजा खान, शादाब, जाहिद, भगत, शाकिर, वीर सिंह, रामचंद्र, भैयालाल, जाकिर अली, सुरेंद्र यादव, जितेंद्र शुक्ला, संजू, सागर सिंह समेत 47 लोंगो ने अपनी समस्यायें बताई। प्रमुख समस्याओं में सड़क के किनारे गंदगी के ढेर, आवारा पशुओं, कुत्तों व बंदरों आदि की समस्यायें बतायी गई। इस संबंध में नगर पालिका को फोन पर अवगत कराया गया।

### ढाईघाट गंगा में उतराता मिला गौवंश का शव

> मेला प्रशासन की लापरवाही से मेले में गंदगी का साम्राज्य

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** ढाईघाट मेले में जनपद से ही नहीं, बल्कि अंतर्रजनपदीय इलाकों से आए सैकड़ों कल्पवासी साधु संत डेरा जमाकर कल्पवास ही नहीं कर रहे, बल्कि गंगा स्नान तथा भगवान का गुणगान कर घर परिवार तथा समाज के अलावा देश में अमन चैन की कामनाएं भी कर रहे हैं। इस बार राम नगरिया के मेले में व्यवस्थायें तो की गईं, मगर आधी व्यवस्थायें काल्पवासियों की आंखों में शूल बनकर चुभ रही हैं। यहां मेला प्रशासन तथा अधिकारियों की लापरवाही के चलते गंदगी का साम्राज्य देखा जा रहा है। कहने के लिए भले ही व्यवस्थाएं की गई हों, लेकिन मेला स्थल तथा गंगा में गंदगी का स्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। परिणामस्वरुप साधू संतों तथा कल्पवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है। बताते हैं जिस स्थान पर साधु संत कल्पवास कर रहे वहां से कुछ दूरी पर शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। जब हवाओं का दौर उल्टा होता तो जलते शवों की बदबू कल्पवासियों का हाल बेहाल कर देती है। बताते हैं यहां पूर्व में भी कल्पवासियों ने काल्पवासस्थल से शवों का अन्तिम संस्कार दूर कराए जाने की मांग की थी। अफसोस काल्पवासियों की समस्याओं को अनदेखा किया गया। परिणामस्वरुप लगातार गंदगी का बढ़ता साम्राज्य कल्पवासियों के लिए मुश्किलों का कारण बनता जा रहा है। शनिवार को इसका उदाहरण भी देखने को मिला। जिस पवित्र गंगा की जलधारा में साधू संत स्नान करते हैं उसी में गोवंश का शव पड़ा देखा गया। यह मृत गौवंश कल्पवासियों की मुश्किलों का कारण बना हुआ है। मेला प्रशासन की लापरवाही पर कल्पवासियों ने अफसोस जताते हुए कहा ऐसा लगता जैसे राम तेरी गंगा मैली हो गई पापियों के पाप धोते धोते।

### युवक ने गृहकलह से क्षुब्ध होकर पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शम्भू नगला निवासी सुमित कुमार उम्र 20 वर्षीय पुत्र शैलेन्द्र ने घरेलू कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में नगर के सीएचसी मे लेकर आये। जहां डाकटर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# सीडीआर के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा का दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारत स्काउट** गाइड बेसिक एवं एडवांस कोर्स प्रशिक्षण में शनिवार को भारतीय पाठशाला में जिला प्रशिक्षण आयुक्त डा0 जितेन्द्र कुमार यादव ने सीडीआर की सहायता से हृदय को पुर्नवास कराने का प्रशिक्षण दिया। सीडीआर के द्वारा मनुष्य को ए,बी,सी, एवं सी,ए,बी, पद्धति के द्वारा ठीक किया जा सकता है। प्रशिक्षकों ने अलग-अलग विषय को पढ़ाया। विवेक कुमार ने फायर के बारे में विस्तार से बताया। स्काउट के परम्परागत चिन्ह की जानकारी मोहम्मद समीम के द्वारा दी गई। कंटूर लाइट सुनील द्विवेदी, फर्स्ट एण्ड का निर्माण एवं उपयोग कुसुम चौहान ने दिया। ऊंचाई एवं दूरी का अनुमान लगाया रामपाल गिरी ने संगठन की जानकारी विपिन मिश्रा ने दी। स्काउट के साहित्य का वर्णन कृष्ण कुमार ने दिया। हाइक की विस्तृत जानकारी एवं योजना के बारे में मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने दिया। रविवार को मेला रामनगरिया के सांस्कृतिक पाण्डाल में स्काउट गाइड का कार्यक्रम एवं अनुशासन के संबंधित होगा। वीना गौतम ने ट्री बनाया। भारती मिश्रा एवं चमन शुक्ला व पुष्पा सिंह ने प्रेरक गीतों को सुनाकर सबका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल, पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा, योगेश कुमार, सुधीर कुशवाहा, वैभव सोमवंशी, गौरी राजपूत, नीरु, रुबी, अंजली गौतम, स्वीटी वर्मा, सीवा, हिमलेश, ममता यादव, सुनील कुमार, श्रवण कुमार मिश्रा, डा0 यशवंत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थी — समृद्धि न्यूज

# मण्डी में आलू की अच्छी बिकवाली से किसानों के चेहरे खिले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शनिवार को** सातनपुर मण्डी में आलू का भाव सामान्य रहा। लगभग 150 मोटर की आमद रही। गड्डु निबल आलू 551 रुपये से 651 रुपये कुंटल बिका। सुपर पीली मिट्टी का आलू 651 से 721 रुपए कुंतल में बिका। छट्टा छिले हुए आलू 781 से 811 रुपए कुंटल और सुपर छट्टा बगैर छिले हुए 821 से 871 रुपए कुंटल की बिकवाली हुई। खरीददारी के लिए बाहर के व्यापारी भी मण्डी में डंटे रहे। कोल्ड स्टोरेज में आलू भरने के लिए आम व्यापारियों ने भी आलू खरीदा। साथ ही मण्डी रोड पर हाईमास्ट लाइटें लगाने व खराब लाइटे सही करने की मांग की गई। साथ ही मण्डी में कूड़े के ढेर लगे हुए है। जिसकी सफाई व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है। जिस कारण आढ़तियों में रोष है। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने मांग की है कि शीघ्र लाइटें लगायी जाये और सफाई करायी जाये।


मण्डी में लगा आलू

# पांचाल सेवा नगरी द्वारा मेला रामनगरिया में भण्डारे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला रामनगरिया** में पांचाल सेवा नगरी संस्था की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साधु सन्यासियों व कल्पवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के अध्यक्ष राहुल वर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। मेला रामनगरिया में यह संस्था का दूसरा कल्पवास है। प्रत्येक कार्यकर्ता कल्पवासियों की सेवा सहयोग तथा गंगा स्वच्छता के लिए समर्पित है। इस मौके पर प्राचार्य शालनी, शिल्पी सिंह, नीरज, मनीष वर्मा, अमन, सुमित कुमार, विकास, नरसिंह कश्यप, अमित प्रकाश, अंशु, वैभव सक्सेना, नितिन गुप्ता, संदीप आर्य आदि मौजूद रहे। संस्था संरक्षक जगदीश वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।


भण्डारे में प्रसाद छकते साधु-संत

# मनुष्य के कल्याण के लिए वेदों की जानकारी बहुत जरुरी: चन्द्रदेव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला रामनगरिया** के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में आज वेद रक्षा सम्मेलन का आयोजन हुआ। विद्वानों ने वेदों की महत्ता पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। शिविर के संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि वेद श्रष्टि का संविधान है क्यों कि ईश्वर ने संसार की रचना करने के साथ ही मनुष्य के कल्याण के लिए वेद रूपी ज्ञान चार ऋषियों के अंतःकरण में प्रकट किया। कालांतर ने यही ज्ञान गुरु परम्परा से होता हुआ लिपिबद्ध रूप से हमारे सामने प्रकट हुआ। जब तक वेदों का पढ़ना इस देश में जारी रहा, तब तक ये देश विश्वगुरू के रुप में संसार मे प्रतिष्ठित रहा। महाभारत काल के बाद वैदिक मर्यादाएं टूटने लगीं और मुगलकाल आते-आते वेदों का पठन-पठान छूट गया। जिसके परिणाम स्वरूप अनेको मतमतान्तरों का जन्म हुआ और समाज का सांस्कृतिक तथा वैचारिक पतन प्रारम्भ हुआ। स्वामी महेन्द्रानंद ने कहा कि वेदों के मार्ग पर चलकर ही पुनः भारत को विश्वगुरु बनाया जा सकता है। धर्मवीर शास्त्री ने वेद की महत्ता के गीत सुनाकर लोगों को वेद से जोड़ा। उनके गीत जिस दिन वेद के मंत्रों से धरती को सजाया जाएगा उस दिन मेरे गीतों का त्यौहार मनाया जाएगा। प्रदीप शास्त्री व उदिता आर्या ने वेदों की महिमा के गीत सुनाए। शिविर के संयोजक डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने बताया कि 11 फरवरी को वैदिक क्षेत्र से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें विभिन्न अखाड़ों के साधु सन्यासी व कई जनपदों के आर्यजन भाग लेंगे। कार्यक्रम में स्वामी संजीवनंद, स्वामी देवानंद, राजकुमार आर्य, सत्येंद्र शास्त्री, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, प्रवल आर्य, हर्ष आर्य, उत्कर्ष आर्य, प्रशांत आर्य, रेनू आर्या, रत्नेश द्विवेदी, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।



भजन प्रस्तुत करते आचार्य — समृद्धि न्यूज

# नियमित अभ्यास करने से मिलती है सफलता: सुमन त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बोर्ड परीक्षा** में विद्यार्थी ऑब्जेक्टिव प्रश्नों को रोजाना पढ़ें, लेशन को पढ़ें, हाईस्कूल में सेन्ट्रल आइडिया पोयम को तैयार करें। सप्लीमेंट्री में रीडर च्वाइस प्रश्न आयेंगे। यह पांच नम्बर के होंगे। तीन प्रश्न वास्तुनिष्ठ पर आयेंगे। ऑब्जेक्टिव की तरह तीन में से दो प्रश्न अनिवार्य करना है। इसमें पढ़ने की बहुत आवश्यकता है। ग्रामर में बच्चे अभ्यास बराबर करें। मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या अंग्रेजी प्रवक्ता सुमन त्रिपाठी ने यूपी बोर्ड परीक्षा के विषय में बताया कि छात्र लगातार अभ्यास करते रहे। जिससे उन्हें कोई भी अंग्रेजी के प्रश्न पत्र में असुविधा न हो। कक्षा 12 में प्रोज, पोइट्री, ग्रामर, विस्तास हेल्प बुक है। प्रोज में से पांच प्रश्न आयेंगे, यह दस नम्बर का प्रश्न होता है। सप्लीमेंटी बुक में से 40 नम्बर का प्रश्न आता है। ग्रामर में लेटर, एडिटर के लिए कम्प्लेंट लेटर, जॉब लेटर आदि लिखने होते हैं, यह 10 नम्बर के प्रश्न हैं। ऑर्टिकल 100 से 150 शब्दों का लिखने को आता है। किसी भी विषय पर लिखे। वर्णात्मा, तर्कशीलता, जीवन परिचय आदि प्रश्न बोर्ड परीक्षा में आते हैं। यह प्रश्न 10 नम्बर का होता है। वस्तुनिष्ठ ऑब्जेक्टिव प्रश्न होते हैं। फेजल वर्क अंग्रेजी में विलोम शब्द, अनेक शब्दों के एक शब्द के प्रश्न 10 नम्बर के होते है। ट्रांसलेशन हिन्दी से अंग्रेजी में आते हैं जो 10 नम्बर के होते हैं। ऑल ओवर ग्रामर डायरेक्ट व इनडायरेक्ट के बारे में जानकारी होनी चाहिए। कम्बीनेंस सटेंश, रुपांतरण, श्लेषण, करेक्शन, ऑफ द रेह को शुद्ध करना आदि परीक्षा में आता है। यह 10 नम्बर के प्रश्न होते हैं। पूरा प्रश्न पत्र 100 नम्बर का होता है। नियमित अभ्यास करने से अंग्रेजी में सब कुछ याद हो जाता है। छात्राएं प्रत्येक लेशन को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़े, तभी उन्हें अंग्रेजी विषय में सफलता मिल पायेगी।


अंग्रेजी प्रवक्ता सुमन त्रिपाठी

# ...और तुझे टेडी बियर बनाकर हमेशा अपने पास रख लूं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हर साल** 10 फरवरी के दिन टेडी बियर-डे मनाया जाता है। इस दिन का मकसद एक दूसरे को टेडी देना है और वह अपने दिल की बात कहते है। वैलेंटाइन वीक में टेडी के दिन आप अपने साथी को प्यारा और क्यूट सा टेडी बियर गिफ्ट कर सकते है। मार्केट में हर कीमत के टेडी बियर उपलब्ध है। अपने पार्टनर के चेहरे पर मुस्कान लाने का सबसे बड़ा अच्छा दिन टेडी-डे है। 14 फरवरी को वैलेंटाइन-डे है। इससे पहले पूरे वीक कोई न कोई खास दिन सेलिब्रेट किया जाता है। 10 फरवरी यानी टेडी-डे है। दरअसल अपने प्यार को दर्शाने के लिए कई बार पार्टनर एक दूसरे को तोहफा देते हैं। गिफ्ट देने से न केवल दोनों के बीच प्यार बढ़ता है बल्कि रिश्ता भी मजबूत होता है। ऐसे में वैलेंटाइन-डे वीक में टेडी-डे के दिन आप अपने साथी को प्यारा टेडी गिफ्ट कर सकते है। दिल करता है तुम्हें अपनी बाहों में भर लूं। तुझे टेडी बियर बनाकर हमेशा अपने पास रख लूं। तेरी मेरी दोस्ती का अफसाना भी है। इसमें प्यार का खजाना भी है। यह शायरी टेडी-डे पर बिलकुल सटीक बैठती है। अपने हर रिश्ते में विश्वास लाने के लिए टेडी देना एक माध्यम है। इससे पार्टनर खुश होता है। आम तौर पर लोग अपने बच्चों या परिजनों को भी टेडी-डे पर टेडी भेंट कर सकते है। क्योंकि परिवार में भी इस पर्व को मना सकते है, क्योंकि बच्चे टेडी पाकर बहुत खुश होते है। ऐसे में तरह-तरह के टेडी बियर आकर्षण का केंद्र है। इस टेडी-डे पर बच्चों में भी उत्साह देखने को मिलता है।

# चाइनीज मांझा की बिक्री अपराध की श्रेणी में घोषित हो: व्यापार मण्डल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**तहसील व्यापार** मण्डल के अध्यक्ष राजकुमार गौतम ने कोतवाली पहुंचकर निरीक्षक को चाइनीज मांझा बिक्री पर अपराध घोषित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारी नेता राजकुमार गौतम ने मांग की है कि चाइनीज मांझा बेंचने वालों पर कड़ी कार्यवाही हो। चाइनीज मांझा को लेकर कई घटनायें घटित हो चुकी है। लोग इसमें फंसकर अपंग हो जाते है, गर्दन कट जाती है और शरीर को क्षतिग्रस्त कर देता है, इसलिए इस मांझे को प्रतिबंध करते हुए चाइनीज मांझा बेंचने वालों पर कार्यवाही हो। बसंत पंचमी का त्योहार नजदीक आ रहा है। इसलिए चाइनीज मांझा की बिक्री को अपराध की श्रेणी में मानते हुए प्रतिबंधित घोषित किया जाये। इस मौके पर जितेन्द्र अग्रवाल, विनय मिश्रा, अजय मेहरोत्रा सौरभ अग्रवाल, सनी गुप्ता, रामबाबू गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।


कोतवाल को ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते व्यापारी नेता

**श्रद्धांजलि** | विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में ब्रह्मदत्त को दी श्रद्धांजलि

# संकल्प दिवस के रुप में मनायी गई स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी की पुण्यतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्व0 ब्रह्मदत्त** द्विवेदी की पुण्य तिथि पर उन्हें याद किया गया। लोहाई रोड स्थित भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में हवन पूजन के साथ पुण्य तिथि मनायी गई। पुण्य तिथि में परिवार के लोगों ने आहूतियां देकर स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी की आत्मा की शांति के लिए दुआ की। पूर्व ऊर्जा मंत्री स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने राम मंदिर आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया था और उन्होंने राम मंदिर की भूमि मंदिर के नाम रजिस्ट्र्ड कराने की पहल की थी। 10 फरवरी शनिवार को पुण्य तिथि पर बड़ी संख्या में भाजपा के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। पुण्य तिथि को संकल्प दिवस के रुप में मनाया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने विधि विधान से हवन सम्पन्न कराया। इस अवसर पर अनीता द्विवेदी, प्रियांक द्विवेदी, सुधेश दुबे, श्वेता दुबे, प्रीती तिवारी, बबिता पाठक, सुमन राठौर, मीरा सिंह, चित्रा अग्निहोत्री, डा0 हरिदत्त द्विवेदी, ज्ञानेश गौड़, रामनरेश दीक्षित, अनिल सिंह, सुनील मिश्रा, विक्रांत सिंह राना, रुपेश गुप्ता, डीएस राठौर, परशुराम वर्मा, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे। लखनऊ में सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पूर्व मंत्री स्व0 ब्रह्मदत्त के द्वारा राम मंदिर के कार्यों एवं राजनैतिक क्षेत्र में उनका योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी।


हवन में आहूतियां देते परिवार के लोग व अन्य

# जनजातीय जीवनशैली जलवायु परिवर्तन का समाधान: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली। एजेंसी**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि जनजातीय समुदाय की जीवनशैली ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक समस्या का समाधान प्रदान करती है।राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन करने के बाद कहा जनजातीय समुदायों से प्रकृति के साथ सद्भाव से रहना सीखने की जरूरत पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने का प्रयास कर रहा है, तब जनजातीय समुदाय की जीवनशैली और भी अनुकरणीय हो जाती है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ ने धरती मां और प्रकृति को बहुत नुकसान पहुंचाया है। अंधाधुंध विकास की होड़ में एक ऐसा वातावरण बना दिया गया, जिसमें यह सोच उत्पन्न हुई कि बिना प्रकृति को नुकसान पहुंचाए प्रगति संभव ही नहीं है। हालांकि सच्चाई इसके विपरीत है। दुनिया भर में जनजातीय समुदाय सदियों से प्रकृति के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रह रहे हैं। हमारे जनजातीय भाई-बहन अपने जीवन के हर पहलू में आसपास के परिवेश, पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं का ध्यान रखते रहे हैं। हमें उनकी जीवनशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश विविधताओं से परिपूर्ण है।

इस विविधता में एकता का भाव हमेशा मौजूद रहा है। इस भावना का कारण हमारी एक-दूसरे की परंपराओं, वेश-भूषा, खान-पान और भाषा को जानने, समझने और अपनाने का उत्साह है। एक-दूसरे के प्रति सम्मान की यही सम्मान का भाव हमारी एकता के मूल में है। आदि महोत्सव में विभिन्न राज्यों की जनजातीय संस्कृति और विरासत का अनूठा संगम देखकर वह बहुत खुश हुईं। उन्होंने कहा कि यह देश के कोने-कोने के आदिवासी भाई-बहनों की जीवनशैली, संगीत, कला और खानपान से परिचित होने का अच्छा अवसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस महोत्सव के दौरान लोगों को आदिवासी समाज के जीवन के कई पहलुओं को जानने और समझने का अवसर मिलेगा राष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिक युग की एक महत्वपूर्ण देन प्रौद्योगिकी ने हमारे जीवन को आसान बना दिया है। यह ठीक नहीं है कि हमारा जनजातीय समुदाय आधुनिक विकास के लाभ से वंचित रहे। उनके योगदान ने देश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भविष्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि हम प्रौद्योगिकी का उपयोग समाज के सभी लोगों, विशेषकर वंचित वर्गों के सतत विकास और सर्वांगीण विकास के लिए करें।राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के पास पारंपरिक ज्ञान का अमूल्य भंडार है।यह ज्ञान दशकों से पारंपरिक रूप से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होता रहा है। हालांकि अब कई पारंपरिक कौशल खत्म होते जा रहे हैं। यह ज्ञान परंपरा लुप्त होने के कगार पर है। जिस तरह कई वनस्पतियां और जीव-जंतु विलुप्त हो रहे हैं, उसी तरह पारंपरिक ज्ञान भी हमारी सामूहिक स्मृति से गायब हो रहा है। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि हम इस अमूल्य निधि को संचित करें और आज की आवश्यकता के अनुसार इसका उचित उपयोग भी करें। इस प्रयास में प्रौद्योगिकी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

राष्ट्रपति ने अनुसूचित जनजातियों के लिए वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ-एसटी) के शुभारंभ की सराहना की।

उन्होंने विश्वास जताया कि इससे एसटी समुदाय के लोगों के बीच उद्यमिता और स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आदिवासी समुदाय के युवाओं से आग्रह किया कि वे इस योजना का लाभ उठाकर नये उद्यम स्थापित करें।

### अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का दौरा करेंगी राष्ट्रपति


**पोर्ट ब्लेयर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की पांच दिवसीय यात्रा पर 19 फरवरी को यहां पहुंचेंगी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2022 में भारत के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद मुर्मू की यह द्वीपसमूह की पहली यात्रा होगी। राष्ट्रपति 19 फरवरी को दोपहर करीब एक बजे पोर्ट ब्लेयर में 'आईएनएसउत्क्रोश' पहुंचेंगी जहां उनका स्वागत लेफ्टिनेंट गवर्नर एडमिरल (सेवानिवृत्त) डी. के. जोशी, अंडमान और निकोबार कमांड (सीआईएनसीएएन) के कमांडर-इन-चीफ एयर मार्शल साजु बालाकृष्णन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 19-23 फरवरी तक अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति सेल्युलर जेल, स्वराज द्वीप जिसे हैवलॉक द्वीप समूह के नाम से जाना जाता है, कैम्पबेल बे, इंदिरा प्वाइंट (भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु) का दौरा करेंगी। द्वीप के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए वह विभिन्न समुदायों और अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगी। राष्ट्रपति की द्वीपसमूह की निर्धारित यात्रा के तहत केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने की बोनस की घोषणा

**लखनऊ।** एमएसएमई, अफोर्डेबल हाउसिंग, कंस्ट्रक्शन फाइनेंस सेगमेंट जैसे विविध क्षेत्रों में कार्यरत विविधीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) कंपनी कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के निदेशक मंडल ने स्टॉक स्प्लिट और शेयरधारकों को 1 इक्विटी शेयर पर 1 बोनस शेयर देने की मंजूरी दे दी है। कंपनी बोर्ड ने सार्वजनिक निर्गम/निजी प्लेसमेंट के माध्यम से किश्तों में 500 करोड़ रुपये तक की राशि के लिए नॉन कनवर्टिबल डिबेंचर जारी करने को भी मंजूरी दे दी है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 27 जनवरी को हुई बोर्ड मीटिंग में 2 रुपए के फेसवैल्यू के फुल्ली-पेडअप एक इक्विटी शेयर को 1 रुपए के फेसवैल्यू के 2 फुल्ली-पेडअप इक्विटी शेयर में उप-विभाजित करने की मंजूरी दी है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 1 इक्विटी शेयर पर 1 बोनस शेयर देने को भी मंजूरी दे दी है।

### फीनिक्स पलासियो में वेलेंटाइन डे पर विशेष आयोजन



**लखनऊ।** फेवरिट शॉपिंग और लीजर एक्टिविटीज सेंटर बन चुका फीनिक्स पलासियो अपने शॉपर्स के लिए वेलेंटाइन डे पर खास आयोजन कर रहा है। प्यार का मौसम दस्तक दे चुका है और प्यार का इज़हार करने के लिए इससे बेहतर मौका और क्या हो सकता है? तो तैयार हो जाइए, फीनिक्स पैलेसियो के सेलिब्रेट लव कैंपेन के साथ प्यार के जादू में खो जाने के लिए। इस कैंपेन में शानदार सजावट, इंटरैक्टिव गतिविधियाँ और आकर्षक पुरस्कार शामिल हैं, जो निश्चित रूप से आपके दिल को छू लेंगे। प्यार के इस मौसम मेंअपने प्यार का इजहार करने का इससे अच्छा वक्त और क्या हो सकता है? फीनिक्स पलासियो में सेलिब्रेट लव के साथ प्यार के जादू में खो जाइए, जहां आपको इंटरैक्टिव गतिविधियां, आकर्षक पुरस्कार और दिल को मोह लेने वाली सजावट देखने को मिलेंगी।

### चौधरी चरण सिंह का नहीं होने दूंगा अपमान : धनखड़

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने को लेकर राज्यसभा में शनिवार को चर्चा चल रही थी। इस बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस के अन्य सदस्य हंगामा करने लगे। इसको देखते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने खड़गे का नाम लेते हुए कहा कि आप बैठ जाएं, मैं सदन में चौधरी चरण सिंह का अपमान नहीं होने दूंगा। धनखड़ ने कहा कि आप को तो प्रसन्नता होनी चाहिए कि चौधरी साहब को भारत रत्न दिए जाने का फैसला हुआ है लेकिन आप लोग सदन की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। सदन में बढ़ते हंगामे को देखते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्षी दलों के सदस्यों ने चौधरी साहब का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। गोयल ने कहा यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय किया है।

### पाकिस्तान में पीपीपी के हिंदू नेता महेश मलानी चुनाव जीते

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय बेनजीर भुट्टो की विरासत वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के हिंदू उम्मीदवार महेश कुमार मलानी सिंध प्रांत की एनए-215 सीट से चुनाव जीत गए हैं। 2018 के चुनाव में वह पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के टिकट पर दक्षिणी सिंध प्रांत में थारपारकर सीट (एनए-222) से चुने गए थे। मलानी उन नेताओं में शुमार हैं जिनकी पैठ थारपारकर में न सिर्फ हिंदू बल्कि मुस्लिम समुदाय के बीच भी अच्छी खासी है। वो पार्टी के पुराने नेता हैं। चुनाव में उन्हें करीब एक लाख 32 हजार से ज्यादा वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस के अरबाब गुलाम रहीम को एक लाख 13 हजार 346 वोट मिले।

## प्रधानमंत्री मोदी लगाएंगे हैट्रिक, अबकी बार 400 पार: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** बजट सेशन के अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शनिवार को संसद में भगवा रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने एक भगवा रंग की हुडी पहन रखी थी, जिसमें नमो हैट्रिक लिखा हुआ था। केन्द्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी हैट्रिक लगाएंगे और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार नरेन्द्र मोदी तीसरी बार चुनकर आएंगे तो देश के गरीबों का और कल्याण करेंगे। लोकसभा चुनाव के बारे में अनुराग ठाकुर ने कहा कि पार्टी गरीबों के कल्याण और देश के विकास को लेकर जनता के बीच में जाएगी। अनुराग ठाकुर ने कहा राम मंदिर हमारे लिए आस्था का केंद्र था, है और रहेगा। राम जी का आशीर्वाद पहले भी था और आगे भी रहेगा। हमने तारीख की घोषणा की और राम मंदिर का निर्माण किया।

## चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा पर पैतृक गांव में जश्न

**हापुड़, एजेंसी।**

केंद्र सरकार की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा करने के बाद उनकी जन्मस्थली नूरपुर की मढ़ैया में जश्न का माहौल है। पूर्व प्रधानमंत्री को भारत रत्न दिये जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीण झूम उठे और पूरे गांव में ढोल नगाड़ों के साथ मिठाइयां बांटी और गांव में जश्न मनाया जा रहा है। उनके परिवार के सदस्यों ने इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उधर गांव की महिलाओं ने भी गीत गाते हुए नृत्य किया और मिठाईयां बांटी, पूरे गांव में दीपावली जैसा माहौल है? चौधरी चरण सिंह का जन्म हापुड़ के बाबूगढ़ छावनी स्थित नूरपुर की मढ़ैया में 23 दिसम्बर 1902 को हुआ था। हापुड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव नूरपुर में भारत रत्न की घोषणा के बाद से गांव में राजनीतिक लोगों का आना शुरू हो गया और ग्रामीणों ने जमकर खुशियां मनाई। जयंत चौधरी के चचेरे भाई व भारतीय जनता पार्टी के विधायक हरेन्द्र चौधरी एवं उनकी ब्लाक प्रमुख पत्नी ममता चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए खुशियां मनाई। गांव में पूर्व उप प्रमुख सुमेर सिंह ने बताया, प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा से गांव में उत्साह का माहौल है। सब राजनीतिक दल केवल फर्जी बातें करते थे, परन्तु मोदी जी ने ही चौधरी साहब को भारत रत्न देने की घोषणा से सबका दिल जीत लिया है। गांव प्रधान पद्म सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री को भारत रत्न की घोषणा से भाजपा ने सिद्ध कर दिया कि केवल भाजपा ही जाटों की असली हितैषी है, गांव में सभी लोग भाजपा का आभार व्यक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह के साथ-साथ कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने की घोषणा की।

## आईएनडीआईए को झटका पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ेगी आप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए को आम आदमी पार्टी ने एक और झटका दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब के खन्ना में एक कार्यक्रम के दौरान घोषणा कि उनकी पार्टी पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर भी अपना प्रत्याशी उतारेगी। केजरीवाल की इस घोषणा पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में आईएनडीआईए पर तंज कसते हुए कहा कि गठबंधन का ढांचा चरमरा रहा है। इस गठबंधन का कोई मिशन नहीं, कोई विजन नहीं है। इस गठबंधन का मकसद सिर्फ कमीशन और भ्रष्टाचार करना, सिर्फ भ्रम और विरोधाभास पैदा करना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा अजीब है। यह न्याय यात्रा के बजाय अलविदा यात्रा ज्यादा है। उन्हें इसके बजाय आईएनडीआईए जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए।

## महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था खराब लगे राष्ट्रपति शासन: उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।**



शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। राजनेताओं पर हमले के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। इसको देखते हुए राज्य सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। उद्धव ने कहा कि इस तरह की मांग को लकर वे राज्यपाल के पास नहीं जाएंगे, क्योंकि राज्यपाल पद से उनका विश्वास ही उठ गया है, इसलिए वे इस तरह की मांग पत्रकारों के समक्ष कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने पत्रकार वार्ता के दौरान दहिसर में हुई अभिषेक घोसालकर हत्या मामले की जांच में भी तथ्यों को छिपाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सिर्फ अभिषेक पर गोली लगने का सीसीटीवी फुटेज दिखाया जा रहा है, जबकि गोली चलाने वाले और मोरिस नरोन्हा के आत्महत्या करने का सीसीटीवी फुटेज जानबूझकर नहीं दिखाया जा रहा है। इसलिए इन दोनों की हत्या करवाए जाने की शंका को बल मिल रहा है।पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि राज्य में गुंडे और बदमाशों को राज्याश्रय दिया जा रहा है साथ ही उन्हें पुलिस संरक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कल्याण में गणपत गायकवाड़, जलगांव में भाजपा के पूर्व पार्षद की हत्या और दहिसर में अभिषेक की हत्या इसी का नतीजा है। उन्होंने दहिसर में अभिषेक घोसालकर पर गोली चलाए जाने के बाद उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया पर भी जोरदार निशाना साधा है।

## आकाशदीप: जिनकी टीम इंडिया स्क्वॉड में हुई एंट्री गेंद से करते हैं कमाल

**मुंबई,एजेंसी।** बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज के अंतिम तीन मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। इस स्क्वॉड में पहली बार तेज गेंदबाज आकाशदीप को शामिल किया गया है। बिहार में जन्मे आकाशदीप बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्हें तेज गेंदबाज आवेश खान की जगह टीम में शामिल किया गया है

बता दें कि, आवेश खान टीम में बैकअप पेसर के रूप में शामिल थे। 27 साल के आकाशदीप को टेस्ट में डेब्यू का मौका मिल सकता है। इस समय भारतीय टेस्ट स्क्वॉड में दो बिहार के खिलाड़ी शामिल हैं जो बंगाल की ओर से डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते हैं। मुकेश कुमार बिहार के गोपालगंज जिले के हैं जबकि आकाश दीप रोहतास से ताल्लुक रखते हैं। दाएं हाथ के मिडियम पेसर आकाश दीप को इससे पहले लिमिटेड ओवर स्क्वॉड में भी शामिल किया गया था।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने मार्क वुड की जगह शमर जोसेफ को किया टीम में शामिल




**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

सुपर जायंट्स ने शनिवार को आईपीएल 2024 में इंग्लैंड के चोटिल खिलाड़ी मार्क वुड की जगह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ को अपनी टीम में शामिल किया है। आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से इसकी पुष्टि की और बताया कि शमर जोसेफ को 3 करोड़ में खरीदा गया है। आईपीएल वेबसाइट ने कहा कि, लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के आगामी सीजन के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह पर शमर जोसेफ को नामित किया है।

जोसेफ 3 करोड़ रुपये में एलएसजी में शामिल होंगे। स्पीडस्टर हाल हीम में वेस्टइंडीज के दौरान सबसे आगे थे। गाबा में टेस्ट जीता। उन्होंने दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिय में वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत दर्ज की। आईपीएल में जोसेफ का ये पहला कार्यकाल होगा।

**कौन है शमर जोसेफ**

बता दें कि, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई 2 टेस्ट मैचों सीरीज में सभी को प्रभावित किया। गुयाना के छोटे से गांव बाराकार में जन्मे शमर जोसेफ पांच भाइयों और तीन बहनों वाले एक बड़े परिवार में पले बढ़े। बाराकारा में उनका प्रारंभिक जीवन गुजरा है।

## एशियाई चैंपियनशिप के लिए कुश्ती ट्रायल की तारीख का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



आगामी ओलंपिक क्वालिफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा। यह जानकारी इस खेल का प्रबंधन कर रही तदर्थ समिति ने दी। इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन 'अपरिहार्य परिस्थितियों' के कारण सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया। महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे। भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने एक बयान में कहा, आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च, 2024 को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी।'' समिति ने कहा, '' इससे पहले ट्रायल को 27 से 29 फरवरी 2024 के बीच आयोजित करने की घोषणा की गयी थी लेकिन अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण 2023 सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन में देरी के कारण ट्रायल्स को स्थगित किया जा रहा है। ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और नौ से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अंतिम (53 किग्रा) को 2024 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने के लिए सीधे प्रवेश दिया जाएगा। भारत ने अब 53 किग्रा महिला कुश्ती वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। यह कोटा अंतिम ने 2023 सीनियर विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर हासिल किया था। भारतीय पहलवान अभी 17 कोटा (महिला कुश्ती में पांच, ग्रीको रोमन में छह और फ्रीस्टाइल में छह) हासिल कर सकते हैं। पिछले साल 21 दिसंबर को संजय सिंह की नवनिर्वाचित संस्था को सत्ता में आने के तीन दिन बाद ही खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया था और कुश्ती का कामकाज देखने के लिए फिर से आईओए का तदर्थ पैनल बनाया गया।

### ओलंपिक पेरिस 2024: पेरिस ओलंपिक में विजेताओं को मिलेगा एफिल टावर का टुकड़ा

**पेरिस।** दुनिया भर के एथलीट्स जमावड़ा जल्द ही पेरिस में लगने वाला है। दरअसल, इस बार ओलंपिक पेरिस में आयोजित होंगे जिनके मेडल बेहद खास होने वाले हैं। पोडियम फिनिशर्स को एफिल टावर के एक पीस से नवाजा जाएगा। इस बार विजेता एथलीट्स एफिल टावर का एक टुकड़ा अपने घर ले जाएंगे। पेरिस 2024 के क्रिएटिव डायरेक्टर थिएरी रेबौल के मुताबिक, इसके माध्यम से खेल को फ्रांस के प्रतीकों से जोड़ा जा सकेगा। थिएरी रेबौल ने कहा है कि, पेरिस और फ्रांस का प्रतीक एफिल टावर है। ये एथलीटों को पेरिस का एक टुकड़ा अपने साथ घर लेकर जाने का मौका दे सकेगा। दरअसल, हर ओलंपिक में मेडल का कोई ना कोई थीम होती है। पिछली बार टोक्यो 2020 में मेडल प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में मेडल्स को कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से निकाली गई धातु से बनाया गया था। इस प्रोजेक्ट के तहत जापानी नागरिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस दान कर रहे थे। जबकि इस बार मेडल के डिजाइन में एफिल टावर को जोड़ा गया है। ये एक तरह से पेरिस और फ्रांस को एक मार्मिक श्रद्धांजलि के रूप में दिया जा रहा है। ये मेडल टॉवर से मिले स्क्रैप धातु से तैयार किए गए हैं।

**शुभारंभ** | नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

## धर्मेंद्र प्रधान ने विश्व पुस्तक मेला का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली। एजेंसी**



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 52वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला (एनडीडब्ल्यूबीएफ) का शुभारंभ किया। इस बार मेले की थीम बहुभाषी भारत- एक जीवंत परंपरा है। उन्होंने इस मौके पर नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का भी उद्घाटन किया।केंद्रीय मंत्री प्रधान ने इस मौके पर कहा कि नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले के 52वें संस्करण के शुभारंभ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विविधता और वैश्विक साहित्यिक परंपराओं का जश्न मनाते हुए, एनडीडब्ल्यूबीएफ 2024 साहित्य, विविध संस्कृतियों, कलात्मक अभिव्यक्तियों और ज्ञान का एक सामंजस्यपूर्ण सम्मेलन है। इस बार ई-लर्निंग के प्रति उत्साह को देखते हुए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत की गई है। नेशनल ई-लाइब्रेरी विभिन्न प्रकार की गैर-शैक्षणिक पुस्तकों तक पहुंचने के लिए अपनी तरह की पहली डिजिटल लाइब्रेरी है। बच्चों और किशोरों के लिए पुस्तकें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण कथन, जब नागरिक पढ़ते हैं, तो देश आगे बढ़ता है पर आधारित हैं। राष्ट्रीय ई-लाइब्रेरी छात्रों के बीच जीवन भर पढ़ने की आदत को बढ़ावा देगी। छात्र अपनी पसंद की भाषा में विभिन्न प्रकार के साहित्य का अध्ययन कर सकेंगे। यह भारतीय भाषाओं और विदेशी भाषाओं के साहित्य को उजागर करेगी और वसुधैव कुटुंबकम को साकार करने के इरादे से सांस्कृतिक जागरूकता, देशभक्ति और सहानुभूति के भाव को बढ़ावा देगी। राष्ट्रीय ई-लाइब्रेरी में किताबें युवा भारतीयों में गर्व की भावना विकसित करने के लिए भारत के इतिहास, संस्कृति, वैज्ञानिक और अन्य उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करेंगी। राष्ट्रीय ई-लाइब्रेरी में अंग्रेजी के अलावा भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत सभी 23 भाषाओं की किताबें शामिल होंगी। आज तक 30 से अधिक प्रतिष्ठित प्रकाशक मंच से जुड़ चुके हैं, और 1000 से अधिक पुस्तकें अपलोड की जा चुकी हैं।नौ दिवसीय पुस्तक मेले में एक हजार से अधिक प्रकाशक हिस्सा ले रहे हैं। 40 से ज्यादा देशों के प्रकाशक एवं प्रतिनिधि विश्व पुस्तक मेले में हैं। यह बी2सी स्तर का सबसे बड़ा पुस्तक मेला है। विश्व की लगभग सभी भाषाओं के प्रतिनिधि यहां पाठकों के लिए उपलब्ध हैं।प्रगति मैदान के हॉल संख्या 1 से 5 में आयोजित इस पुस्तक मेले में पाठकों को हॉल 1 में विज्ञान, मानविकी और दर्शन की पुस्तकें हैं। हॉल 2 में भारतीय भाषाओं के लेखक विभिन्न साहित्यिक विषयों, पुस्तकों एवं विधाओं पर बात करेंगे। इसके लिए लेखक मंच बनाया गया है। हॉल 3 बच्चों के लिए है, जिसमें बच्चों से जुड़े हर विषय की पुस्तकें, स्टेशनरी, कला एवं शिल्प आदि सामग्री उपलब्ध है। बालमंडप में बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों की व्यवस्था है। हॉल 4 में अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां आयोजित होंगी और हॉल 5 थीम मंडप का है। इस बार की थीम बहुभाषी भारत एक जीवंत परंपरा है, जिसको ध्यान में रखते हुए विश्व पुस्तक मेले में हर आयु वर्ग के लिए हर भाषा की पुस्तकें उपलब्ध हैं।

## विराट इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर, बीसीसीआईने बताया कारण

**मुंबई,एजेंसी।** भारत के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों से भी बाहर हो गए हैं। उन्होंने सीरीज शुरू होने से पहले व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शुरू के दो टेस्ट से नाम वापस लिया था। जिसके बाद अब बीसीसीआई ने अपडेट दिया है कि वो पूरी सीरीज से हट गए हैं। दरअसल, बीसीसीआई ने आधिकारिक जानकारी देते हुए कहा कि, विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शेष सीरीज के लिए चयन के लिए मौजूद नहीं रहेंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। शुक्रवार को कोहली ने बोर्ड को अपनी उपलब्धता के बारे में सूचित किया था। चयनकर्ताओं ने राजकोट, रांची और धर्मशाला में टेस्ट के लिए टीम तय करने के लिए एक ऑनलाइन बैठक की थी। गौरतलब है कि, टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से विराट कोहली ने बात की थी।

## मेदांता अस्पताल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मेदांता अस्पताल, लखनऊ ने रूबरू शीर्षक से एक घटनापूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कैंसर रोगियों का मनोबल बढ़ाना था। कार्यक्रम ने कैंसर रोगियों के अदम्य साहस का सम्मान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद, विभिन्न वक्ताओं ने कैंसर के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान की और कैंसर रोगियों को प्रेरित किया। प्रतिभागियों को कैंसर से बचे लोगों के प्रेरणादायक अनुभवों को सुनने का अवसर मिला। उन्होंने अपनी यात्रा साझा की, जिसमें उन्होंने अपने कैंसर की खोज कैसे की, उपचार के दौरान उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उपचार के बाद भी उन्हें किन संघर्षों का सामना करना पड़ा। यह चर्चा कैंसर रोगियों और उनके परिवारों के लिए प्रेरणा और आशा का स्रोत बन गई। मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों ने सकारात्मकता का प्रसार करने के लिए रूबारू पहल का उपयोग करते हुए रोगियों, उनके परिवारों और समुदायों पर कैंसर के गहरे प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में बोलते हुए, मेदांता अस्पताल, लखनऊ के चिकित्सा निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने कहा, मेदांता अस्पताल ने कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे कई रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। अपने प्रयासों का विस्तार करके, हम कैंसर से प्रभावित लोगों के लिए उपचार प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए समर्पित हैं।